निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स

• बोकारो, बुधवार 13 मई 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 353 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


भारत मंडपम में बोकारो के हिमांश अग्रवाल को सम्मानित करते उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

## लगातार दूसरी बार असम के सीएम बने हिमंत बिस्वा सरमा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली। उनके साथ 4 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इसमें भाजपा के रामेश्वर तेली और अजंता नेओग, एजीपी के अतुल बोरा और बीपीएफ के चरण बोरो शामिल हैं। गुवाहाटी के खानापारा इलाके में वेटरनरी ग्राउंड में आयोजित एक भव्य समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने हिमंता बिस्वा सरमा और चारों विधायकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सुवेंदु अधिकारी, देवेंद्र फडणवीस समेत कई बड़े नेता पहुंचे थे। केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, सर्बानंद सोनोवाल, पवित्र मार्घेरिटा, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन भी मौजूद थे। असम में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। बतौर मुख्यमंत्री हिमंत का यह दूसरा कार्यकाल होगा। जिन विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है उनमें नेओग, बोरा और बोरो सरमा की पहली कैबिनेट के सदस्य थे जबकि तेली, जो पहले केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं, राज्य की राजनीति में वापस लौटे हैं। पिछली सरकार में नेओग वित्त मंत्री थीं जबकि बोरा कृषि विभाग संभाल रहे थे और बोरो के पास परिवहन विभाग था। बता दें कि एनडीए ने 126 सदस्यों वाली विधानसभा में रिकॉर्ड 102 सीटें जीतीं, जिनमें से 82 सीटें भाजपा के खाते में गईं। भाजपा के सहयोगी दलों, असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट ने 10-10 सीटें जीतीं। जैसे ही हिमंत बिस्वा सरमा ने असम के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, सर्वशक्तिमान के आशीर्वाद और असम की जनता के आशीर्वाद का ही नतीजा है कि वे इस मुकाम तक पहुंचे हैं। वे हमेशा एक आम इंसान की तरह रहे हैं और उन्होंने कड़ी मेहनत की है। असम की जनता ने विकास के प्रति उनके विज़न पर भरोसा जताया है। उन्हें भाजपा पर पूरा भरोसा है और हिमंत पर भी पूरा विश्वास है और वे असम की जनता के दिलों में अपनी जगह बनाए रखने के लिए और भी ज़्यादा मेहनत करते रहेंगे। आज हमें गर्व और विनम्रता का अनुभव हो रहा है क्योंकि असम की जनता ने एक बार फिर उन पर भरोसा जताया है और उन्हें यह जनादेश इस विश्वास के साथ दिया है कि वे उनके लिए और भी बहुत कुछ कर सकते हैं।



## एनआईए से हो प्रिंस खान मामले की जांच : मरांडी

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था सिर्फ बिगड़ी नहीं है बल्कि इसे सुनियोजित तरीके से बिगाड़ा गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिलों में विवादित और डेंटेड अधिकारियों की पोस्टिंग की जा रही है जिससे प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मरांडी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के प्रमुख के रूप में ऐसे अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है जिनके खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी और उनके परिवार की संपत्ति तक अटैच हो चुकी है और मामला अदालत में विचाराधीन है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि चाहे मामला गैंगस्टर प्रिंस खान से जुड़ा हो या राज्य के अन्य संगठित अपराधों का, सभी मामलों की निष्पक्ष जांच एनआईए और सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार पूरी तरह मौन है और पुलिस अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रही है। ऐसे में उन्हें इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है।

## बेकाबू बस से कुचलकर दो की मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। रांची-हजारीबाग मुख्य मार्ग पर जुमारपुल से आगे गेतलातु इलाके में एक बेकाबू बस ने दो लोगों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जुट गए। सड़क पर शव पड़े रहने से माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और मृतकों के परिजनों में भारी आक्रोश देखा गया। गुस्साए लोगों ने रांची-हजारीबाग मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया। लोगों का आरोप था कि तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने-बुझाने की कोशिश की ताकि सड़क जाम हटाया जा सके और यातायात सामान्य हो सके। फिलहाल मृतकों की पहचान और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया है और चालक की तलाश शुरू कर दी है। सड़क जाम के कारण रांची-हजारीबाग मार्ग पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई। कई यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। प्रशासन की ओर से लोगों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्थर से कूचकर युवक की हत्या

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के धनसार थाना क्षेत्र स्थित चंद्रमारी ग्राउंड से मंगलवार सुबह एक युवक का शव बरामद हुआ। अपराधियों ने युवक के सिर पर भारी पत्थर से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। शव के पास से एक बाइक भी बरामद की गई है जिससे पुलिस मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही धनसार थाना प्रभारी मनोहर करमाली पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। मृतक की पहचान 21 वर्षीय जितेश रवानी के रूप में हुई है। वह बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के धोवाटांड़ का निवासी था।

### नाले में मिला चार दिनों से लापता मासूम का शव

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कोकर स्थित खोरहाटोली इलाके से लापता हुई 18 महीने की मासूम बच्ची अदिति पांडेय का शव चार दिन बाद नाले से बरामद किया गया है। इस घटना से पूरे इलाके में मातम पसर गया है। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। नौ मई को अदिति अपने घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान वह अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने पहले आसपास और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी।

### केशो जलाशय डैम में वृद्धा का शव मिला

**कोडरमा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत नीमाडीह स्थित निर्माणाधीन केशो जलाशय डैम में वृद्ध महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान मरकच्चो प्रखंड के बड़ा अखाड़ा निवासी सौमित्रा मसोमत के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गांव के कुछ लोग अपने मवेशियों को चराकर लौट रहे थे। उन्हें पानी पिलाने के लिए चेकडैम के पास ले गए थे। इसी दौरान डैम की ऊपरी सतह पर एक महिला का शव तैरता हुआ दिखा।

### सवारी गाड़ी के पलट जाने से अधेड़ की मौत

**हजारीबाग(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कटकमसांडी-डॉटो मार्ग पर चंदवा टोंगरी के पास एक सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में गाड़ी में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति की पहचान चतरा जिले के दुआरी गांव निवासी बिनोद भुइयां (45 वर्ष) के रूप में हुई है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**धनबाद।** जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। यह हादसा जीटी रोड स्थित किसान चौक ओवरब्रिज पर हुआ जहां लोहारबरवा से गोविंदपुर की ओर जा रहे थे। दोनों युवकों की बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ओवरब्रिज पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जुट गई। मृतकों की पहचान राजगंज थाना क्षेत्र के काशीटांड़ (करणपुरा) निवासी निमाई बाउरी और मनोज बाउरी के रूप में हुई है। सूचना मिलने के बाद बरवाअड्डा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक को जब्त कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों युवक किसी रिश्तेदार को टुंडी छोड़ने गए थे और वापस लौटने के दौरान यह हादसा हुआ। इस दर्दनाक घटना से मृतकों के परिवार और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों के अनुसार 13 मई को दोनों युवकों की रिश्ते की चचेरी बहन की शादी होने वाली थी जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। शादी के माहौल के बीच अचानक आई इस दुखद खबर ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। उधर पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

## पीवीयूएनएल पतरातू में यूनिट-2 का सफल ट्रायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पतरातू (रामगढ़)।** झारखंड के रामगढ़ जिले के पतरातू स्थित पीवीयूएनएल प्लांट में 11 मई 2026 को शाम 7:15 बजे 800 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट-2 का सफलतापूर्वक ट्रायल ऑपरेशन किया गया। इस सफलता के साथ यूनिट-2 के नियमित संचालन और कमर्शियल ऑपरेशन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस यूनिट के शुरू होने से झारखंड सहित अन्य राज्यों में गर्मी के मौसम के दौरान बढ़ी हुई बिजली मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी। इससे बिजली संकट को कम करने में अहम भूमिका निभाई जाएगी। रामगढ़ जिले के पतरातू प्रखंड स्थित पीवीयूएनएल के दूसरा यूनिट का सफलता पूर्वक ट्रायल हुआ। इस यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इससे पहले यूनिट 1 से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। अब रामगढ़ जिले के पतरातू पीवीयूएनएल से 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन होगा। इसमें झारखंड राज्य को 1360 मेगावाट बिजली मिलेगा। गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ी हुई है। अब पतरातू से बिजली झारखंड को मिलने के बाद पूरे राज्य को फायदा होगा। पतरातू प्लांट से उत्पादित कुल बिजली का 85 प्रतिशत हिस्सा झारखंड राज्य को उपलब्ध होगी जिससे औद्योगिकीकरण और विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर पीवीयूएनएल के सीईओ ए के सहगल, सीजीएम (प्रोजेक्ट) अनुपम मुखर्जी, जीएम (ऑपरेशन एंड मैनेजमेंट) मनीष खेतरपाल, जीएम जोगेश चंद्र पत्रा, जीएम विष्णु दत्ता दास और जीएम ओपी सोलंकी सहित पीवीयूएनएल, एनटीपीसी और बीएचईएल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने खुशी जाहिर किया है। सीईओ ए के सहगल ने टीम को बधाई दी है। सीईओ ए के सहगल ने सभी कर्मचारियों, अभियंताओं और सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और सामूहिक कोशिश का परिणाम है। सीईओ ए के सहगल ने बताया कि 5 नवंबर 2025 को यूनिट-1 के वाणिज्यिक संचालन की घोषणा की गई थी और अब यूनिट-2 भी कमर्शियल ऑपरेशन के लिए पूरी तरह तैयार है। सीईओ ए के सहगल ने एनटीपीसी, झारखंड सरकार, जेबीवीएनएल और अन्य हितधारकों का उनके सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

### झारखंड को मिलेगी 1360 मेगावाट बिजली



## राज्यपाल ने दिया 'झारखंड आई बैंक' बनाने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नेत्र चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट का नाम बदलकर जल्द झारखंड आई बैंक करने का निर्देश दिया है। रांची स्थित लोक भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कहा कि संस्थान को राज्य में एक उत्कृष्ट और विश्वसनीय नेत्र चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित किया जाए ताकि अधिक से अधिक मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मिल सके। राज्यपाल ने ट्रस्ट से कहा कि वह ऐसी सेवा मॉडल तैयार करें जिससे संस्थान को अधिक मात्रा में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड प्राप्त हो सके और आधुनिक नेत्र चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा सके। उन्होंने एडवांस आई केयर सुविधाओं के विकास पर विशेष जोर दिया। बैठक में राज्यपाल ने बिहार आई बैंक ट्रस्ट को जल्द 'आयुष्मान भारत योजना' से जोड़ने का भी निर्देश दिया ताकि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद मरीजों को बेहतर इलाज का लाभ मिल सके। इसके साथ ही अस्पताल के बेहतर संचालन के लिए एक समर्पित और दक्ष अस्पताल प्रबंधक या प्रशासक की नियुक्ति पर भी बल दिया गया। झारखंड के राज्यपाल ने ट्रस्ट से जुड़ी भूमि संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की आवश्यकता भी जताई। बैठक में डॉ टीपी बर्णवाल को ट्रस्टी नियुक्त करने का निर्णय लिया गया जबकि अजय जैन का संयुक्त सचिव पद से इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया।



## जेवर दुकान में लूट, दुकानदार को जान से मारने की धमकी

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में एक तरफ पुलिस अपराध नियंत्रण करने के लिए लगातार गश्ती बढ़ा रही है फिर भी अपराधी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार देर रात अपराधियों ने एक और घटना को अंजाम दिया है। मोहनपुर थाना इलाके के घोरमाड़ा के पास एक ज्वेलरी दुकान में अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की और दुकानदार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने बताया कि रात के करीब 8:30 बजे चार की संख्या में बाइक सवार अपराधी दुकान पर पहुंचे। इसके बाद बंदूक की नोक पर दुकान से लाखों के सोना, ढाई किलो चांदी और करीब बीस हजार रुपए लूट लिए। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक अपराधी मौके से फरार हो गए।

## दो नाबालिगों ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में आत्महत्या के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में 17 वर्षीय नाबालिग ने प्रेम प्रसंग के चलते फांसी लगा ली जबकि बोड़ाम थाना क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोर का शव जंगल में फंदे से लटका मिला। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के लुआबासा गांव में 17 वर्षीय चैतन्य सिंह ने सोमवार देर रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार चैतन्य गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौटा था। रात में परिजन घर लौटे तो देखा घटना के समय घर में कोई सदस्य मौजूद नहीं था क्योंकि परिवार के अन्य लोग दूसरे गांव में एक शादी समारोह में गए हुए थे। रात करीब 12:30 बजे परिजनों के लौटने पर उन्होंने चैतन्य को फंदे से लटका पाया। मृतक के पिता रघु सिंह ने पुलिस को बताया कि चैतन्य का गांव की ही एक लड़की से प्रेम संबंध था। आशंका है कि इसी संबंध में किसी बात को लेकर हुए तनाव के कारण उसने यह कदम उठाया। मेला जाने की बात कहकर घर से निकला था वहीं दूसरे मामले में बोड़ाम थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव निवासी 16 वर्षीय वैद्यनाथ बेसरा का शव घर से लगभग 500 मीटर दूर जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने बताया कि वैद्यनाथ 10 मई की शाम मेला जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा था। मृतक के पिता सुनील बेसरा के अनुसार वैद्यनाथ की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। उसकी आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर गिरोह का पर्दाफाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**चतरा।** हिसार जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सीआईए हिसार की टीम ने दो अंतर्राज्यीय नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 727 ग्राम अफीम बरामद की है जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए कीमत बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिवदयाल कुमार यादव निवासी गांव सलैया, जोरी खुर्द, जिला चतरा (झारखंड) तथा अकलेश कुमार निवासी गांव मुरैना, थाना वशिष्ठ नगर जोरी, जिला चतरा (झारखंड) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सीआईए स्टाफ हिसार की टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान अग्रोहा मोड़ स्थित झिरी पुल क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि झारखंड निवासी दो युवक झिडी पुल के पास भारी मात्रा में अफीम लेकर घूम रहे हैं और इसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए झिडी पुल स्थित लाले दा ढाबा के पास घेराबंदी कर रेड की। पुलिस टीम को देखकर दोनों आरोपियों ने मौके से भागने का प्रयास किया लेकिन टीम की सतर्कता और मुस्तैदी के चलते उन्हें काबू कर लिया गया। नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपियों के कब्जे से कुल 2 किलो 727 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत नशीले पदार्थ को कब्जे में लेकर आरोपियों के खिलाफ थाना अग्रोहा में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपी अफीम कहां से लेकर आए थे और हिसार व आसपास के क्षेत्रों में इसकी सप्लाई किन लोगों तक की जानी थी। साथ ही इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की भी पहचान की जा रही है। सीआईए हिसार टीम ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और इस अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



# महिला सुरक्षा को लेकर गिरिडीह पुलिस की पहल, महिला शक्ति पेट्रोलिंग दल तैनात



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के शहरी क्षेत्रों में महिलाओं की सुरक्षा को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा महिला शक्ति पेट्रोलिंग दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना तथा सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला शक्ति पेट्रोलिंग दल प्रतिदिन शहर के भीड़-भाड़ वाले इलाकों, बाजारों तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास नियमित गश्ती करेगा। इसके माध्यम से महिलाओं से जुड़े मामलों पर त्वरित नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया कि इस अभियान से महिलाओं में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा तथा छात्राओं और आम महिलाओं को निर्भीक होकर अपने दैनिक कार्य करने में सहायता मिलेगी। मौके पर पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की उपस्थिति रही।

## महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक का निरीक्षण जेसी बोस स्कूल के पास बना पुलिस सहायता केंद्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महिला सुरक्षा को और अधिक सशक्त एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक गिरिडीह द्वारा शहर के विभिन्न स्कूल एवं कॉलेज क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विधि-व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेते हुए छात्राओं एवं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए निरीक्षण के दौरान भीड़-भाड़ वाले इलाकों, शिक्षण संस्थानों के आसपास गश्ती बढ़ाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। इसी क्रम में शहर के जेसी बोस स्कूल, गिरिडीह के पास महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस सहायता केंद्र की शुरूआत की गई पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिला सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है और शहर में सुरक्षित माहौल बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी एवं आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।




## जनता दरबार में डीसी ने सुनीं समस्याएं जन समाधान पोर्टल से होगा त्वरित निपटारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, पेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली आपूर्ति एवं राजस्व से जुड़े मामलों को लेकर बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे।

उपायुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता दरबार प्रशासन एवं जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निष्पादन समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े। जनता दरबार के दौरान कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जबकि लंबित एवं गंभीर मामलों को प्राथमिकता के साथ जल्द समाधान करने का निर्देश दिया गया इस दौरान उपायुक्त ने ह्लजन समाधान पोर्टलह्व की उपयोगिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि यह पोर्टल आमजनों की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि अब नागरिक ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर उसकी स्थिति घर बैठे ट्रैक कर सकते हैं। इससे शिकायत निवारण प्रक्रिया अधिक सरल, पारदर्शी एवं जवाबदेह बनेगी उन्होंने बताया कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा संबंधित विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी उपायुक्त ने आमजनों से अधिक से अधिक ह्लजन समाधान पोर्टलह्व का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि यह पोर्टल शिकायत दर्ज करने के साथ-साथ उसकी पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाता है।



## संक्षिप्त समाचार

### डुमरी में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, अतिक्रमण हटाने व नो-इंट्री व्यवस्था लागू करने का निर्णय

**गिरिडीह (नबिटासं)।** डुमरी अनुमंडल क्षेत्र में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और हाल ही में हुई सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, व्यवसायी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए बैठक में 8 मई को हुई सड़क दुर्घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए। प्रशासन ने डुमरी क्षेत्र में भारी वाहनों के अनियंत्रित आवागमन को रोकने के लिए नो-इंट्री व्यवस्था को सख्ती से लागू करने का फैसला किया। साथ ही सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया।निर्णय के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डुमरी स्थित वनांचल चौक से सड़क किनारे लगे सब्जी दुकानों और अस्थायी अतिक्रमण को हटाया। एसडीओ श्री संतोष गुप्ता ने आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा और जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### पावापुरी में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक, राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी तेज

**गिरिडीह (नबिटासं)।** बिहार के पावापुरी में असंगठित मजदूर मोर्चा एवं झारखंड-बिहार धार्मिक कोठी प्रतिष्ठान महासंघ की संयुक्त बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामविलास सिंह ने की, जबकि संचालन कामरेड कन्हाई पाण्डेय ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 31 मई 2026 को पावापुरी में राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की तैयारी को लेकर सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय तैयारी समिति का गठन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए कन्हाई पाण्डेय ने कहा कि असंगठित मजदूरों के अधिकार एवं सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण साबित होगा। वहीं पूरन महतो ने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियां जल्द पूरी कर ली जाएंगी।रामविलास सिंह ने बताया कि सम्मेलन में बिहार, झारखंड सहित विभिन्न राज्यों से हजारों प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। बैठक में संगठन विस्तार, मजदूर हितों की सुरक्षा एवं सम्मेलन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।



### लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस

**समस्तीपुर (नबिटासं)।** लीडर इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस हर्षोल्लास एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा नर्सों के कार्यों, समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका तथा स्वास्थ्य सेवा में उनके अतुलनीय योगदान को लेकर आकर्षक बैनर, पोस्टर एवं जागरूकता संबंधी स्लोगन तैयार किए गए। विद्यार्थियों ने अपने संदेशों के माध्यम से लोगों को यह बताया कि नर्सें केवल अस्पतालों में सेवा देने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे प्रत्येक परिवार के स्वास्थ्य, सुरक्षा और देखभाल की मजबूत आधारशिला हैं। कार्यक्रम में नर्स सेवा और समर्पण की पहचान, स्वस्थ समाज का आधार नर्स तथा आपके और आपके परिवार की सुरक्षा में नर्सों की अहम भूमिका जैसे प्रेरणादायक स्लोगन विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर संस्थान की चेयरमैन मोनी रानी ने छात्र-छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नर्सों का योगदान समाज के लिए अमूल्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सेवा भावना, संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं।




### स्मार्ट मीटर व महंगाई के विरोध में बहुजन मुक्ति पार्टी का धरना-प्रदर्शन

**गिरिडीह (नबिटासं)।** स्मार्ट मीटर के माध्यम से निजी कंपनियों द्वारा जनता से कथित रूप से पैसे की लूट, घरेलू एवं कमर्शियल गैस की बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी, महंगाई तथा डीजल-पेट्रोल के बढ़ते दामों के विरोध में मंगलवार को बहुजन मुक्ति पार्टी द्वारा जिला समाहरणालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के तहत कार्यकताओं ने लालटेन भेंट आंदोलन भी चलाया यह आंदोलन पार्टी के जिला अध्यक्ष जयनारायण दास एवं प्रमंडल प्रभारी भीखी राम पासवान के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय बेरोजगार मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामदेव दास, भारत मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष राजेश दास, राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंसुर अंसारी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा गिरिडीह के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पटवा, प्रांतीय प्रचारक मनीष कुमार मानस, शक्ति पासवान, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रदेश महासचिव अरविंद नागवंशी, किशोरी रविदास, दिनेश दास, सतीश कुमार, विजय दास, राहुल दास एवं रमेश दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। धरना-प्रदर्शन के उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपायुक्त गिरिडीह को सौंपा।

### प्रधानमंत्री की अपील से स्वर्ण कारोबारियों में चिंता, सरकार से संतुलित निर्णय की मांग

**गिरिडीह (नबिटासं)।** प्रधानमंत्री द्वारा सोना नहीं खरीदने की अपील के बाद जिले भर के स्वर्ण व्यवसायियों और आभूषण कारीगरों में आजीविका को लेकर चिंता का माहौल व्याप्त हो गया है। इस संबंध में सराफा संघ गिरिडीह एवं कोयलांचल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, गिरिडीह के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में लगभग 500 प्रत्यक्ष स्वर्ण व्यवसायी एवं करीब 1500 आभूषण कारीगर इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं, जिनकी रोजी-रोटी पूरी तरह इस कारोबार पर निर्भर है।उन्होंने कहा कि स्वर्ण व्यापार भारतीय परंपरा, संस्कृति और अर्थव्यवस्था का अभिन्न हिस्सा रहा है।

## सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल ने जीता जिला स्तरीय गतका चैंपियनशिप का खिताब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवीन सिन्हा (चौपारण हजारीबाग)।** सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल के छात्रों ने थर्ड हजारीबाग सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर गटका चैंपियनशिप में जिला स्तर पर विनर ट्रॉफी जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जेएमएम पब्लिक स्कूल, पदमा में आयोजित इंटर स्कूल जिला स्तरीय गटका चैंपियनशिप में सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल के करीब 60 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 16 स्वर्ण, 15 रजत और 13 कांस्य पदक हासिल किए।

पदकों की संख्या के आधार पर विद्यालय ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विनर ट्रॉफी अपने नाम की। विद्यालय के आर्यन कुमार, आदर्श कुमार, अनन्या ऋतुराज, रूपम ऋतुराज , सुहानी कुमारी, पलक कुमारी, रिद्धि कुमारी, मयूरी सिन्हा समेत कई विद्यार्थियों ने खेल में भाग लेने के साथ-साथ रेफरी की भूमिका भी निभाई। उत्कृष्ट ऑफिशिएटिंग के लिए इन्हें झारखंड स्तर पर 'बेस्ट रेफरी' का अवार्ड भी दिया गया। इस सफलता पर पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल है। अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर खुशी जताई। विद्यालय के गेम शिक्षक राकेश रंजन और आशुतोष कुमार ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। विद्यालय की गटका प्रेसिडेंट एवं मार्गदर्शक प्राचार्या रीना पांडे ने सभी विजेता खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चे भविष्य में जिला ही नहीं, बल्कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन करें। गौरतलब है कि इससे पहले भी विद्यालय की छात्राएं नेशनल गटका चैंपियनशिप जीत चुकी हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अमृता मैसी शिक्षिका ने विशेष रूप से बच्चों को सम्मानित किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



## शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दुकान और मकान जलकर राख

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के पाण्डेयडीह में सोमवार देर रात हुए भीषण अग्निकांड ने एक परिवार की जिंदगी पलभर में उजाड़ दी। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने ह्लनिधि जनरल स्टोरह्व समेत पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में दुकान संचालक मनोहर मरिक और उनका बड़ा बेटा गंभीर रूप से झुलस गए जानकारी के अनुसार, देर रात दुकान में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैलने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान के साथ घर में रखा सामान भी जलने लगा। आग की ऊंची लपटों और धुएं से इलाके में अफरा-तफरी मच गई इस भीषण आग में दुकान का सारा सामान, घर के जरूरी दस्तावेज, घरेलू सामग्री और वर्षों की जमा पूंजी जलकर राख हो गई। आग बुझाने के प्रयास में मनोहर मरिक और उनका बेटा बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तत्काल एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। आसपास के लोगों ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे इलाके में मायूसी का माहौल है।

## पचड़ा सिझुवा में पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ शुरू, उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** केरेडारी प्रखंड के पचड़ा सिझुवा गांव में आयोजित वैदिक श्री श्री 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ एवं शाकेश्वरी माता धाम में प्राण प्रतिष्ठा सह महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हो गया। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। महायज्ञ का मुख्य कार्यक्रम 12 मई से 16 मई 2026 तक चलेगा। आयोजन की शुरूआत 6 मई को ध्वजा पूजन के साथ हुई थी। मंगलवार को जलयात्रा (कलश यात्रा), घृतकुमारी पूजन, मंडप प्रवेश, संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

यज्ञ समिति के अनुसार 13 मई को वेदी पूजन, देवी प्रतिष्ठा, मातृका पूजन, अग्नि प्रज्वलन, महास्नान एवं कथा प्रारंभ होगा। 14 मई को यज्ञ, कर्ण शिखर स्थापना, मंडप पूजन, प्राण प्रतिष्ठा एवं संध्या आरती आयोजित की जाएगी। वहीं 15 मई को यज्ञकर्म, पाठ पूजन, हवन, संध्या आरती एवं प्रवचन होगा। 16 मई को पूर्णाहुति, हवन, विशाल भंडारा एवं महाप्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ का समापन किया जाएगा। कार्यक्रम में बनारस घाट से पधारे यज्ञाचार्य पंडित शक्ति शास्त्री जी महाराज एवं आचार्य पंडित कुंदन शास्त्री जी महाराज पूरे अनुष्ठान का संचालन कर रहे हैं। प्रवचनकर्ता के रूप में साध्वी अंजली गोस्वामी श्रद्धालुओं को कथा एवं प्रवचन से लाभान्वित करेंगी। वहीं मुख्य पुजारी की भूमिका रामचंद्र साव निभा रहे हैं। आयोजन समिति ने बताया कि शाकेश्वरी माता की कृपा एवं क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और जनकल्याण की कामना को लेकर महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक सह स्थानीय मुखिया महेश प्रसाद साव, अध्यक्ष दशरथ साव, सचिव संतोष साव, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार सहित दोनों गांवों के सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## एनएच किनारे वाले हाट-बाजार होंगे शिफ्ट, उपायुक्त ने दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी रामनिवास यादव ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित हो रहे हाट बाजारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे लगने वाले बाजारों से यातायात प्रभावित होता है और सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। तेज रफ्तार वाहनों और बाजारों में भीड़ के कारण आम लोगों, दुकानदारों तथा राहगीरों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा बना रहता है प्रशासन ने 8 मई को डुमरी क्षेत्र के इसरी स्थित पुरानी जीटी रोड पर हुई भीषण सड़क दुर्घटना का उल्लेख करते हुए इसे चिंताजनक बताया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे उपायुक्त ने निर्देश दिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों के समीप संचालित सभी हाट-बाजारों को मुख्य सड़क से पर्याप्त दूरी पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही वैकल्पिक स्थलों के चयन में आम लोगों की सुविधा, व्यापारियों की जरूरत और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्व भी है। नागरिकों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से ही सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सकती है। जिला प्रशासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।



## बरही बैंक लूटकांड के उद्भेदन पर सरोज सिंह चौधरी सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो।** बरही क्षेत्र में चर्चित बैंक लूटकांड के सफल उद्भेदन को लेकर पुलिस विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सरोज सिंह चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और मामलों के त्वरित उद्भेदन में पुलिस टीम की सक्रियता, तकनीकी अनुसंधान और समर्पण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सरोज सिंह चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सूझबूझ और मेहनत से बरही बैंक लूटकांड के खुलासे में महत्वपूर्ण सफलता मिली। सम्मान प्राप्त करने के बाद सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि यह सम्मान पूरी पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनता की सुरक्षा और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पुलिस लगातार प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान भी मौजूद रहे। सम्मान समारोह में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने टीम की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी तरह तत्परता से कार्य करने की बात कही।



## सलैया स्टेशन एप्रोच रोड निर्माण को लेकर केंद्रीय मंत्री ने डीआरएम को दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सलैया रेलवे स्टेशन के समीप प्रस्तावित एप्रोच रोड के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्निर्माण को लेकर महत्वपूर्ण पहल हुई है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने धनबाद रेल मंडल के डीआरएम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है यह पहल पूर्व रेलवे कोलकाता के जेआरयूसीसी सदस्य एवं भाजपा नेता मुकेश कुमार जलान द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे के बाद सामने आई। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर बताया था कि सलैया रेलवे स्टेशन तक पहुंचने वाला मार्ग क्षेत्र की जनता, मजदूरों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में सड़क संकरी और जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि रेलवे स्टेशन पर रेल सेवा शुरू होने के बाद इस मार्ग का महत्व और बढ़ गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए डीआरएम धनबाद को पत्र भेजकर आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र (नॉक ) उपलब्ध कराने तथा संबंधित प्रक्रिया में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है केंद्रीय मंत्री ने अपने निर्देश में कहा है कि यह सड़क गांडेय एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के हजारों लोगों के लिए जीवनरेखा के समान है। सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में यातायात अधिक सुरक्षित और सुगम होगा।लिए इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुकेश कुमार जलान ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मंत्री के सक्रिय हस्तक्षेप से क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। साथ ही उम्मीद जताई कि संबंधित विभाग जल्द प्रक्रिया पूरी कर जनता को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराएगा उन्होंने कहा कि एप्रोच रोड निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सलैया रेलवे स्टेशन आने-जाने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा गिरिडीह और आसपास के क्षेत्रों की यातायात व्यवस्था और मजबूत होगी।



## चतरा मोड़ पर बोलेरो से 9 पेटी बीयर व अंग्रेजी शराब बरामद

**नवीन सिन्हा (चौपारण हजारीबाग)।** चौपारण थाना प्रभारी पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चतरा मोड़ के समीप सफेद रंग की बिना नंबर प्लेट वाली बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 11 मई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर चौपारण थाना पुलिस द्वारा चतरा मोड़ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध बोलेरो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब की 09 पेटी किंगफिशर बीयर, जिसमें कुल 120 पीस बीयर कैन/बोतल शामिल थे, तथा 08 पीस ब्लेंडर शराब की बोतल बरामद की गई। मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में मृत्युंजय कुमार, पिता झ रामरक्षा सिंह, निवासी झ कंजिया, इटखोरी बीरेंद्र कुमार, पिता झ प्रभु यादव, निवासी झ नावाडीह, चौपारण शामिल हैं। थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और इस प्रकार के अवैध कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# डायन के आरोप में महिला की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** जिले से इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। फतेहपुर थाना क्षेत्र के नावनगर महादलित टोला में अंधविश्वास के नाम पर 70 वर्षीय महिला की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। महिला पर डायन होने का आरोप लगाया गया था। घटना में एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका इलाज मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार देर रात गांव में अचानक अफरा-तफरी मच गई। आरोप है कि गांव के दर्जनों लोग हथियार, ईंट और पत्थर लेकर बुल्की देवी के घर पहुंचे। उस समय बुजुर्ग महिला घर के बाहर खाट पर सो रही थीं। हमलावर उन्हें घसीटते हुए कुछ दूरी पर ले गए और बेरहमी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

घटना के बाद आरोपियों ने पास के घर पर भी हमला कर एक अन्य महिला को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को पहले फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में उसे बेहतर इलाज के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मृतका के परिजनों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग बुल्की देवी को डायन बताते थे। उनका कहना था कि महिला तंत्र-मंत्र और जादू-टोना कर लोगों को बीमार करती है। इसी अंधविश्वास में उन्मादी भीड़ ने कानून को हाथ में लेते हुए हत्या जैसी वारदात को अंजाम दिया।

घटना की सूचना मिलते ही वजीरगंज कैंप डीएसपी सुनील कुमार पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

डीएसपी ने बताया कि मृतका के परिजनों की शिकायत पर 11 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस तकनीकी और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। इस घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और शोक का माहौल है।

# हाईवोल्टेज तार की चपेट में आई जेसीबी, चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पूर्णिया।** जिले के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के माधोपाड़ा में देर रात एक दर्दनाक हादसे में 25 वर्षीय जेसीबी चालक की करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, जबकि परिवार में मातम पसरा हुआ है। मृतक की पहचान कसबा थाना क्षेत्र के पनखोखी मसान निवासी महेश्वरी यादव के पुत्र शुभम यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शुभम एक निजी एजेंसी के लिए जेसीबी चालक के तौर पर काम करता था। मंगलवार देर रात वह माधोपाड़ा इलाके में जेसीबी से कार्य कर रहा था। इसी दौरान मशीन का ऊपरी हिस्सा ऊपर से गुजर रहे हाईवोल्टेज बिजली तार की चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से शुभम गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर ही अचेत हो गया।

घटना के बाद एजेंसी के कर्मचारी आनन-फानन में उसे पूर्णिया जीएमसीएच लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि मौत की पुष्टि होते ही एजेंसी के कर्मचारी परिजनों को फोन पर सूचना देकर अस्पताल से फरार हो गए। शुभम की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिवार वालों ने बताया कि शुभम की शादी दो वर्ष पहले हुई थी और उसका एक आठ माह का बेटा है। वह परिवार का इकलौता कमाने वाला सदस्य था। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस जीएमसीएच पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस जांच कर रही है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन किया गया था या नहीं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि हादसा बिजली विभाग की लापरवाही से हुआ या निजी एजेंसी की चूक से।

# घर के बाहर खेल रही दो मासूम बच्चियां गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले से दो मासूम बहनों के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों बच्चियां घर के पास खेल रही थीं, लेकिन अचानक गायब हो गईं। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।

पूरा मामला जिले के रामपुरहरि थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। लापता बच्चियों की पहचान राजेश राय की 12 वर्षीय पुत्री मौसम कुमारी और वीरचंद राय की 7 वर्षीय पुत्री रूचि कुमारी के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार, दोनों बच्चियां घर के बाहर खेल रही थीं। पास के एक घर में शादी समारोह भी चल रहा था, जहां वे अक्सर आ-जा रही थीं। शाम होने के बाद जब दोनों बच्चियां घर नहीं लौटीं, तो परिवार वालों ने उनकी तलाश शुरू की। आसपास के लोगों और रिश्तेदारों से पूछताछ की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

बच्ची के पिता राजेश राय ने बताया कि काफी खोजबीन के बाद भी जब दोनों का पता नहीं चला, तो किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए पुलिस को सूचना दी गई। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जल्द बच्चियों को बरामद करने का भरोसा दिलाया है।

## चाकू मारकर युवक की हत्या

**समस्तीपुर।** जिले के खानपुर प्रखंड क्षेत्र के रंजीतपुर गांव में सोमवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान गांव निवासी मोहम्मद रुस्तम के पुत्र मोहम्मद आजाद के रूप में की गई है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल बना हुआ है जानकारी के अनुसार मोहम्मद आजाद किसी काम से घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक पर कई बार चाकू से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही गिर पड़े। आसपास के लोगों द्वारा शोर सुनकर घटनास्थल की ओर दौड़ने तक अपराधी मौके से फरार हो चुके थे घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप एवं अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# तीन बच्चे की मां प्रेमी संग फरार

## जेवर सहित नकदी भी ले गयी अपने साथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मनसाही/कटिहार। मनसाही थाना क्षेत्र से एक विवाहित महिला जो तीन बच्चे की मां है अपने प्रेमी के साथ देर रात्रि को घर से फरार हो गई। महिला के पति के द्वारा बताया गया कि हम दोनों से दो बेटी एवं एक बेटे हैं। मेरी पत्नी प्रेम जाल में फंस कर प्रेमी के साथ घर से नगदी 50 हजार एवं ढाई लाख रुपए के जेवर प्रेमी के साथ मिलकर फरार हो गई ।इस दौरान उन्होंने मेरे डेढ़ वर्ष के पुत्र को भी अपने साथ ले गई।

पीड़ित पति ने मनसाही थाना में आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि डंडखोरा थाना क्षेत्र के थपकोल गांव निवासी शेखर कुमार मंडल ने उसकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसा कर बारी-बारी से खाता से तीन लाख से अधिक रुपए निकासी करवा लिया है।

पीड़ित पति घर परिवार चलाने के लिए प्रदेश में मजदूरी का काम करते थे। इसी का नाजायज फायदा उठाते हुए उनके पत्नी प्रेमी के साथ मिल कर उक्त घटना को अंजाम दिया।

घटना को लेकर पीड़ित ने मनसाही थाना में लिखित आवेदन देते हुए पत्नी की बरामदी एवं उनके प्रेमी पर शख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

इस घटना के आलोक में प्रभारी थाना प्रभारी मोहम्मद मुस्तफा अंसारी ने बताया कि आवेदन के आलोक में घटना की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। मगर इसी दौरान उक्त महिला ने मनसाही थाना पहुंचकर अपनी सफाई देने लगी कि मैं कहीं नहीं गई थी। मामलों के लेकर प्रभारी थाना प्रभारी मुस्तफा अंसारी ने उनके पति एवं रिश्तेदारों को सूचना देकर बुलाया एवं उक्त महिला को उसके पति के हवाले करवाया।

# जन सुनवाई में आमजनों की समस्याओं का हुआ निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूंटी।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया के निदेर्शानुसार आज जिले के सभी प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में लोक शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में आमजनों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के दौरान प्राप्त विभिन्न प्रकार की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। कई मामलों में तत्काल समाधान सुनिश्चित किया गया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



जन सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनों को उनकी समस्याओं के समाधान हेतु स्थानीय स्तर पर ही सुलभ, पारदर्शी एवं प्रभावी मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता न पड़े एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा सके ।कार्यक्रम में विधि-व्यवस्था एवं अन्य संबंधित मामलों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित थाना प्रभारी की भी उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जिससे शिकायतों के निष्पादन में समन्वय एवं प्रभावशीलता बनी रही। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि जन सुनवाई कार्यक्रम में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए उनका समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा इससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय प्रेषित करें, ताकि निगरानी प्रक्रिया सुदृढ़ बनी रहे।

प्रत्येक मंगलवार को प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालयों में तथा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को समाहरणालय, खूँटी में जिला स्तरीय जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है।

## शव मिलने से सनसनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डीटीओ ऑफिस के पीछे सोमवार देर रात एक 20 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सोहसराय थाना क्षेत्र के मंसूरनगर निवासी चंदू मिस्त्री के पुत्र राजीव कुमार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में अपने ननिहाल देवीसराय में रहकर आरा मिल में कारपेंटर का काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

मृतक के भाई राजा कुमार और अन्य परिजनों का आरोप है कि राजीव की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उनके अनुसार, राजीव के कान से खून बह रहा था और शरीर पर चोट के निशान भी थे। परिजनों ने बताया कि वह कुछ दोस्तों के साथ निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा।

मामले में नया मोड़ तब आया, जब सोनी देवी नामक एक युवती ने खुद को मृतक की पत्नी बताते हुए कई सनसनीखेज दावे किए।

# आश्रय गृह से भागे किशोरों में दो बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर** । बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के मुशहरी थाना क्षेत्र स्थित नरौली वृहद आश्रय गृह से रविवार देर रात 10 बच्चों के फरार होने की घटना से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी सोमवार सुबह मिलते ही पुलिस और बाल संरक्षण विभाग की टीम मौके पर पहुंची। एसएसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार फरार बच्चों में से दो बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। अन्य बच्चों की तलाश में लगातार छापेमारी और खोजबीन की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाकों में भी जांच कर रही है।

प्राथमिक जांच में प्रथम तल की एक खिड़की की छड़ गायब मिली है। आशंका जताई जा रही है कि बच्चों ने छड़ हटाकर पाइप के सहारे नीचे उतरकर फरार होने की योजना बनाई। घटना के बाद आश्रय गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आश्रय गृह में लगा सीसीटीवी कैमरा लंबे समय से खराब था। ऐसे में बच्चों की गतिविधियों पर निगरानी नहीं हो पा रही थी। घटना के बाद अधिकारियों ने इसे बड़ी लापरवाही माना है।

जानकारी के अनुसार वृहद आश्रय गृह में कुल 46 बच्चे रह रहे थे। रविवार रात करीब एक बजे तक सभी बच्चे मौजूद थे। इसके बाद देर रात किसी समय 10 बच्चे फरार हो गए ।बच्चों की सुरक्षा के लिए आश्रय गृह में होमगार्ड जवान और रात्रि प्रहरी की ड्यूटी लगाई गई थी। बावजूद इसके इतनी बड़ी संख्या में बच्चों के फरार हो जाने से सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है।

घटना के बाद प्रशासन ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं फरार बच्चों को जल्द ढूंढ़ निकालने का प्रयास जारी है।

# लोक समिति का जिला सम्मेलन सम्पन्न



## सदन सिंह अध्यक्ष और आलोक समिति के महासचिव निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिताब दियरा ( छपरा)।** विगत दिनों सारण जिला लोक समिति के तत्वावधान में जेपी के गाँव सिताब दियरा में लोक नायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट भवन के सभागार में एक दिवसीय जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सारण जिला बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय अध्यक्ष सवलिया गिरी ने की। जिसमें जिला के सभी प्रमुख कार्यकर्त्ताओं ने सम्मेलन के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया। सर्व प्रथम जेपी और प्रभावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मेलन की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

मौके पर उपस्थित बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री श्री शिवजी सिंह ने कहा कि आज हमारा जिला सम्मेलन जे.पी.के गाँव सिताब दियरा लाला टोला स्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट भवन के सभागार में सम्पन्न हो रहा है। ये हमारे संगठन के लिए गौरव की बात है। श्री सिंह ने जेपी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालेते हुए कहा कि जेपी अमेरिका से उच्च शिक्षा प्राप्त कर 1929 ई. स्वदेश वापस लौटे। स्वदेश आने के बाद जेपी को वर्धा (महाराष्ट्र) में गाँधी से पहली मुलाकात हुई , तब से जेपी निःस्वार्थ आजीवन अपने को देश सेवा में समर्पित कर दिये। जे.पी.ने 1942 ई. गाँधी आह्वान पर सक्रिय रुप से उनके आन्दोलन में भाग लिया और हजारीबाग जेल में बन्द रहें। श्री सिंह ने कहा कि जेपी देश में फैले भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी, बेरोजगारी, तिलक-दहेज, अन्याय, शोषण , इन्दिरा गाँधी की तानाशाही , लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हेतु अधिक दिनों तक उपवास और जेल की यातनाएं भी सही, जिस कारण उनका स्वास्थ्य काफी खराब हो गया। गुर्दे की बीमारी ने उन्हें अशक्त बना दिया और उनका पूरा शेष जीवन डायलिसिस के सहारे हो गया। जेपी का पूरा जीवन हमारे समिति के सामाजिक कार्यकर्त्ताओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

जिला सम्मेलन के अन्त में सर्व सम्मति से सारण जिला लोक समिति की पदाधिकारी का चुनाव एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया। राम नरेश सिंह उर्फ सदन सिंह जिलाध्यक्ष, आलोक कुमार सिंह जिला महासचिव , शशिभूषण सिंह, चन्द्रकान्त सिंह, जयप्रकाश तिवारी, अरूण मिश्रा, राधामोहन प्रसाद, शुभ नारायण गिरी, आशुतोष भारती, रामबाबू राय, बिजय प्रसाद अग्रहरी, विजय प्रसाद सोनी, सुभाद्रा पाण्डेय, इन्द्रदेव राम, अमिर हसन, नागेन्द्र यादव, ओमप्रकाश शर्मा, गामा राम, हरि नारायण सिंह, महंथ तिवारी को जिला कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया। सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिनिधियों ने मिलकर श्री भरत सिंह को जिला सलाहकार समिति और संत शुकदेव महाराज उर्फ गुरूजी को जिला अनुशासन समिति का अध्यक्ष तथा रामायण सिंह जीवनदानी,रामजी तिवारी, बागेश्वर गिरी,रामजन्म प्रसाद, नरेन्द्र सिंह एवं नूर अहमद पूर्व शिक्षक, मो. इसराफिल राही को सदस्य मनोनीत किया गया।

## स्कूलों की जमीन पर अतिक्रमण से शिक्षा विभाग सख्त

**बेगूसराय।** वीरपुर प्रखंड में सरकारी विद्यालयों की भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम उदय महतो ने सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर विद्यालय भवन एवं परिसर की भूमि पर अतिक्रमण संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। जारी निर्देश में बीईओ ने कहा है कि प्रधानाध्यापक अपने स्तर पर विद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने का प्रयास करें। यदि किसी कारणवश अतिक्रमण नहीं हटता है, तो संबंधित भूमि के सभी अभिलेखों के साथ अतिक्रमणकारी का नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा अतिक्रमण की अवधि की पूरी जानकारी रिपोर्ट में देना अनिवार्य होगा। बीईओ ने चेतावनी देते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि किसी विद्यालय में अतिक्रमण पाया जाता है और प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी सूचना विभाग को नहीं दी गई, तो इसे तथ्य छिपाने एवं मिलीभगत माना जाएगा।

# बेटियों ने उठायी पिता की अर्थी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** समाज में वर्षों से चली आ रही उस परंपरा को नया टोला गांव की पांच बेटियों ने चुनौती दी है, जिसमें माना जाता है कि पिता की अर्थी को सिर्फ बेटा ही कंधा देता है।



वैशाली थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी तारिणी प्रसाद सिंह के निधन के बाद उनकी पांच बेटियों ने न सिर्फ अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई, बल्कि अर्थी को कंधा देकर सामाजिक सोच को भी बदलने का संदेश दिया।

तारिणी प्रसाद सिंह के परिवार में पत्नी ललिता देवी और पांच बेटियां पूनम, नीलम, माधुरी, माला और चांदनी हैं। पुत्र नहीं होने के कारण अंतिम संस्कार को लेकर शुरूआत में असमंजस की स्थिति बनी, लेकिन बेटियों ने हिम्मत दिखाते हुए पिता को अंतिम विदाई दी।

बेटियों ने कहा कि समाज में आज भी लड़का-लड़की के बीच भेदभाव किया जाता है, जबकि लड़कियां हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम हैं।

उन्होंने बताया कि उनके पिता ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर इस काबिल बनाया और अब अंतिम समय में उन्होंने अपना फर्ज निभाया है। माधुरी सिंह ने कहा कि वे यह संदेश देना चाहती हैं कि बेटियां कमजोर नहीं होतीं, बल्कि वे भी बेटों की तरह हर जिम्मेदारी निभा सकती हैं। इस घटना के बाद पूरे गांव में भावुक माहौल है और लोग बेटियों के इस कदम की सराहना कर रहे हैं।

## पूर्व मंत्री के निधन पर शोक

पटना। राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री के निधन के बाद मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर पटना स्थित राजद प्रदेश कार्यालय लाया गया। जहां पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और समर्थकों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजद नेताओं ने उनके निधन को पार्टी और समाजवादी आंदोलन के लिए बड़ी क्षति बताया। राजद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष ने बागी कुमार वर्मा के पार्थिव शरीर पर पार्टी का झंडा ओढ़ाकर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। प्रदेश प्रवक्ता एं९ ऒं ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर बागी कुमार वर्मा के सम्मान में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया।

# 50 हजार रुपया रिश्वत लेते अमीन गिरफ्तार

## परिमार्जन और मापी के एवज में मांगी गयी थी राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ विशेष निगरानी इकाई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लालगंज अंचल के अमीन सुजीत कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया।



इकाई के अपर पुलिस महानिदेशक पंकज कुमार दाराद ने बताया कि सराय थाना क्षेत्र के इनायतपुर प्रबोधी सराय निवासी आनंद कुमार और लालगंज थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक निवासी पप्पु कुमार ने पटना में शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जमीन परिमार्जन और मापी से जुड़े कार्य के बदले अमीन सुजीत कुमार रिश्वत की मांग कर रहा था। परिवादियों के अनुसार, पप्पु कुमार की जमीन की मापी एवं परिमार्जन के लिए 3 लाख रुपये तथा आनंद कुमार से 60 हजार रुपये घूस मांगी गई थी।

शिकायत के सत्यापन के दौरान रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर रश्व थाना कांड संख्या-18/2026 दर्ज किया गया।

इसके बाद विशेष निगरानी इकाई ने आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस उपाधीक्षक चंद्रभूषण के नेतृत्व में गठित टीम ने जाल बिछाया और आरोपी अमीन सुजीत कुमार को पप्पु कुमार से पहली किस्त के रूप में 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

निगरानी विभाग की टीम सोमवार देर रात आरोपी अमीन को लेकर पटना रवाना हो गई। गिरफ्तारी के बाद टीम आरोपी को लेकर लालगंज थाना भी पहुंची, जहां आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

## पुल निर्माण कार्य प्रारंभ होने से हर्ष

**अरवल।** अरवल-जहानाबाद एनएच-33 पर किंजर में पुनपुन नदी पर टू लेन पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। पुल निर्माण के लिए कार्य एजेंसी द्वारा बेस कैंप का निर्माण नदी के पश्चिमी तट पर किया जा रहा है, जहां अत्याधुनिक मशीनें आ गई हैं। कार्यस्थल पर पहुंचे एनएचआई के मुख्य अभियंता संजय कुमार भारती, कार्यपालक अभियंता इंद्रजीत कुमार आर्य व सहायक अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि नए पुल का निर्माण 13 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। पुल की लंबाई 130 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर होगी। पांच स्पेन वाले इस पुल का निर्माण डेढ़ वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पुल निर्माण में निजी जमीन का अधिग्रहण किए जाने पर रैयतों को नियमानुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए अंचलाधिकारी पहले नोटिस देंगे फिर जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होगी।

इस बीच पुराने जर्जर पुल की मरम्मत की जाएगी ताकि आवागमन सुचारू रह सके।

# हाथियों के आतंक से हुई मौत पर उबले लोग, इलाके में दहशत

## मार्च से अब तक चार लोगों की जा चुकी जानें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले में हाथियों के झुंड का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोम-मंगलवार की रात कौआकोल प्रखंड के बिंदी चक फुसबंगला स्थित आजादनगर टोला में हाथियों ने 55 वर्षीय राजाराम पासवान को कुचलकर मार डाला। बताया जा रहा है कि देर रात हाथियों का झुंड गांव में घुस आया और रास्ते में मिले राजाराम पासवान को हमला कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है।

इस साल 25 मार्च से हाथियों का हमला लगातार जारी है। सबसे पहले रजौली में सनोज भुइयां की मौत हुई थी, जहां एक भैंस भी हाथियों का शिकार बनी थी। इसके बाद 8 अप्रैल को गोविंदपुर में मुन्ना देवी और 1 मई को बच्चू राम की जान गई। अब 12 मई को राजाराम पासवान की मौत के बाद मृतकों की संख्या चार पहुंच गई है।

झारखंड सीमा से सटे रजौली, गोविंदपुर और कौआकोल प्रखंड हाथियों के आतंक से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड लगातार गांवों में घुस रहा है, जिससे लोग रातभर डर के साए में रहने को मजबूर हैं।

लगातार हो रहे हमलों के बाद जिला वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग हाथियों को नियंत्रित करने या उन्हें जंगल की ओर वापस भेजने में नाकाम साबित हो रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया है। राजाराम पासवान की मौत से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को भलुआही बाजार के पास कौआकोल-रोह मुख्य मार्ग जाम कर दिया। ग्रामीण मृतक परिवार को उचित मुआवजा और हाथियों के आतंक से सुरक्षा की मांग कर रहे थे। करीब दो घंटे तक सड़क जाम रहने से यातायात प्रभावित रहा।



मौके पर पहुंचे अधिकारियों और वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। कौआकोल रेंजर सौरभ शांडिल्य ने मृतक के परिजनों को तत्काल 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई और हरसंभव मदद का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए और करीब दो घंटे बाद सड़क जाम समाप्त कराया गया।

# फार्मर रजिस्ट्री का दूसरा चरण शुरू, सभी किसानों के बनेंगे फार्मर आईडी

## बिचौलियों की दीवार गिराकर सरकार और किसान के बीच मजबूत सेतु बन रहा है 'एग्री स्टैक' : कृषि मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि भवन के सभागार से पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के किसानों की फार्मर आईडी बनाने के साथ फार्मर रजिस्ट्री के दूसरे चरण की शुरूआत की। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने फुलवारीशरीफ प्रखण्ड के पांच किसानों लछमिनिया देवी, सुनील कुमार सिंह, रामप्रवेश सिंह, अजय कुमार और उदय कुमार को फार्मर आईडी का वितरण किया। विजय कुमार सिन्हा ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज बिहार के कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण है। आज हम उस डिजिटल क्रांति के दूसरे चरण की शुरुआत कर रहे हैं जो हमारे अन्नदाताओं के जीवन में खुशहाली और पारदर्शिता का नया सवेरा लेकर आएगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस महान विजन का हिस्सा है जिसमें उन्होंने डिजिटल इंडिया के माध्यम से देश के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का सपना देखा है। प्रधानमंत्री का मानना है कि जब तकनीक और किसान का मेल होगा, तभी भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि एग्री-स्टैक उसी दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है जो बिचौलियों की दीवार को गिराकर सीधे सरकार और किसान के बीच एक मजबूत सेतु बना रहा है। साथ ही सुशासन से विकसित बिहार बनाने के संकल्प को साकार करना हम सबकी जिम्मेवारी है। कृषि विभाग ने कृषि रोड मैप के माध्यम से बिहार के किसानों की खुशहाली को प्राथमिकता दी है। कृषि रोड मैप में कृषि विभाग के साथ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग भी पहले से जुड़ा हुआ है। आज कृषि विभाग और राजस्व विभाग का यह अद्भुत समन्वय इसी दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मंत्री ने कहा कि पूर्व में राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री के नाते हमने वर्षों से लंबित म्यूटेशन एवं परिमार्जन को विभागीय पोर्टल के माध्यम से युद्धस्तर पर कार्यान्वित कराया जिसके फलस्वरूप फार्मर रजिस्ट्री की यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई। राज्य में कुल 4 करोड़ 54 लाख जमाबंदी कायम है। कृषि विभाग के पोर्टल पर अभी तक 88 लाख 40 हजार किसानों का ई-के0वाई0सी0 पूर्ण किया गया है जिसमें से 47 लाख 85 हजार किसानों का फार्मर आई0डी0 बना है। शेष 40 लाख 54 हजार किसानों का फार्मर आई0डी0 तैयार किया जाना है। हमारा संकल्प है कि राज्य के सभी किसानों का फार्मर आई0डी0 बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में हमने 47 लाख 85 हजार से अधिक किसानों का सफल पंजीकरण कर एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जिसकी चर्चा आज पूरे देश में हो रही है।

# पशुपालन क्षेत्र में बिहार को अग्रणी बनाने की दिशा में तेजी से हो रहा कार्य : मंत्री नंदकिशोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन मंत्री नंदकिशोर राम ने मंगलवार को बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का दौरा कर वहां संचालित शिक्षण, शोध एवं प्रसार गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य में पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य क्षेत्र को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की। विश्वविद्यालय पहुंचने पर कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पौधा भेंट कर मंत्री का स्वागत किया। कुलपति ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, पशु स्वास्थ्य जांच शिविरों, टीकाकरण अभियानों, आधुनिक शोध कार्यों तथा पशुपालकों के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उत्पादों जैसे बटेर लिट्टी, चिकेन लिट्टी एवं व्हे सूप आदि के बारे में भी अवगत कराया।

बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री नंदकिशोर राम ने कहा कि बिहार का गौरवशाली इतिहास रहा है और राज्य को पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करने होंगे। उन्होंने वैज्ञानिकों को 'बिहार का भाग्य निर्माता' बताते हुए कहा कि उनके शोध एवं नवाचार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पशुपालकों की आय बढ़ाने एवं रोजगार सृजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने गौवंश के साथ भैंस पालन को बढ़ावा देने, मुर्रा नस्ल के संवर्धन तथा रोजगारपरक योजनाओं के निर्माण पर विशेष बल दिया। साथ ही राज्य में दो नए पशु विज्ञान महाविद्यालय खोलने की दिशा में पहल किए जाने की बात भी कही। दौरे के दौरान मंत्री ने विश्वविद्यालय के पशु प्रक्षेत्र परिसर का निरीक्षण किया तथा देशी नस्लों के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य में पशुपालन के क्षेत्र में हो रहे विकास को और गति देने के लिए सरकार एवं विश्वविद्यालय मिलकर कार्य करेंगे, ताकि इसका सीधा लाभ पशुपालकों तक पहुंच सके। इस अवसर पर विभाग एवं विश्वविद्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

# पटना कॉलेज में पौधारोपण एवं सकोरा वितरण कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना कॉलेज में एनवायरनमेंट वॉरियर्स एवं हमारी गौरैया के द्वारा वृक्षारोपण एवं पक्षियों के लिए घोंसला एवं सकोरा लगाने का कार्यक्रम रजनीश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को किया गया जिसमें पटना कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। साथ ही महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए दाना-पानी के लिए सकोरा लगाया गया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि जल ही जीवन है एवं वृक्ष मनुष्य के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे देश में पक्षियों के कई प्रजाति गायब हो गए या हो रहे हैं उसे संरक्षित करने हेतु एक वातावरण बनाना होगा तभी हम लोग विलुप्त प्रजातियों को संरक्षित कर सकते हैं। इस कार्य में भूगोल विभाग के डॉ. राकेश कुमार गोंड, डॉ.रणजीत कुमार, डॉ. अनिल कुमार अकेला, डॉ. उदय शंकर, डॉ. मोहम्मद सलीम अख्तर एवं अन्य कॉलेज कर्मी उपस्थित थे। एनवायरनमेंट वॉरियर्स से शानू कुमार राज, निश्चल कुमार, रिम्पी ऐश्वर्य, प्रिया कुमारी, प्रियांशु रंजन, राज कुमार, संजन कुमार, दानिश अख्तर आदि उपस्थित थे।

# डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री बनने पर मंत्री श्रवण कुमार ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जनता दल यू विधायक दल के नेता, ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन सम्पर्क मंत्री श्रवण कुमार ने प्रेस बयान जारी कर डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा को पुनः असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कहा कि असम की जनता ने आपके कार्यों, विकास की सोच और मजबूत नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए आपको पुनः राज्य की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। आपके पुनः मुख्यमंत्री बनने से असम विकास, सुशासन और सामाजिक समरसता के नए आयाम स्थापित करेगा।


# क्षमता निर्माण और प्रभावी मॉनिटरिंग से विकास योजनाओं को मिलेगी नई रफ्तार : अपर मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग, डेटा आधारित मूल्यांकन तथा विभागीय समन्वय को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से राज्य के समग्र एवं संतुलित विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकेगा। योजना एवं विकास विभाग की ओर से मंगलवार को विभाग के अंतर्गत राज्य सरकार की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की द्विदिवसीय कमिश्नरीवार समीक्षात्मक बैठक का शुभारंभ हुआ। बैठक का उद्घाटन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने किया। यह समीक्षा एवं अनुश्रवण बैठक 12 एवं 13 मई 2026 को आयोजित की जा रही है। आयोजित समीक्षा बैठक में तिरहुत प्रमंडल, पूर्णिया प्रमंडल, कोसी प्रमंडल, दरभंगा प्रमंडल एवं सारण प्रमंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान योजनाओं की प्रगति, वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियों, लंबित कार्यों तथा क्षेत्रीय स्तर पर आ रही चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अपने उद्घाटन संबोधन में अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कमिश्नरीवार समीक्षा व्यवस्था से योजनाओं की जमीनी प्रगति का बेहतर आकलन संभव हो रहा है तथा इससे क्षेत्रीय समस्याओं के त्वरित समाधान में सहायता मिल रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। बैठक के दौरान पंचायत सरकार भवन, मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-ऋक्ष विशेष केंद्रीय सहायता योजना, समेकित शरणालय निर्माण योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण योजना, ई-किसान भवन, कृषि सड़क एवं पथकर निर्माण योजनाओं सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विभाग के अधिकारी, संबंधित प्रमंडलों के पदाधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# हिमांता बिस्वा सरमा को दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने हिमांता बिस्वा सरमा को असम के मुख्यमंत्री पद की लगातार दूसरी बार शपथ लेने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि हिमांता बिस्वा सरमा ने अपने दृढ़ संकल्प, कुशल प्रशासनिक क्षमता और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के बल पर देश की राजनीति में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उनका नेतृत्व पूर्वोत्तर भारत में विकास, सुशासन और राजनीतिक स्थिरता का नया अध्याय लिख रहा है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि हिमांता बिस्वा सरमा ने जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रभावी प्रशासन के माध्यम से असम को नई दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जनता के हित में लिए गए फैसलों और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें जनप्रिय नेता के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमांता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में और अधिक मजबूती से आगे बढ़ेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि उनका कार्यकाल देश के अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

### बिहार कांग्रेस ने की संगठन सृजन अभियान की समीक्षा

# बीस जून तक हो जाएगा प्रदेश कमेटी का गठन : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मंगलवार को मैराथन बैठकें आयोजित की गई। सबसे पहले 53 सांगठनिक जिलों के अध्यक्षों के साथ बैठक हुई इसके ठीक बाद सभी जिला पर्यवेक्षकों और जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक हुई। संगठन सृजन अभियान की समीक्षा के लिए बुलाई गई इन बैठकों में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने स्पष्ट कहा कि प्रखंड स्तर पर आगामी 5 जून तक संगठन सृजन का काम हर हाल में पूरा कर लेना है। राजेश राम ने स्पष्ट कहा कि तय सीमा में काम करना सबके लिए अनिवार्य है, पार्टी अनुशासन के मामले में किसी भी स्तर पर कोई ढील नहीं देगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने एक बड़ी घोषणा की। राजेश राम ने कहा कि हर हाल में 20 जून तक सभी जिला कमिटियों और प्रदेश कमिटी का गठन कर लिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु ने संगठन के व्यापक स्वरूप पर चर्चा की और स्पष्ट कहा कि जो लोग मेहनत कर रहे हैं वह चाहे नए लोग हों या पुराने पार्टी में उनकी बड़ी भूमिका तय की जाएगी। नए लोगों को पूरा अवसर दिया जाएगा। सेकेंड लाइनर लीडरशिप को आगे बढ़ाकर कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूती दी जाएगी। इसी के साथ राज्य भर में फैली कांग्रेस की परिसंपत्तियों पर से भू माफिया का कब्जा हटाकर राज्य के निर्माण में उनका इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाएगा।

# पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर मंत्री श्रवण कुमार ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने कुर्था के पूर्व विधायक बागी कुमार वर्मा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने शोक संदेश में कहा है कि स्वर्गीय विधायक का राजनीतिक सफर अभूतपूर्व रहा है। उनके जाने से समाज को गहरी क्षति हुई है। सूचना-जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि 77 वर्ष की उम्र में बागीजी का निधन दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। जहानाबाद जिला के मखदुमपुर प्रखंड के झमन विगहा निवासी बागी कुमार वर्माजी पूर्व में बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री रह चुके हैं। 1995 से 2005 तक वे मखदुमपुर विधानसभा से विधायक भी रहे। उनके निधन से राजनैतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। मंत्री ने पूर्व विधायक की आत्मा की शांति और दुख की घड़ी में शुभचिंतकों तथा परिवार के सदस्यों को शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

# शिक्षा मंत्री से मिला परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ का प्रतिनिधिमंडल, समस्याओं के समाधान का मिला भरोसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने नवमनोनीत शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान महासंघ के पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर शिक्षा मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के शिक्षकों को आ रही विभिन्न प्रशासनिक और सेवा संबंधी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। महासंघ के नेताओं ने शिक्षकों के लंबित मामलों, वेतन विसंगतियों और कार्यदशाओं में सुधार को लेकर एक मांग पत्र भी सौंपा। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार शिक्षकों के हितों के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं और उनकी जायज समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र हल किया जाएगा। मुलाकात के बाद महासंघ के नेताओं ने मीडिया से बात करते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी-नवनीत कुमार (प्रदेश अध्यक्ष) एवं प्रणय कुमार (प्रदेश संयोजक)-शिक्षा मंत्री के साथ सकारात्मक माहौल में बातचीत हुई है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों पर ठोस निर्णय लिया जाएगा।

# लाभुकों तक समय पर योजनाएं पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता : श्वेता गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समाज कल्याण विभाग की मंत्री डॉ. श्वेता गुप्ता ने समेकित बाल विकास परियोजना निदेशालय के स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों की बेहतर सुविधाएं, बुनियादी ढांचा और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किराए के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को चरणबद्ध तरीके से सरकारी भवनों में स्थानांतरित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके साथ ही आईसीडीएस के लिए एक समर्पित टोल-फ्री नंबर जारी करने का भी निर्देश दिया। इसकी मदद से लाभुकों और आमजनों की शिकायतों और सुझावों का त्वरित समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि निदेशालय की सभी योजनाओं को समय पर उपर्युक्त लाभुकों तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है।

# सनातन शाश्वत सत्य, इसे मिटाने का अहंकार पालने वाले खुद मिट गए : प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने तमिलनाडु के नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन के हालिया 'सनातन विरोधी' बयान पर कड़ा पलटवार करते हुए इसे उनकी वैचारिक शून्यता करार दिया है। प्रो. नंदन ने मंगलवार को पटना में जारी एक बयान में कहा कि जिस सनातन धर्म को मिटाने की बात उदयनिधि कर रहे हैं, वह किसी सत्ता या व्यक्ति की देन नहीं बल्कि एक शाश्वत सत्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक हार की खीझ अब उदयनिधि, एमके स्टालिन और उनकी पार्टी डीएमके सनातन धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी कर उतार रही है जो उन्हें और अधिक राजनीतिक रसातल की ओर ले जाएगा। प्रो. नंदन ने जोर देकर कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़े-बड़े आक्रांताओं ने भी इसे नष्ट करने का दंभ भरा था, लेकिन वे खुद इतिहास के कूड़ेदान में चले गए। प्रो. रणबीर नंदन ने उदयनिधि स्टालिन के बयान के पीछे की राजनीतिक मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सब चुनावी पराजय का परिणाम है। उन्होंने प्रमुखता से यह बात जोड़ी कि विधानसभा चुनाव में मिली शर्मनाक हार ने डीएमके नेतृत्व को विचलित कर दिया है। इसी हताशा और खीझ को अब सनातन धर्म पर प्रहार के रूप में निकाला जा रहा है। प्रो. नंदन के अनुसार इस तरह की ओछी राजनीति एमके स्टालिन और उनकी पार्टी को विनाश की ओर ले जाएगी क्योंकि भारत की जनता अपनी आस्था पर प्रहार कभी स्वीकार नहीं करती। प्रो. नंदन ने सनातन की व्याख्या करते हुए कहा कि यह 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के मूल मंत्र पर आधारित है। यह विचारधारा समाज में ऊंच-नीच नहीं, बल्कि आत्मा की एकता और समानता सिखाती है। उनके अनुसार जो लोग इसे विभाजनकारी कहते हैं वे केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने के लिए समाज में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि सनातन केवल एक पूजा पद्धति नहीं है बल्कि यह एक अत्यंत उन्नत जीवन दर्शन है जिसने भारत को कला, विज्ञान, साहित्य और संस्कृति का वैभव दिया है।

# योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता जरूरी : डा. संतोष सुमन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता और पारदर्शिता का पूरा ख्याल रखा जाय। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति की जांच के लिए अधिकारी खुद मौके पर जाएं। रिपोर्ट तैयार कर 15 जून तक अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं। डॉ. सुमन ने कहा कि जल्द ही वह अलग-अलग जिलों में चल रहे विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे। अच्छा कार्य करने वाले बधाई के पात्र होंगे जबकि लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री डॉ. सुमन मंगलवार को जल भवन में आयोजित विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपस्थित पदाधिकारी और अभियंताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर कोई भी अधिकारी गड़बड़ी करता है तो इसमें बदनामी सरकार की होती है। इस लिए सभी पदाधिकारियों को अपने कार्यों में पारदर्शिता और ईमानदारी बरतने की जरूरत है।

# 80 साल से अधिक के बुजुर्गों को घर तक राशन पहुंचाने की तैयारी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** खाद्य एवं उपभओक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को उनके घर तक खाद्यान्न पहुंचाने के लिए पायलट परियोजना लागू करने की संभावनाओं का आकलन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पायलट परियोजना के परिणामों के आधार पर इसे राज्यव्यापी स्तर पर लागू किया जाएगा। गौरतलब हो कि मंत्री अशोक चौधरी ने बीते शुक्रवार को विभाग में पदभार ग्रहण करते समय इसकी घोषणा की थी। अब वे इसपर तेजी से काम कर रहे हैं। बैठक में मंत्री अशोक चौधरी ने सही समय पर सही मात्रा में लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। खाद्यान्न आपूर्ति में लापरवाही बरतने वाले ट्रांसपोर्टरों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लाभुकों को समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सहकारिता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर दलहन खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# मॉनसून से पहले जब्त बालू की नीलामी कर करें निष्पादन : निदेशक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खान एवं भूतत्व विभाग की विभागीय समीक्षात्मक बैठक निदेशक मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राज्य के सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया। बैठक में बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2026 का प्रशिक्षण सभी जिलों के खनिज विकास पदाधिकारियों को दिया गया। निदेशक ने कहा कि लंबित कार्य योजनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा मॉनसून अवधि को ध्यान में रखते हुए बालू घाटों की जल्द बंदोबस्ती की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। पर्यावरणीय स्वीकृति (ईसी/सीटीओ/सीटीई) से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि मॉनसून से पहले सभी लंबित मामलों का निष्पादन जल्द करें, ताकि बालू घाटों का संचालन बाधित न हो। इसके अतिरिक्त जब्त बालू के मामलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि मॉनसून पूर्व सभी जब्त बालू की निलामी कराया जाए तथा जब्त बालू का निष्पादन बिहार वित्त नियमावली के प्रावधानों के अंतर्गत किया जाएगा।

# भ्रष्टाचार मुक्त व गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य हों सुनिश्चित : सुनील कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार के ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर कोई भी लापरवाही या भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता में सुधार, तय समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण करने और सीमित सरकारी संसाधनों के सदुपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन बसावटों में जहां विशेष रूप से कमजोर वर्ग और मिश्रित आबादी रहती है और जहां मुख्य रूप से भूमि विवाद या अन्य कारणों से अबतक संपर्क पथ नहीं बन पाया है, उन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर मुख्य मार्गों से जोड़ा जाए।

ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार मंगलवार को विभागीय मुख्यालय में एक परिचयात्मक एवं समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस बैठक में विभाग के सचिव, अपर सचिव सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। साथ ही, राज्य के सभी प्रमंडलों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस बैठक से जुड़े रहे। ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी तीन महीने के लिए स्पष्ट प्राथमिकताएं तय कीं हैं। उन्होंने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और अनुशासन को लेकर उन्होंनें कई सलाह भी दी।

# संपादकीय

## नतीजों के बाद क्यों जल उठता है बंगाल?

पहले से ही वहां इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। पश्चिम बंगाल में चुनावों के दौरान और उसके बाद हिंसक घटनाओं का एक लंबा इतिहास रहा है। विडंबना यह है कि इस तरह की घटनाओं की निंदा तो सभी दल करते हैं, लेकिन उसे रोकने के लिए कुछ भी ऐसा नहीं किया जाता, ताकि हिंसा के हालात बनें ही नहीं।गौरतलब है कि राज्य में इस बार विधानसभा के लिए हुए चुनावों के दौरान कोई बड़ी हिंसक घटना सामने नहीं आई, लेकिन नतीजे आने के बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे साफ है कि हिंसा का सहारा लेने वाले असामाजिक तत्त्वों को रोकने के मद्देनजर एहतियातन कुछ भी नहीं किया गया। नतीजतन, बुधवार को राज्य में भाजपा के कद्दावर नेता शुभेंदु अधिकारी के सहायक सहित पांच लोगों की हत्या की खबर आई। इसके अलावा, कई लोग घायल भी हुए।पहले से ही वहां इस बात की आशंका लगातार बनी हुई थी कि चुनाव प्रचार के दौरान आक्रामक खींचतान का असर नतीजों के बाद टकराव के तौर पर सामने आ सकता है। मगर ऐसी स्थितियों से निपटने में प्रशासनिक विफलता का ही यह नतीजा है कि राज्य में कई जगहों पर हिंसा और अराजकता के हालात पैदा हुए।सवाल है कि आखिर किन वजहों से राज्य प्रशासन इस बात का आकलन करने में नाकाम रहा कि चुनावी नतीजों के बाद मुख्य राजनीतिक पक्षों के बीच का तनाव हिंसा में भी फूट सकता है। चुनाव के दौरान बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की वजह से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संभव हो सका, तो क्या ऐसा बाद में भी नहीं हो सकता था? राज्य के चुनावों में एक समय ऐसे तनाव और टकराव के पक्ष अलग थे, लेकिन वहां की सियासी तस्वीर में समय के साथ हुए बदलाव के बाद अब वहां के दो प्रतिद्वंद्वी दल मुख्य रूप से तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं। करीब पंद्रह वर्ष बाद वहां तृणमूल कांग्रेस के सत्ता से बाहर होने के बाद राज्य में कई जगहों पर सुरक्षा बलों की उपस्थिति के बावजूद हिंसक झड़प और तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आईं।प्रतिद्वंद्वी राजनीतिक दलों के कार्यालयों में तोड़फोड़, आगजनी और उनके समर्थकों तथा कार्यकर्ताओं के घरों तक पर हमले की खबरें यह बताती हैं कि राजनीतिक दलों के बीच अपने विरोधियों के प्रति लोकतांत्रिक उदारता दिखाने की औपचारिकता भी खत्म होती जा रही है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाओं के दो सौ से ज्यादा प्राथमिकी दर्ज की गईं और करीब साढ़े चार सौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। मगर जो काम पुलिस और प्रशासन ने स्थिति बेलगाम हो जाने के बाद किया, अगर पहले ऐसे कदम उठाए जाते, तो शायद कई जगहों पर हिंसा को रोका जा सकता था।यह समझना मुश्किल है कि जो लोग नाहक या फिर प्रतिक्रिया के तौर पर हिंसक गतिविधियों का सहारा लेते हैं, वे आखिर क्या हासिल करना चाहते हैं। फिर आक्रामकता और अराजकता का सहारा लेकर ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं?यह ध्यान रखने की जरूरत है कि लोकतांत्रिक परंपराओं में विश्वास रखने वाला कोई भी व्यक्ति चुनावी नतीजों का विश्लेषण करता है और परिपक्व तरीके से उस पर सभ्य प्रतिक्रिया देता है। अफसोस की बात यह है कि राजनीतिक दलों और उनके शीर्ष नेतृत्व की ओर से अपने समर्थकों को नियंत्रित रखने और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध या समर्थन जाहिर करने को लेकर शायद ही कभी कोई संदेश जारी किया जाता है।

# प्रधानमंत्री द्वारा 'विदेशी मुद्रा बचाने' के आह्वान के राजनीतिक-आर्थिक निहितार्थ

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी प्रकार की आपदा को अवसर में बदलना जानते हैं। पहले कृत्रिम वैश्विक महामारी कोरोना (कोविड-19), फिर रूस-यूक्रेन युद्ध और अब अमेरिका/इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। फिलवक्त मौजूदा वैश्विक संकट से भारत को निजात दिलाने और इससे प्रभावित हो रहे आम भारतीयों के हितों की रक्षा करने के लिए ही उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने, आयातित वस्तुओं का उपभोग मितव्ययिता पूर्वक करने और इनके मौजूद देशी विकल्प को आजमाते हुए स्थायी हल निकालने और उनपर निर्भर होने की दिशा में जनसहयोग का आह्वान करके सबको चौंका दिया है।**

**(कमलेश पांडे)**

भारत-यूरोप की बढ़ती नजदीकियों और उसको निकट भविष्य में और अधिक बल देने वाली विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अमल से चिढ़े अमेरिकी डीप स्टेट और उनके चीनी-अरबी पिट्ठुओं ने पहले ईरान को बर्बाद करने और फिर इंडिया को उसकी तपिश में झुलसाने की जो कुचक्र रची है, अब भारत उसकी भी काट ढूंढ चुका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी प्रकार की आपदा को अवसर में बदलना जानते हैं। पहले कृत्रिम वैश्विक महामारी कोरोना (कोविड-19), फिर रूस-यूक्रेन युद्ध और अब अमेरिका/इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। फिलवक्त मौजूदा वैश्विक संकट से भारत को निजात दिलाने और इससे प्रभावित हो रहे आम भारतीयों के हितों की रक्षा करने के लिए ही उन्होंने विदेशी मुद्रा बचाने, आयातित वस्तुओं का उपभोग मितव्ययिता पूर्वक करने और इनके मौजूद देशी विकल्प को आजमाते हुए स्थायी हल निकालने और उनपर निर्भर होने की दिशा में जनसहयोग का आह्वान करके सबको चौंका दिया है।

समझा जाता है कि अमेरिका, चीन, यूरोप और अरब के कुछ देशों के द्वारा लगातार भारत विरोधी षड्यंत्र किए जा रहे हैं। कोई अपना इस्लामिक एजेंडा भारत पर थोपना चाहता है तो कोई भारत-रूस के भरोसेमंद सम्बन्धों में पलीता लगाना चाहता है और कोई भारत को पाकिस्तान, बंग्लादेश और चीन के त्रिपक्षीय कुचक्र में उलझा कर अपना आर्थिक हित साधना चाहता है। जबकि, तेजी से आर्थिक और सैन्य उन्नति कर रहा 21वीं सदी का भारत अब रूस-ईरान-इजरायल के सहयोग से मध्य एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप के बाजारों तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है।

भारत-यूरोप की बढ़ती नजदीकियों और उसको निकट भविष्य में और अधिक बल देने वाली विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं पर अमल से चिढ़े अमेरिकी डीप स्टेट और उनके चीनी-अरबी पिट्ठुओं ने पहले ईरान को बर्बाद करने और फिर इंडिया को उसकी तपिश में झुलसाने की जो कुचक्र रची है, अब भारत उसकी भी काट ढूंढ चुका है। इस बार भारत ने लोकल फ़ॉर वोकल और चीनी वस्तुओं के बहिष्कार करने की जगह विदेशी मुद्रा बचाने हेतु विभिन्न सकारात्मक पहल करने का आह्वान किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मौजूदा सरकार अपनी त्रासदी से निपटने के लिए आपसे कोई सोना नहीं मांग रही है, बल्कि अगले 1 साल तक इनकी खरीदारी कम करने की बात कह रही है ताकि विदेशी मुद्रा बचे। इसी कड़ी में उन्होंने उन तमाम वस्तुओं का जिक्र बारी-बारी से किया और कहा कि इनपर विदेशी मुद्रा ज्यादा खर्च होते हैं, इसलिए अगले 1 साल तक इनका संयमित उपभोग कीजिए। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कीजिए।

स्पष्ट है कि यह सिर्फ देशभक्ति वाला संदेश नहीं होता; बल्कि यह आर्थिक संकेत भी होता है कि सरकार को वैश्विक अनिश्चितता, महंगे आयात, या डॉलर पर दबाव की चिंता है। ऐसा इसलिए कि जब विदेशी मुद्रा पर दबाव होता है, तब देश कोशिश करता है कि रुपये पर ज्यादा दबाव न पड़े, जरूरी आयात (तेल, दवा, रक्षा) जारी रह सकें, महंगाई नियंत्रित रहे, विदेशी मुद्रा भंडार सुरक्षित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत की विदेशी मुद्रा कई बड़े क्षेत्रों में खर्च होती है, लेकिन सबसे ज्यादा खर्च आयात पर होता है।

अगर सबसे ज्यादा की बात करें, तो आमतौर पर क्रम कुछ ऐसा रहता है- 1. कच्चा तेल 2. इलेक्ट्रॉनिक्स/मशीनरी 3. सोना 4. रसायन/उर्वरक 5. रक्षा खरीद। हाल के वर्षों में भारत का सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा खर्च कच्चे तेल के आयात पर ही रहा है। उनके हाल के बयान की बात करें तो मौजूदा वैश्विक संकट (जैसे युद्ध, तेल कीमतें, सप्लाई-चेन दबाव) के बीच प्रधानमंत्री ने विदेशी मुद्रा बचाने की बात जब कही, तो इसका अर्थ आमतौर पर यह होता है कि भारत डॉलर में होने वाले खर्च को कम करे और आय बढ़ाए।

उल्लेखनीय है कि ऐसे आह्वानों के मुख्य बिंदु आमतौर पर ये होते हैं- आयात कम करना/ आत्मनिर्भरता बढ़ानाङ्क खासकर तेल, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, खाद्य तेल जैसी चीजों में विदेश निर्भरता घटाना। लोकल खरीदें और घरेलू उत्पादन बढ़ाने की बात इसी से जुड़ती है।



इसलिए प्रधानमंत्री द्वारा विदेशी मुद्रा बचाने की बात का राजनीतिक-आर्थिक मतलब संदर्भ पर निर्भर करता है, लेकिन आम तौर पर इसके कई स्तर होते हैं। इसके मायने क्या हैं? इसे ऐसे समझते हैं।

पहला, आर्थिक मायने- आयात बिल कम करने का संकेत। चूंकि भारत का बड़ा विदेशी मुद्रा खर्च तेल, सोना और इलेक्ट्रॉनिक्स आयात पर होता है। लिहाजा जब सरकार विदेशी मुद्रा बचाने की बात करती है, तो अक्सर मतलब होता है- घरेलू उत्पादन बढ़ाओ (मेक इन इंडिया जैसी नीति), आयातित वस्तुओं पर निर्भरता घटाओ, ऊर्जा बचत या वैकल्पिक ऊर्जा को बढ़ावा दो और रुपये और व्यापार घाटे पर दबाव कम करो। क्योंकि अगर बहुत ज्यादा डॉलर बाहर जाते हैं तो रुपये पर दबाव पड़ सकता है और व्यापार घाटा बढ़ सकता है।

इसलिए विदेशी मुद्रा बचाने का संदेश बाजार को यह संकेत भी देता है कि सरकार बाहरी आर्थिक जोखिमों को लेकर सतर्क है। चूंकि ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा अहम है इसलिए तेल आयात महंगा होने पर सरकार कभी-कभी ईंधन बचत, एथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक वाहन, या घरेलू उत्पादन पर जोर देती है ताकि डॉलर खर्च कम हो। वहीं, विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत रखने से आयात भुगतान, संकट प्रबंधन और निवेशकों का भरोसा बनाए रखने में मदद मिलती है।

दूसरा, राजनीतिक मायने- आत्मनिर्भरता की राजनीतिक कथा जैसा संदेश अक्सर देशी बनाम विदेशी निर्भरता या आत्मनिर्भरता के नैरेटिव से जुड़ता है—यानी आर्थिक राष्ट्रवाद का तत्व। वहीं जनता से व्यवहार परिवर्तन की अपील के पीछे कभी-कभी सरकार जनता से कुछ आदतें बदलने (जैसे ऊर्जा बचत, आयातित वस्तुओं का कम उपयोग) की नैतिक अपील करती है, ताकि नीति को सामाजिक समर्थन मिले। इससे कठिन आर्थिक समय का संकेत भी मिलता है।

स्पष्ट है कि यदि बयान ऐसे समय आए जब तेल महंगा हो, डॉलर मजबूत हो, या वैश्विक संकट हो, तो यह आर्थिक सावधानी का संकेत भी माना जा सकता है—हालाँकि जरूरी नहीं कि संकट ही हो। जहां तक नीतिगत फैसलों की पृष्ठभूमि तैयार करने की बात है तो ऐसे बयान आगे चलकर कुछ कदमों (आयात शुल्क, उत्पादन प्रोत्साहन, ऊर्जा नीति, निर्यात बढ़ावा) के लिए राजनीतिक आधार भी बना सकते हैं।

आइए, यहां पर हमलोग समझते हैं कि किन-किन वस्तुओं पर विदेशी मुद्रा ज्यादा खर्च होती है-

पहला, कच्चा तेल और पेट्रोलियम आयात- भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा तेल विदेशों से खरीदता है। इसलिए विदेशी मुद्रा का सबसे बड़ा खर्च तेल, गैस और पेट्रोलियम उत्पादों पर होता है। उदाहरण- ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) जैसी घरेलू कंपनियाँ उत्पादन करती हैं, फिर भी आयात बहुत अधिक है।

दूसरा, सोना आयात- भारत दुनिया के सबसे बड़े सोना उपभोक्ताओं में है। ज्वेलरी और निवेश के लिए भारी मात्रा में सोना आयात किया जाता है, जिससे डॉलर में भुगतान करना पड़ता है।

तीसरा, इलेक्ट्रॉनिक्स और मशीनरी- मोबाइल फोन के पार्ट्स, सेमीकंडक्टर, कंप्यूटर उपकरण, औद्योगिक मशीनें आदि विदेशों से आती हैं। जैसे एप्पल इंक. या अन्य ब्रांडों के कंपोनेंट्स का आयात।

चौथा, रक्षा उपकरण- लड़ाकू विमान, हथियार, रक्षा तकनीक और सैन्य उपकरणों की खरीद पर भी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। उदाहरण- राफेल जैसे विमान खरीद।

पांचवां, रसायन, उर्वरक और दवाओं का कच्चा माल- खेती के लिए उर्वरक और दवा उद्योग के लिए कई सक्रिय रसायन विदेशों से मंगाए जाते हैं।

छठा, विदेश यात्रा और शिक्षा- भारतीय जब विदेश में पढ़ाई, इलाज, पर्यटन या बिज़नेस के लिए खर्च करते हैं, तब भी विदेशी मुद्रा बाहर जाती है।

सातवां, विदेशी कंपनियों को भुगतान- टेक्नोलॉजी, सॉफ्टवेयर लाइसेंस, रॉयल्टी, निवेशकों को मुनाफा आदि के रूप में भी डॉलर/विदेशी मुद्रा जाती है।

आठवां, ऊर्जा बचत- तेल आयात भारत का बड़ा विदेशी मुद्रा खर्च है। पेट्रोल-डीजल की खपत कम करना, गैस/बिजली की बचत, वैकल्पिक ऊर्जा अपनाना—इनका सीधा असर डॉलर बचत पर पड़ता है। वैश्विक संघर्षों से तेल आपूर्ति प्रभावित होने की चिंता सरकार ने भी जताई है।

नौवां, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा- विदेशी सामान की जगह भारतीय उत्पाद खरीदने से डॉलर बाहर कम जाता है। वोकल फॉर लोकल का आर्थिक मतलब यही है।

दसवां, निर्यात और निवेश बढ़ाना- विदेश से डॉलर कमाने के लिए निर्यात, सेवाएँ, और विदेशी निवेश आकर्षित करने पर जोर। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# पश्चिम बंगाल में 10 काम जो सबसे पहले करना चाहेगी बंगाल की शुभेंदु सरकार, कुछ फैसलों से होगा देश पर असर

**(सत्येंद्र प्रताप सिंह)**

ममता बनर्जी अपनी पराजय के लिए भले ही एसआईआर को वजह बता रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर सत्ता विरोधी लहर थी। पराजय के बाद टीएमसी के नेता ही अब विफलताओं व कमियों को गिना रहे हैं। भाजपा भी इन विफलताओं व कमियों को भांपते हुए 10 कार्य जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर जितना जल्द हो सके करना चाहेगी।

भाजपा के शीर्ष नेताओं में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी के हर भाषण में घुसपैठ और भ्रष्टाचार मुख्य मुद्दा था। ऐसे में घुसपैठियों को रोकने के लिये और भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शी सरकार देना पहली प्राथमिकता होगी। कानून व्यवस्था को भी मजबूत व विश्वसनीय बनाना प्राथमिकता होगी। प्राथमिकता के आधार पर 10 कार्यों पर एक नजर डालते हैं।

01. बांग्लादेश से आने वाले घुसपैठियों पर रोक लगाना शुरू से ही भाजपा का एजेंडा रहा है। ऐसे में शुभेंदु सरकार पहला काम इसी मुद्दे पर करेगी। इसके लिए भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी मजबूत की जाएगी। घुसपैठियों को पहचान कर वापस भेजा जाएगा। बांग्लादेशी घुसपैठियों को शह देने वाले वालों पर सख्ती की जाएगी।

02. ममता बनर्जी के शासन में हुए भ्रष्टाचार, कट मनी, सिंडिकेट राज आदि को उजागर करने के लिए व्हाइट पेपर जारी किया जाएगा। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेस के तहत भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश दिए जाएंगे। साथ ही कट मनी संस्कृति को पूरी तरह खत्म किया जाएगा।

03. राजनीतिक हिंसा को पूरी तरह समाप्त करना और पुलिस प्रशासन को दलीय राजनीति से मुक्त कर भयमुक्त व निष्पक्ष बनाना। राजनीतिक प्रतिशोध में मामलों पर रोक लगाना ताकि पुलिस प्रशासन पर आम जनता का विश्वास लौट सके।

04. संदेशखाली और आरजीकर सरीखा कांड भविष्य में न हो इसके लिए महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाना और कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना। लखी भंडार की जगह अन्नपूर्णा भंडार लागू करना। इस योजना के तहत हर महीने 1 से 5 तारीख के मध्य 3 हजार रुपये ट्रांसफर करेगी। साथ ही महिलाओं के लिए सरकारी नौकरियों में 33त्न आरक्षण भी दिया जाएगा।

05. बेरोजगार युवाओं को 3 हजार रुपये का बेरोजगारी भत्ता देना। इसके साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए युवाओं को 15 हजार रुपये का फंड मिलेगा। वहीं भर्ती घोटालों से प्रभावित युवाओं को आयु सीमा में 5 साल की छूट दी जाएगी। युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया शुरू करने और एक करोड़ नौकरियां देने के लक्ष्य पर भी काम होगा।

06. औद्योगिकरण और रोजगार के लिए राज्य में बंद पड़े कल कारखानों को चालू कराना, नई इंडस्ट्री लाना और रोजगार के रास्ते खोलना प्राथमिकता होगी। सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों को तेजी से भरना और पारदर्शिता लाना।

07. स्वास्थ्य सेवाओं का आधुनिकीकरण और सरकारी अस्पतालों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और चिकित्सा सुविधाओं को दुरुस्त करना। राज्य सरकार के स्वास्थ्य साथी कार्ड पर विचार और आयुष्मान भारत कार्ड पर निर्णय लेना।

08. इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी के तहत ग्रामीण इलाकों में बेहतर सड़कें बनाना और मुख्य सड़कों से जोड़ना। पुरुलिया, मालदा, बालुरघाट जैसे हवाई अड्डों का परिचालन जितना जल्द हो सके सुनिश्चित करना। उत्तर बंगाल के विकास में रफ्तार लाना। खासकर, दार्जिलिंग हिल्स में गोरखा समुदाय की मांगों का स्थायी समाधान करना और उत्तर बंगाल में चार नए शहर विकसित करना।

09. डबल इंजिन सरकार आने के बाद किसानों को केंद्र का समर्थन दिलाना। कृषक बंधु योजना के अलावा पीएम-किसान सम्मान निधि जैसी केंद्रीय योजनाओं को पूर्ण रूप से लागू करना। जूट उद्योग को विशेष प्राथमिकता देना।

10. राज्य के सरकारी कर्मचारियों को लंबित 7वें वेतन आयोग का पूरा लाभ और भयमुक्त कामकाजी माहौल देना। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में कहा था कि सत्ता संभालते ही 45 दिनों के अंदर राज्य में 7वें वेतन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाएगा। इसके तहत कर्मचारियों पेंशनभोगियों की तनख्वाह बढ़ाई जाएगी और उन्हें महंगाई भत्ते के बकाया का भुगतान किया जाएगा। बहरहाल, प्राथमिकता के 10 कार्यों में शुभेंदु सरकार की नजर कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास और औद्योगीकरण पर रहने की उम्मीद है। खजाना खाली है लेकिन डबल इंजिन सरकार बनने के बाद राज्य सरकार, केंद्र सरकार से उम्मीद तो कर ही सकती है।यह लेखक के निजी विचार हैं।

# राजनीतिक विमर्श का जरिया बनी झालमुढ़ी वालों के फिरेंगे दिन

**पश्चिम बंगाल ही नहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, समूचे बिहार, झारखंड और उड़ीसा में झालमुढ़ी खानपान का अभिन्न अंग है। झालमुढ़ी में दो शब्द हैं। पहला शब्द है झाल, जिसका मतलब होता है तीखा..ऐसा तीखापन, जिसका असर सिर्फ जुबान पर ही नहीं महसूस हो, बल्कि जुबान की सिसियाहट के साथ नाक के रास्ते भी हल्की झलन का अहसास है। इस शब्द के मूल में है मुढ़ी, जिसे कहीं मुड़ी तो कहीं मुर्ही कहा जाता है। इसमें प्याज, टमाटर, नमकीन, हरी मिर्च, सरसों तेल, नमक और भुना जीरा आदि डालकर जो मिश्रण तैयार किया जाता है, उसे झालमुढ़ी या झालमुड़ी कहा जाता है। इसी झालमुढ़ी को झारखंड से सटे पश्चिम बंगाल के झारग्राम जिले में 19 अप्रैल के दिन चुनाव प्रचार के बीच सड़क पर उतर कर मात्र दस रूपए में खरीदकर जब प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद महिलाओं-बच्चों के साथ मिलकर खाया था।**

**(उमेश चतुर्वेदी)**

विशेषकर बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में मुढ़ी या मुड़ी तैयार की जाती है। इसके लिए पहले धान को उबाला जाता है, फिर उसे सुखाकर जो चावल निकाला जाता है, उसे भूनने के बाद मुढ़ी या मुड़ी का रूप मिलता है। इस तरह से कह सकते हैं कि मुढ़ी या मुड़ी सेला चावल का भुना हुआ रूप है।

पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे आ चुके हैं। शुभेंदु अधिकारी की अगुआई में राज्य में नई सरकार बन चुकी है। ममता बनर्जी की सरकार इतिहास के पन्नों में सिमट गई है। यूं तो हर चुनाव अभियान के साथ तमाम घटनाएं इतिहास में समाती रहती हैं। उनमें से कुछ का प्रभाव बरसों तक रहता है। पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनाव अभियान में एक घटना ऐसी घटी, जिसने ना सिर्फ पश्चिम बंगाल के वोटरों पर अमिट छाप छोड़ी, बल्कि बांग्ला खान-पान और संस्कृति से उन लोगों को भी परिचित करा दिया, जो उससे अब तक सर्वथा अपरिचित थे।

पश्चिम बंगाल ही नहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, समूचे बिहार, झारखंड और उड़ीसा में झालमुढ़ी खानपान का अभिन्न अंग है। झालमुढ़ी में दो शब्द हैं। पहला शब्द है झाल, जिसका मतलब होता है तीखा..ऐसा तीखापन, जिसका असर सिर्फ जुबान पर ही नहीं महसूस हो, बल्कि जुबान की सिसियाहट के साथ नाक के रास्ते भी हल्की झलन का अहसास है। इस शब्द के मूल में है मुढ़ी, जिसे कहीं मुड़ी तो कहीं मुरमुरा तो कहीं मुर्ही कहा जाता है। इसमें प्याज, टमाटर, नमकीन, हरी मिर्च, सरसों तेल, नमक और भुना जीरा आदि डालकर जो मिश्रण तैयार किया जाता है, उसे झालमुढ़ी या झालमुड़ी कहा जाता है। इसी झालमुढ़ी को झारखंड से सटे पश्चिम बंगाल के झारग्राम जिले में 19 अप्रैल के दिन चुनाव प्रचार के बीच सड़क पर उतर कर मात्र दस रूपए में खरीदकर जब प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद महिलाओं-बच्चों के साथ मिलकर खाया था। इसके साथ ही झालमुढ़ी इंटरनेट सर्च की दुनिया में पहले नंबर पर पहुंच गई।

झालमुढ़ी में कई बार भुने हुए चने भी मिलाए जाते हैं तो कई बार भीगे हुए कच्चे चने तो कई बार उस चने से बनी घुघनी। जिन्हें घुघुनी के बारे में पता नहीं है, उनकी जानकारी के लिए बता दें कि भीगे हुए चने को जीरा, हरी मिर्च के सरसों तेल में छौंक लगाने के बाद सूखा और कई बार प्याज-टमाटर आदि मिलाकर मसालों को साथ भी पकाया जाता है। पश्चिम बंगाल ही क्यों, पूरे पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में मुढ़ी को विशेषकर शाम की चाय के वक्त खाया जाता है। इन इलाकों के स्कूलों, कॉलेजों के बाहर, कचहरियों में स्टेशन के सामने झालमुढ़ी के ठेले और खोमचे खूब दिख जाएंगे।

विशेषकर बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में मुढ़ी या मुड़ी तैयार की जाती है। इसके लिए पहले धान को उबाला जाता है, फिर उसे सुखाकर जो चावल निकाला जाता है, उसे भूनने के बाद मुढ़ी या मुड़ी का रूप मिलता है। इस तरह से कह सकते हैं कि मुढ़ी या मुड़ी सेला चावल का भुना हुआ रूप है। पश्चिम बंगाल और मिथिलांचल में तो मुढ़ी को पकौड़े के साथ भी खाया जाता है। पश्चिम बंगाल में तो इसे आलूचप के साथ विशेष रूप में पसंद किया जाता है। अब सवाल उठ सकता है कि आलूचप क्या होता है। दरअसल उबले आलू को मसलकर उसमें नमक, मसाले आदि मिलाकर उसकी टिक्की को बनाया जाता है। फिर उसे बेसन में डुबोकर छाना जाता है। इसे ही आलूचप कहा जाता है। वैसे आलूचप पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उड़ीसा में खूब प्रचलित है। विशेषकर शाम की चाय के वक्त।



झालमुढ़ी का पश्चिम बंगाल की राजनीति से खास रिश्ता है। राजनीतिक, चुनावी आदि चर्चाओं में चाय के साथ सहज उपलब्ध झालमुढ़ी ही होती है। कई बार सिर्फ मुढ़ी भी खाया जाता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शादी-विवाह मुंडन-जनेऊ के हल्दी और मंडप बनाने के दिन विशेषरूप से लोगों को सिर्फ मुढ़ी मिठाई या गुड़ के साथ नाश्ते में दी जाती है। बहुत कम लोग जानते हैं कि पश्चिम बंगाल के पिछले विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद कोलकाता के एक मैदान पर ममता बनर्जी ने बाबुल सुप्रियो के संग झालमुढ़ी खाया था। इसके जरिए उन्होंने अपनी विजय, भाजपा से बेफिक्री और अपने लोगों को संदेश दिया था।

उन्नीस अप्रैल को झारग्राम में झालमुढ़ी खरीदते वक्त पता नहीं प्रधानमंत्री मोदी को यह पता था कि नहीं, लेकिन उन्होंने इसके जरिए इतिहास रच दिया।

गांधी जी के बारे में कहा जाता है कि वे बड़े संचारक यानी कम्युनिकेटर थे। प्रधानमंत्री मोदी भी बड़े संचारक यानी कम्युनिकेटर हैं। मात्र दस रूपए की झालमुढ़ी के जरिए उन्होंने पश्चिम बंगाल के आम लोगों के दिलों तक जगह बना ली। उन्होंने अपनी पार्टी का संदेश सीधे हर घर तक पहुंचा दिया। जिन इलाकों में झालमुढ़ी खाई जाती है, उन इलाकों में देखेंगे तो हर राजनीतिक सम्मेलन, रैली आदि के दौरान बाहर इसके ठेले और खोमचे लगे होते हैं। कई बार नेताओं के इंतजार में वक्त काटने तो कई बार तात्कालिक भूख मिटाने का जरिया यह झालमुढ़ी ही होती है। स्कूलों, कॉलेजों और कचहरियों के आसपास झालमुढ़ी और चने-चबेने के खोमचे और ठेले आपको पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहुतायत से मिल जाएंगे। हाट-बाजार में भी शाम की चाय के वक्त का इन इलाकों का सबसे आसानी से सस्ते में उपलब्ध और पसंदीदा स्नैक यह झालमुढ़ी ही है। झालमुढ़ी आम लोगों और आम दुकानदारों से जुड़ने का भी सबसे बड़ा जरिया है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री ने झारग्राम में सड़क किनारे की झालमुढ़ी की दुकान को चुना और महज दस रूपए की झालमुढ़ी के ठोंगे यानी लिफाफे के जरिए पश्चिम बंगाल के करोड़ों दिलों तक जगह बना ली। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का नारा दिया है। झालमुढ़ी उनके इन दोनों नारों का भी प्रतिनिधित्व करता है। झालमुढ़ी और उसमें शामिल किए जाने तत्वों को स्थानीय स्तर पर ही तैयार किया जाता है, स्थानीय लोगों में यह सर्वाधिक लोकप्रिय है और इसके जरिए स्थानीय स्तर पर एक पूरी श्रृंखला की रोजी-रोटी चलती है। इसलिए यह आत्मनिर्भर भारत का भी प्रतीक है। चूंकि इसे खरीदने और खाने से स्थानीय रोजगार और पैदावार को सहयोग मिलता है, इसलिए यह वोकल फॉर लोकल के भी नजदीक है।

पश्चिम बंगाल में अब सरकार बन चुकी है। सरकार बनने और जीत हासिल करने के बाद बीजेपी और उसके नेताओं ने झालमुढ़ी की पार्टियां की हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में पश्चिम बंगाल की सरकार राजनीतिक विमर्श का जरिया बनी झालमुढ़ी और उस पर निर्भर लोगों की भलाई की दिशा में जरूर कदम उठाएगी।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की मोटर के साथ एक गिरफ्तार

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के बहियार से मोटर चोरी की घटना के विरुद्ध पुलिस की सक्रियता से चोरों का मनोबल गिरने तथा घटना में विराम लगने की संभावना नजर आ रही है। खासकर किसान डंडखोरा पुलिस की प्रशंसा कर रहा है। अपर थानाध्यक्ष अमलेन्दु सिंह एवं एसआई अरविंद सिंह की टीम ने आसूचना के आधार पर थाना कांड संख्या 60/26 दिनांक 29.04.2026 में चोरी किये गये मोटर के साथ एक अभियुक्त पप्पू कुमार पासवान (26) पिता प्रकाश पासवान बौरनी थाना- डंडखोरा जिला कटिहार निवासी को हिरासत में लिया।इस बाबत एसआई अरविंद कमार ने बताया कि पुलिस के डर से अभियुक्त मोटर को अन्यत्र छिपा दिया था।आज उसे ला रहा था कि बौरनी मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने पूर्व में भी चोरी के कई मोटर बरामद और अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। थानाध्यक्ष विजय महतो ने बताया कि मोटर जब्त कर अभियुक्त पप्पू पासवान के विरुद्ध थाना में मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### बाढ के पूर्व तैयारी को लेकर प्रखंडस्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक 16 मई को

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** चालूवर्ष में संभावित बाढ़ के मद्देनजर पूर्व तैयारी को लेकर मनिहारी प्रखंड सह अंचल सभागार में 16 मई को प्रखंड स्तरीय बाढ़ अनुश्रवण समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख अनिता देवी की अध्यक्षता मे बुलाई गयी है। इस आशय की जानकारी अंचल पदाधिकारी मनिहारी ने दी है।इसकी सूचना सभी जनप्रतिनिधियों व संबंधित विभाग के अधिकारियों,कर्मियों को प्रेषित कर उक्त तिथि को बुलाई गयी बैठक मे भाग लेने का अनुरोध किया गया है।

### घर में सो रहे ओझा की हथियार से हत्या

**बरारी/कटिहार (नबिटासं)।** बरारी थाना क्षेत्र के सिक्कट पंचायत के वार्ड 8 बड़ी बंका गांव में सोमवार देर रात मो. मुस्ताक (58) की धारदार हथियार से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। मृतक गांव में झाड़फूंक व ओझागुणी का काम करते थे और असाध्य रोगों के उपचार के लिए भी जाने जाते थे। जानकारी के अनुसार मो. मुस्ताक सोमवार रात अपने घर के कमरे में सोए हुए थे। उनकी पत्नी महफूजा खातून भी उसी कमरे में मौजूद थीं। देर रात उनकी नींद खुली तो पति को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस व परिजनों को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। बाद में सदर-टु एसडीपीओ रंजन कुमार सिंह भी घटनास्थल पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घटना की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम एवं डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया। इस संबंध में बरारी थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि मृतक की पत्नी महफूजा खातून के आवेदन पर दो लोगों को नामजद किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है और जल्द मामले के खुलासे का दावा किया है।

### तीन बच्चे की मां छोटे बेटे को साथ में लेकर प्रेमी के साथ हुई फरार

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही थाना क्षेत्र से एक विवाहित महिला जो तीन बच्चे की मां है अपने प्रेमी के साथ देर रात्रि को घर से फरार हो गई। महिला के पति के द्वारा बताया गया कि हम दोनों से दो बेटी एवं एक बेटे हैं। मेरी पत्नी प्रेम जाल में फंस कर प्रेमी के साथ घर से नगदी 50 हजार एवं ढाई लाख रुपए के जेवर प्रेमी के साथ मिलकर फरार हो गई ।इस दौरान उन्होंने मेरे डेढ़ वर्ष के पुत्र को भी अपने साथ ले गई। उक्त घटना को लेकर पीड़ित पति ने मनसाही थाना में लिखित आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि डंडखोरा थाना क्षेत्र के थपकोल गांव निवासी शेखर कुमार मंडल ने उसकी पत्नी को प्रेम जाल में फंसा कर बारी-बारी से खाता से तीन लाख से अधिक रुपए निकासी करवा लिया है। पीड़ित पति घर परिवार चलाने के लिए प्रदेश में मजदूरी का काम करते थे। इसी का नाजायज फायदा उठाते हुए उनके पत्नी प्रेमी के साथ मिल कर उक्त घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर पीड़ित ने मनसाही थाना में लिखित आवेदन देते हुए पत्नी की बरामदी एवं उनके प्रेमी पर शख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। इस घटना के आलोक में प्रभारी थाना प्रभारी मोहम्मद मुस्तफा अंसारी ने बताया कि आवेदन के आलोक में घटना की जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### मनसाही में एक मनचले युवक ने कच्चे काली मां के मंदिर में लगाई आग

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** मनसाही थाना क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के डुमरिया बिशनपुर तिवारी टोला में जंगलों के बीच अवस्थित एक कच्चे काली मां के मंदिर में एक मनचले युवक ने आग लगा दी। इस दौरान मंदिर में रखे मां काली की तस्वीर और पूजा सामग्री के साथ उसने अभद्र व्यवहार करते हुए आग के हवाले कर दिया। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय युवक गंगासागर जो आपराधिक प्रवृति का है और हमेशा शराब के नशे में धुत रहता है। सोमवार की शाम वह अचानक मंदिर के पास आया और टाटी और टीन से बने मंदिर को तोड़ने लगा। जब कुछ महिलाओं ने उसे ऐसा करते देखा तो उसे ऐसा करने से रोका तो वह उपस्थित महिलाओं को अभद्र गाली देने लगा और कहा कि यह मंदिर मेरी जमीन के बगल में है। मैं इसे जलाऊं या कुछ करूं कोई कुछ नहीं बोलेगा। चुकी उस समय गांव के पुरुष काम पर गए हुए थे । जब गांव के पुरुष सदस्य काम से लौटे तो उन्हें इस घटना की जानकारी मिली। मंगलवार को ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मनसाही पुलिस तत्काल घटना स्थल पर पहुंची और घटना की जांच की। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने बताया कि पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है व अभी तक ग्रामीणों द्वारा किसी तरह की लिखित शिकायत नहीं मिली है। वहीं आग लगाने के बाद से गंगासागर गांव से फरार हो गया है। उक्त काली माता के स्थान को गंगासागर के ही पूर्वज ने स्थापित किया था और उनके द्वारा पूजा भी की जाती है और हर वर्ष उसके परिवार के द्वारा बलि दी जाती है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के गणमान्य लोगों के अलावे बजरंग दल के कई कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं घटना को ले क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है। लोग प्रशासन से गंगासागर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### टेंपो पलटने से एक महिला की मौत

**आजमनगर/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के भवानीपुर सालमारी मार्ग पर रेलवे गेट के निकट टेंपो पलटने से एक महिला की घटनास्थल में ही मौत हो गई। जबकि एक 6 वर्षीय बच्चा घायल है। मौके की नजाकत को देखते हुए टेंपो चालक टेंपो छोड़कर फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टेंपो चालक टेंपो स्टार्ट कर रहा था। इस दौरान टेंपो पीछे की ओर निकलने की वजह से गड्ढे में जा गिरा। टेंपो में सवार कई सवारी बाल बाल बच गए। परंतु एक महिला जो आजमनगर की रहने वाली है। टेंपो के चपेट में आ गया। घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। मृतिका की पहचान आजमनगर दक्षिण टोला निवासी मोहम्मद तजमूल की पत्नी रुखसाना खातून (50) के रूप में की गयी। मृतक रुखसाना खातून आजमनगर से अपना मायके सहजना गांव जा रही थी। घटना देर शाम की बताई जा रही है।

### बांसगाढ़ा के सड़क हादसे में परिवार का इकलौता चिराग बुझा

**कोढ़ा/कटिहार (नबिटासं)।** थाना क्षेत्र के बांसगाढ़ा चौक के समीप सोमवार को शाम में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना घटित हुई। एक अनियंत्रित पिकअप वाहन और बाइक की सीधी भिड़ंत में एक बाइक सवार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब सूरज पोद्दार (35) अपनी बाइक से फुलवरिया चौक की ओर जा रहे थे। इसी दौरान गेड़ाबाड़ी की दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने उन्हें सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सूरज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मानवता को शर्मसार करते हुए, आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान बांसगाढ़ा पंचायत निवासी सूरज पोद्दार उर्फ करका पोद्दार के रूप में हुई है।

# नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान : महापौर

**शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश : नगर आयुक्त**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार ।** नगर निगम के महापौर कार्यालय कक्ष में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी महापौर उषा देवी अग्रवाल ने की। बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने, नगर निगम कर्मियों की समस्याओं के समाधान तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान निगम कर्मचारियों के वेतन से संबंधित लंबित मामलों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

समिति ने कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम परिवार के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। इसके अलावा शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को देखते हुए अस्थायी टोटो एवं ऑटो स्टैंड को सुव्यवस्थित करने पर विशेष चर्चा की गई। समिति ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि टोटो और ऑटो के लिए निर्धारित स्थान तय कर शहर में यातायात को सुचारु बनाया जाएगा। ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।बैठक में पूर्व में हुई सशक्त स्थायी समिति की बैठक के निर्णयों की भी समीक्षा की गई। जिन योजनाओं एवं प्रस्तावों पर कार्य प्रगति पर है। उनकी स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शहर की साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़क व्यवस्था और अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि कटिहार नगर निगम शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और शहर को स्वच्छ,सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि शहर के लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान उपमहापौर मंजूर खान, सहायक अभियंता विवेक कुमार, नगर प्रबंधक ज्योति कृष्णमुर्ति, कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, स्थायी सशक्त कमिटी के सदस्य वार्ड पार्षद मनीष घोष, दिनेश पांडे, संतोष देवी, प्रधान सहायक सलीम परवेज एवं निगम कर्मी मौजूद रहे ।

# आरआईटीएम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं उभरती तकनीकें विषय पर कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फारबिसगंज।** आरआईटीएम परिसर में विद्यार्थियों एवं युवाओं को आधुनिक तकनीकों एवं डिजिटल भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से ह्लफ्यूचर रेडी : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा एवं उभरती तकनीकेंह्व विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला



का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को नवीनतम तकनीकी विकास, डिजिटल सुरक्षा एवं तेजी से उभरते तकनीकी क्षेत्रों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता साइबर सुरक्षा इंजीनियर एवं तकनीकी विशेषज्ञ मो. दानिश आबिद रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, जनरेटिव एआई, साइबर सुरक्षा, एथिकल हैकिंग एवं डिजिटल सुरक्षा जैसे विषयों की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तकनीकी कौशल रखने वाले विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न डिजिटल माध्यमों एवं तकनीकी परियोजनाओं के जरिए ह्लसीखते हुए कमाईह्व की अवधारणा को अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को फ्रीलांसिंग, डिजिटल सेवाएं, साइबर सुरक्षा परियोजनाएं, कंटेंट डेवलपमेंट, एआई आधारित कार्य एवं ऑनलाइन तकनीकी प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से अध्ययन के दौरान ही रोजगार एवं आय के अवसर प्राप्त करने की जानकारी दी। वक्ता ने कहा कि आने वाले समय में कौशल आधारित शिक्षा एवं तकनीकी दक्षता युवाओं की सबसे बड़ी शक्ति होगी। कार्यशाला के दौरान क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन तकनीक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, रोबोटिक्स एवं ऑटोमेशन तथा डेटा साइंस जैसे उभरते क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार एवं करियर अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, नवाचार को अपनाने एवं तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. राशिद हुसैन, प्रशासनिक पदाधिकारी एस. बी. कुमार, गौरव कुमार, उत्कर्ष कुमार सहित शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। एमडीएमएस, अररिया के निदेशक डॉ. संजय प्रधान ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं एवं प्रेरणादायी संदेश प्रेषित किया। अपने संदेश में डॉ. संजय प्रधान ने कहा कि आज का युग तकनीक एवं नवाचार का युग है तथा युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में दक्ष बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# ऑनलाईन दवा बिक्री के खिलाफ दवा दुकानदारों की हडताल 20 मई को : प्रशान्त कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** ऑल इंडिया केमिस्ट्स एसोसिएशन तथा बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के आहवान पर ऑनलाइन दवा बिक्री पर पाबंदी लगाने के लिए राज्य सहित कटिहार जिला के सभी दवा व्यवसाई एक दिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। बिहार केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पुर्व संयुक्त सचिव सह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रशांत कुमार ने बताया कि ऑनलाइन दवा में भारी डिस्काउंट दिया जाता है। जो कि सारा मार्जिन छोड़ भी



दिया जाय तो संभव नहीं है। इससे नकली दवा के प्रचलन का अंदेशा बढ़ा है।

हाल के कुछ वर्षों में नकली दवा का प्रचलन बढ़ गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन खरीदारी में एआई जेनरेट प्रिस्क्रिप्शन के द्वारा नशीली दवा का प्रचलन भी बढ़ा है। जिससे एक युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है। हमारे राज्य तथा राष्ट्रीय संगठन समय समय पर सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करने का प्रयास करते रहीं हैं। इसी के तहत 20 मई को बंदी पुरे देश सहित राज्य और जिला में भी रखा गया है। जिला के कंपनी मामले के संयोजक ओमप्रकाश मित्तल ने आम जनों से आग्रह किया है कि आवश्यक दवाएं 20 से पहले खरीद लें। हड़ताल के दिन असुविधा हो सकती है।

### हत्या के प्रयास मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में आरोपी खगेश यादव एवं चंदन यादव की तलाश की जा रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में कटिहार भेज दिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# नाबालिग प्रेमी जोड़े की जबरन शादी मामले में एक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुरसेला (कटिहार)।** नाबालिग प्रेमी जोड़े की जबरन शादी कराने के वायरल वीडियो मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसपी शिखर चौधरी के निर्देश पर गठित टीम ने दोनों नाबालिग प्रेमी युगल को सुरक्षित बरामद कर लिया है। मामले में एक आरोपी दशरथ महतो को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गंगा पार के एक गांव में नाबालिग जोड़े की जबरन शादी कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में ग्रामीणों द्वारा किशोर का आधा सिर मुंडवाकर शादी कराए जाने की बात सामने आई थी। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर - टु रंजन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों नाबालिगों को बरामद कर थाना लाया।

पुलिस ने मामले में चार लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया है। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। एसडीपीओ रंजन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपियों में शामिल एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

### सालमारी पुलिस ने पांच शराबियों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी पुलिस ने क्षेत्र में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए सोमवार देर रात विशेष अभियान चलाकर पांच लोगों को नशे की हालत में गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपियों को मेडिकल जांच के बाद मंगलवार को कटिहार न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये लोगों में अमरदीप कुमार निवासी सालमारी, मिथुन नुनिया निवासी ताहिरपुर, चमरू यादव निवासी नौवाटोली,लेलहा महलदार एवं नरेश महलदार निवासी बंटोरा शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी शराब के नशे में सार्वजनिक स्थानों पर हंगामा कर रहा था।

# 14 मई को ब्लैकआउट मॉक ड्रिल का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** जिलाधिकारी अररिया विनोद दूहन एवं पुलिस अधीक्षक अररिया जितेंद्र कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में शेयर एंड मेक अवेयर के नारे के साथ सिविल डिफेंस अररिया के स्वयंसेवकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आपदा प्रबंधन एवं जन-जागरूकता को लेकर स्वयंसेवकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी स्वयंसेवकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने पंचायत क्षेत्रों में आयोजित होने वाली आम सभाओं में सक्रिय रूप से भाग लें तथा पंचायतवासियों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के प्रति जागरूक



करें। विशेष रूप से सांप काटने की घटनाओं से बचाव, बाढ़ के दौरान सतर्कता एवं सुरक्षा उपाय, डूबने की घटनाओं से बचाव, आग, भूकंप एवं अन्य प्राकृतिक तथा मानवजनित आपदाओं से संबंधित आवश्यक जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जागरूकता ही आपदा से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। यदि ग्रामीण क्षेत्रों में समय रहते सही जानकारी उपलब्ध हो जाए तो जान-माल की क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि वे सरल एवं व्यवहारिक तरीके से सुरक्षा उपायों की जानकारी लोगों के बीच साझा करें तथा संभावित बाढ़ की स्थिति में समुदाय स्तर पर एक मजबूत सपोर्ट सिस्टम तैयार रखें। पुलिस अधीक्षक अररिया ने सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों के साथ डूबने एवं सांप काटने जैसी घटनाओं पर विस्तृत चर्चा की तथा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, प्राथमिक उपचार एवं समन्वित कार्य प्रणाली पर विशेष जोर दिया।

# नर्सिंग डे पर एएनएम छात्राओं को दिलाई मानव सेवा की शपथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग डे के मौके पर अनुमंडलीय एएनएम इंस्टिट्यूट बारसोई में लैंप लाइटिंग एंड ओथ टेकिंग समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई के उपाधिक्षक डॉ. एम ए उस्मानी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव नयन प्रसाद, प्रचार्या डैजी कुमारी, डॉ रीमा सरकार, डॉ अविनाश दुबे, डॉ रश्मि, डॉ विनीता, डॉ ऐश्वर्या, शिक्षिका सुरभि सुमन, लिपिक चंदन झा, कविता सरकार, अस्पताल प्रबंधक सद्दाम हुसैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान सबों ने आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल को बारी-बारी से श्रद्धांजलि अर्पित कीं। मौके पर बारी-बारी




से एएनएम सत्र वर्ष 2025--27 के प्रथम वर्ष की कुल 52 छात्राओं को लेम्प लाइटिंग एवं कैपिंग दिया गया। इस दौरान इंस्टिट्यूट की प्राचार्या ने सभी एएनएम छात्राओं को मानव सेवा, दृढता, कर्तव्यनिष्ठा एवं समर्पण भाव का शपथ दिलाया। इस संबंध ने प्राचार्या डेजी कुमारी ने जानकारी दी कि अब सभी एएनएम छात्राएं अनुमंडलीय अस्पताल बारसोई में प्रायोगिक पाठ्यक्रम की शुरूआत करेंगी। मौके पर सभी छात्राओं ने एक सुर में बताया वें सभी निःस्वार्थ भाव से बगैर किसी भेदभाव के मरीजों का सेवा करेंगी। इस संबंध में शिक्षिका सुरभि सुमन ने कहा कि एएनएम -छात्राओं को पढ़ाई के साथ-साथ प्रशिक्षण भी डॉक्टर की निगरानी में मिल रहे। आज शपथ भी दिलाई गई इनका दायित्व के बारे में जानकारी दी गई की मरीज का सेवा करना पहला धर्म है।

# चलती ट्रेन से गिरने वाली महिला की जान बचाकर आरपीएफ जवान बना मसीहा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार रेलवे स्टेशन पर अहले सुबह एक बड़ा रेल हादसा उस समय टल गया। जब आरपीएफ जवान की सतर्कता और बहादुरी से एक महिला यात्री की जान बच गई। जानकारी के अनुसार आरपीएफ ईस्ट पोस्ट कटिहार में तैनात कांस्टेबल अमित कुमार स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात थे। इसी दौरान कटिहार स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 पर लगभग सुबह 4:45 बजे ट्रेन संख्या 15701 सिलीगुड़ी इंटरसिटी एक्सप्रेस कटिहार स्टेशन से खुल रही थी। तभी एक महिला यात्री चलती



ट्रेन से उतरने का प्रयास करने लगी।अचानक उक्त महिला का संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म तथा चलती ट्रेन के बीच फंस गई। घटना को देखते ही कांस्टेबल अमित कुमार ने बिना समय गंवाए तेजी से दौड़ लगाई और सूझबूझ का परिचय देते हुए महिला को खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवान की तत्परता के कारण महिला की जान बच गई और एक बड़ा हादसा होने से टल गया। महिला यात्री ने बताया कि वह गलती से सिलीगुड़ी इंटरसिटी ट्रेन में चढ़ गई थी। जबकि उसे मालदा पैसेंजर ट्रेन से यात्रा करनी थी।

# फार्मर रजिस्ट्री को लेकर मंगलवार से विशेष अभियान का हुआ शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** एग्रीस्टैक परियोजना के फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जिले में मंगलवार से विशेष अभियान शुरू किया गया है। यह विशेष अभियान मिशन मोड में 30 मई तक चलेगा।अभियान के तहत छूटे हुए सभी किसानों का फार्मर रजिस्ट्री किया जाएगा ताकि किसानों को उर्वरक एवं कृषि से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक उपलब्ध कराया जा सके।

अभियान की शुरूआत करते हुए जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अनुमंडल पदाधिकारी,प्रखंड के नामित वरीय पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी को अभियान के उद्देश्य साझा कर इसे सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर



माइक्रोप्लान बनाकर सभी छुटे हुए किसानों का फार्मर रजिस्ट्री कार्य पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कर्मचारी लॉगिन में फार्मर आइडी अनुमोदन के लंबित आवेदनों का दो दिनों में शत-प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया है। डीएम ने अभियान से जुड़े पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इसे गंभीरता से लेने की बात कही है। जानकारी देते हुए जिला कृषि पदाधिकारी मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री को लेकर जिला प्रशासन काफी सख्त है।

# गुरुद्वारा भैंसदीरा में नई प्रबंधन कमेटी का गठन

**माया सिंह बने प्रधान, अरदास के बाद दिलाई गई शपथ**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** श्री गुरुनानक सत्संग सभा गुरुद्वारा भैंसदीरा में पूर्व सूचना के आधार पर आयोजित निर्वाचित प्रबंधक कमिटी की बैठक में सर्वसम्मति से नई कमिटी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पूर्व महासचिव सरदार दर्पण सिंह ने की। इस दौरान प्रधान, उपप्रधान, महासचिव,सचिव एवं कोषाध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। प्रधान पद के लिए सरदार माया सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

वहीं उपप्रधान पद पर सरदार पिंकू सिंह, महासचिव पद पर सरदार साहेब सिंह, सचिव पद पर सरदार कुलवंत सिंह तथा कोषाध्यक्ष पद पर सरदार आजाद सिंह का चयन किया



गया। इसके अलावा करतार सिंह, शरण सिंह, विष्णु सिंह, मन्नू सिंह, श्याम सिंह एवं सूरज प्रकाश सिंह को कमिटी का सदस्य बनाया गया।इस दौरान चुनाव के पर्यवेक्षक के रूप में महासचिव बीरेंद्र सिंह बॉबी मौजूद रहे। संचालन पूर्व महासचिव हरजीत सिंह ने किया। जबकि अरदास भगत सिंह ने कराई।बैठक के अंत में पूर्व महासचिव सरदार दर्पण सिंह ने नवगठित कमिटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। गुरु की हजूरी में अरदास के उपरांत श्री गुरुतेग बहादुर ऐतिहासिक गुरुद्वारा लक्ष्मीपुर के पूर्व प्रधान सनिन्दर सिंह ने सभी नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मौके पर उपस्थित संगतों ने नई कमिटी के सफल कार्यकाल की कामना की। इसी दौरान स्त्री सत्संग सभा का भी चुनाव कराया गया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सरिता कौर एवं उपाध्यक्ष पद के लिए गुरमीत कौर गुड्डी का चयन किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मीपुर गुरुद्वारा के पूर्व प्रधान प्रदीप सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं संगत उपस्थित रहे।

## अप्रैल में एमएफ में इक्विटी निवेश, एसआईपी दोनों घटे, डेट और गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में तनाव, कच्चे तेल की बदलती कीमतों और दुनिया भर में आर्थिक सुस्ती की चिंताओं के बीच अप्रैल के महीने में इक्विटी म्यूचुअल फंड में होने वाले निवेश में 5 फीसदी की गिरावट आई है। अप्रैल में इस कैटिगरी में कुल 38,440 करोड़ रुपये का निवेश आया, जो पिछले महीने (मार्च) के मुकाबले कम है। हर महीने होने वाले एसआईपी निवेश में भी गिरावट देखी गई। सोमवार को द्वद्धद्ध की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में जहां स्ढ्ढक्क के जरिए 32,087 करोड़ रुपये आए थे, वहीं अप्रैल में यह आंकड़ा कम होकर 31,115 करोड़ रुपये रह गया। इक्विटी में निवेश अप्रैल में गिरकर 38,440 करोड़ रुपये रहा, जो मार्च में 40,450 करोड़ रुपये था। फ्लेक्सी कैप फंड में सबसे ज्यादा 10,148 करोड़ रुपये आए। मिड-कैप फंड्स में 6,551 करोड़ और स्मॉल-कैप फंड्स में 6,885 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। इन दोनों ही कैटेगरी में मार्च के मुकाबले ज्यादा पैसा आया। लार्ज-कैप फंड्स में भी 2,525 करोड़ रुपये का निवेश दर्ज किया गया। इक्विटी फंड में निवेश 5 प्रतिशत गिरकर 38,440 करोड़ रुपये पर आया निवेश मार्च के 32,087 करोड़ से घटकर 31,115 करोड़ रुपये रहा फ्लेक्सी कैप फंड्स में सबसे ज्यादा 10,148 करोड़ रुपये का निवेश हुआ मिड-कैप 6,551 करोड़ और स्मॉल-कैप में 2,525 करोड़ का निवेश आया निवेश 3,040 करोड़ रुपये, डेट फंड में आए 2.5 लाख करोड़ लिक्विड फंड्स और ओवरनाइट फंड्स में भारी निवेश की वजह से इसमें 2.5 लाख करोड़ रुपये आए। मार्च में इस कैटिगरी से काफी पैसा बाहर निकला था। सोने में भी निवेशकों की रुचि बढ़ी है। त्नश्व्यस्न श्वञ्जस्न में अप्रैल में 3,040 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो मार्च (2,266 करोड़ रुपये) से काफी बेहतर है।

## 10 साल तक ईपीएफओ ने पीएफ नहीं किया ट्रांसफर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या कोई 10 तक सॉफ्टवेयर में खराबी का बहाना बनाकर पीएफ का पैसा लटकाए रह सकता है मामला चंडीगढ़ का है। एक कर्मचारी ने सितंबर 2010 में कर्मचारी पुराने पीएफ खाते की रकम नए खाते में ट्रांसफर करने के लिए अप्लाई किया, लेकिन उसका फंड ट्रांसफर नहीं किया गया। थक हारकर कर्मचारी ने उपभोक्ता आयोग का सहारा लिया। आयोग ने ईपीएफओ पर 50,000 रुपये का हर्जाना लगाया और मुकदमे का खर्च भी देने का आदेश दिया। द इकनॉमिक टाइम्स की खबर के मुताबिक चंडीगढ़ जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन लगभग एक दशक की देरी के लिए सॉफ्टवेयर में खराबी को बहाना नहीं बना सकता। श्री गर्ग पुणे की कंपनी टेक महिंद्रा में काम करते थे। फरवरी 2009 में उन्होंने कंपनी छोड़ दी और जुलाई 2010 में इंफोसिस में जॉइन किया। सितंबर 2010 में उन्होंने टेक महिंद्रा वाले पुराने पीएफ खाते की रकम नए खाते में ट्रांसफर करने के लिए आवेदन किया। इसके बाद ईपीएफओ की तरफ से कोई जवाब नहीं आया। श्री गर्ग ने आरटीआई भी दायर की। इसके बाद अप्रैल 2020 में जाकर ईपीएफओ ने सिर्फ 6.21 लाख रुपये ट्रांसफर किए, जबकि गर्ग के अनुसार उन्हें 11.07 लाख रुपये मिलने चाहिए थे। ईपीएफओ ने ब्याज न देने की वजह खाते को इनऑपरेटिव हो जाने और सॉफ्टवेयर तकनीकी खामियों को बताया। उपभोक्ता आयोग ने ईपीएफओ की इस दलील को खारिज कर दिया।

### एसबीआई को भरोसा, ग्लोबल चुनौतियों को भारत देगा मात

# मिडिल ईस्ट का तूफान भी भारत के सामने बेदम, चुनौतियों को मात देकर मजबूत रहेगी रफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी उथल-पुथल ने ग्लोबल इकोनॉमिक ग्रोथ को लेकर टेंशन बढ़ा दी है। हालांकि, भारत के लिए स्थिति आशाजनक है। भारतीय स्टेट बैंक को उम्मीद है कि मुश्किल अंतरराष्ट्रीय माहौल के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 और वित्त वर्ष 2026-27 में विकास की रफ्तार स्टेबल बनी रहेगी। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में रियल जीडीपी ग्रोथ लगभग 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के लिए यह अनुमान 7.5 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 2026-27 में विकास दर थोड़ी धीमी होकर 6.6 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। यह धीरे-धीरे सामान्य स्थिति की ओर लौटने का संकेत है। तिमाही अनुमानों के अनुसार, पहली तिमाही में यह 6.8 प्रतिशत, दूसरी तिमाही में 6.6 प्रतिशत और साल की दूसरी छमाही की दोनों तिमाहियों में 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एसबीआई रिसर्च ने बताया कि जैसे-जैसे नए आंकड़े आते जाएंगे और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों में बदलाव होगा। इन अनुमानों में संशोधन किया जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्लोबल चुनौतियों के बावजूद भारत की आर्थिक गतिविधियां मजबूत बनी हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मांग को कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों में हो रही अच्छी-खासी बढ़ोतरी से लगातार समर्थन मिल रहा है। जबकि शहरी क्षेत्रों में खपत में त्योहारी सीजन के बाद से लगातार रिकवरी देखने को मिली है। इसे राजकोषीय सहायता उपायों का भी समर्थन हासिल है। इस बीच, वैश्विक स्तर पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मिडिल ईस्ट संघर्ष के कारण सप्लाई चेन में आई बाधाओं का हवाला देते हुए



साल 2026 के लिए अपने विकास अनुमान को 3.3 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके बावजूद भारत के विकास अनुमान को थोड़ा बेहतर करते हुए 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसे घरेलू मांग की मजबूती से समर्थन मिल रहा है। रिपोर्ट में क्रेडिट विस्तार में आई मजबूती की ओर भी इशारा किया गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में शेड्यूल कॉमर्शियल बैंकों की ओर से दिए गए कर्ज में 16.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह वित्त वर्ष 2024-25 के 11 प्रतिशत के आंकड़े से काफी अधिक है। इस दौरान कुल 29.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर्ज वितरित किया गया। इसका एक बड़ा हिस्सा साल की दूसरी छमाही में दिया गया। रिपोर्ट ने जोर दिया कि आकार, अवधि, यील्ड और टैक्स से जुड़े पहलुओं जैसे डिजाइन तत्वों पर सावधानीपूर्वक विचार करने की जरूरत होगी। साथ ही प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए किसी विश्वसनीय वैश्विक संस्था का समर्थन भी जरूरी होगा। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एसबीआई रिसर्च ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को वैश्विक विकास का एक प्रमुख ड्राइवर बताया।

### रुपये की गिरावट एक रिस्क फैक्टर

मुद्रा में उतार-चढ़ाव भी एक मुख्य रिस्क फैक्टर के रूप में सामने आया है। एसबीआई रिसर्च ने कहा कि रुपये में 1 रुपये की गिरावट से डॉलर के मुकाबले नॉमिनल जीडीपी 20-25 बेसिस पॉइंट कम हो सकती है। इसने आगे कहा कि अगर विनिमय दर 95 रुपये प्रति डॉलर तक पहुंच जाती है तो भारत की अर्थव्यवस्था सिकुड़कर 4.04 ट्रिलियन डॉलर हो सकती है। इससे 5 ट्रिलियन डॉलर का टारगेट हासिल करने में वित्त वर्ष 2029-30 तक की देरी हो सकती है। रिपोर्ट ने भुगतान संतुलन (बैलेंस ऑफ पेमेंट्स) की स्थिति को मजबूत करने के लिए ढांचागत कदम उठाने की मांग की। बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के साथ परिवहन और बीमा की बढ़ती लागत बाहरी खातों पर दबाव डाल रही हैं। इसने बाहरी फंडिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए 'रिसर्जेंट इंडियन डायस्पोरा बॉन्ड' या इसी तरह के जमा जुटाने के तंत्र जैसे वित्तपोषण विकल्पों की भी जांच की। हालांकि, इसने आगाह किया कि मौजूदा ग्लोबल यील्ड की स्थितियों को देखते हुए ऐसे साधनों को तैयार करना पिछले सालों की तुलना में अधिक कठिन हो गया है।

### अच्छे जीएसटी कलेक्शन से मिला है सहारा

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि इस रफ्तार को सरकार की ओर से बढ़ाए गए उपभोग और जीएसटी के अच्छे कलेक्शन से सहारा मिला है। साथ ही वित्त वर्ष 2026-27 में क्रेडिट ग्रोथ 13-14 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। हालांकि, बाहरी कमजोरियां अभी भी चिंता का विषय बनी हुई हैं। रिपोर्ट ने चेतावनी दी कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें मैक्रोइकोनॉमिक स्थिरता पर काफी असर डाल सकती हैं। इसने अनुमान लगाया कि तेल की कीमतों में प्रति बैरल हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी से चालू खाता घाटा 30-35 बेसिस पॉइंट बढ़ सकता है। महंगाई 35-40 बेसिस पॉइंट ऊपर जा सकती है। जीडीपी ग्रोथ 20-25 बेसिस पॉइंट कम हो सकती है। अगर वित्त वर्ष 2026-27 में कीमतें लगातार 100 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी रहती हैं तो ग्रोथ 6.6 प्रतिशत के करीब स्थिर रह सकती है।

## सफेद कोट उतारकर लिया करियर में टर्न, ऐसा किया काम कि अब सालाना 3.39 करोड़ का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीनिवास राव माधवराम हैदराबाद के डॉक्टर हैं। पेशे से डॉक्टर होने के बावजूद उन्होंने अपनी जड़ों की ओर लौटने का फैसला किया। सफेद कोट उतारकर खेती को अपना लिया। करियर में



बड़ा टर्न लेकर वह खुद को एक सफल किसान के तौर पर स्थापित कर चुके हैं। यही नहीं, 'डेक्कन एक्जॉटिक्स' नाम के एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के जरिए हजारों किसानों की मदद की है। उन्हें वैज्ञानिक तरीके से विदेशी फल उगाने की ट्रेनिंग देकर भारतीय बागवानी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनका एफपीओ ड्रैगन फ्रूट और एवोकैडो जैसी फसलों के लिए आयातित पौधे, तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार सहायता मुहैया करता है। अब वह खेती से ही करोड़ों की कमाई कर रहे हैं। आइए, यहां डॉ. श्रीनिवास राव माधवराम की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

कारणों को समझने का फैसला किया। उन्होंने भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान से संपर्क किया। फिर दुनिया में ड्रैगन फ्रूट के सबसे बड़े उत्पादक देश 'वियतनाम' का रुख किया। उन्होंने वियतनाम, थाईलैंड, इजरायल और ताइवान जैसे देशों की यात्रा की। वहां की एडवांस कृषि तकनीकों का गहन अध्ययन किया। 2018 में उन्होंने नेशनल ब्यूरो ऑफ प्लांट जेनेटिक रिसोर्सेज यानी साथ मिलकर दुनिया भर से ड्रैगन फ्रूट की 36 ज्यादा उपज वाली किस्मों के पौधे को कानूनी रूप से भारत में आयात किया। जब डॉ. माधवराम की 20 एकड़ की खेती सफल होने लगी तो आस-पास के किसान उनसे सलाह लेने आने लगे। इसे देखते हुए 2019 में उन्होंने 'डेक्कन एक्जॉटिक्स' को एक किसान-उत्पादक संगठन के रूप में रजिस्टर किया।

### ऐसे बढ़े खेती की ओर कदम

डॉ. श्रीनिवास राव माधवराम अनुभवी चिकित्सक और इंटरल मेडिसिन में एमडी हैं। उन्होंने तेलंगाना के ममता मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और फिर एमडी किया। शहर की भागदौड़ भरी जिंदगी, प्रदूषण और कंक्रीट के जंगलों से ऊबकर उन्होंने प्रकृति के करीब जाने का मन बनाया। इस मकसद से उन्होंने तेलंगाना के संगारेड्डी में 20 एकड़ जमीन खरीदी। शुरुआत में उनका टारगेट केवल अपने परिवार के लिए ऑर्गेनिक फल और सब्जियां उगाना था। लेकिन, जब उन्होंने पहली बार ड्रैगन फ्रूट के 3,000 पौधे लगाए तो उनमें से 90 प्रतिशत खराब हो गए।

# मिडिल क्लास पर मंडरा रहे महंगाई के बादल

### पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के बढ़ेंगे दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भारत को भी अपनी चपेट में ले लिया है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भारतीय तेल कंपनियों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि देश में पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी नहीं हुई है। सरकारी तेल कंपनियों को रोजाना 1600 से 1700 करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। ऐसे में अब माना जा रहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कीमत में जल्द बढ़ोतरी हो सकती है। लेकिन सवाल है कि ये चीजें कितनी महंगी होंगी

पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज पर नाकेबंदी के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आग लगी हुई है।




आज मंगलवार को भी कच्चे तेल की कीमत उछल गई। अभी ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर प्रति बैरल पर है। वहीं अमेरिकी क्रूड डब्ल्यूटीआई भी करीब 99 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है। हाल में कच्चे तेल की कीमत 125 डॉलर प्रति बैरल को पार गई थी।

### कब और कितनी बढ़ सकती है कीमत

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत में 15 मई के बाद पेट्रोल, डीजल और घरेलू एलपीजी समेत ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। इंडिया टुडे के मुताबिक ईंधन की कीमतों में इतनी वृद्धि हो सकती है: पेट्रोल और डीजल: कीमतों में 4 से 5 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी देखी जा सकती है। खाना पकाने वाली गैस की कीमतों में 40 से 50 रुपये तक का इजाफा हो सकता है। राजकोषीय घाटे को नियंत्रित करने के लिए पेट्रोल, डीजल और एलपीजी में बढ़ोतरी जरूरी है। हालांकि इसे धीरे-धीरे लागू करना ही समझदारी होगी। राहत की बात यह है कि एक्सपर्ट एकमुश्त भारी बढ़ोतरी के बजाय क्रमिक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं।



## ऐप्स के जरिए घरेलू काम के लिए बुकिंग में भारी उछाल, वर्कर्स के लिए कंपनियों में मारामारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घर के कामकाज के लिए तुरंत हेल्पर मुहैया कराने वाले स्टार्टअप्स कंपनी और मांग में जबरदस्त उछाल आया है। अप्रैल के महीने में इन तीनों ऐप्स की कुल बुकिंग 30 लाख के पार निकल गई। हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों की वजह से मजदूरों की कमी के बावजूद इन कंपनियों ने शानदार ग्रोथ दर्ज की है। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में इन कंपनियों को करीब 20 लाख बुकिंग मिली थीं। यह अप्रैल में बढ़कर 30 से 31 लाख के बीच पहुंच गई। इस बढ़त की एक बड़ी वजह यह रही कि दो कंपनियों अर्बन कंपनी और स्नैबिट ने अपनी सर्विस के दाम बढ़ा दिए, जिससे उनकी कमाई बढ़ी। प्रोंटो नाम की कंपनी फिलहाल कीमत के मामले में पीछे है, लेकिन उसने हाल ही में करीब 167 करोड़ रुपये की फंडिंग जुटाई है। इससे उसकी वैल्यू 200 मिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, स्नैबिट ने भी अप्रैल में 56 मिलियन डॉलर जुटाए और उसकी वैल्यू 350 मिलियन डॉलर पहुंच गई है।

एक अधिकारी ने श्वञ्ज को बताया, मार्च और अप्रैल में मजदूरों की कमी की वजह से काम में कुछ रुकावटें आईं। इस कारण कंपनियों को कुछ इलाकों में दाम बढ़ाने पड़े। इसके साथ ही, वर्कर्स को अपने साथ जोड़ने के लिए कंपनियों के बीच कड़ी होड़ मची रही। कमाई की बात करें तो अर्बन कंपनी को हर ऑर्डर पर औसतन 180-200 रुपये मिले, जबकि स्नैबिट को 160-180 रुपये। प्रोंटो की कमाई प्रति ऑर्डर 80-100 रुपये रही। क्योंकि वह अपने ग्राहकों को 30 मिनट के सस्ते पैक ऑफर करती है, जबकि बाकी कंपनियां घंटों के हिसाब से पैसे लेती हैं।

ऑर्डर की संख्या के मामले में अर्बन कंपनी सबसे आगे रही, जिसे अप्रैल में 12 से 13 लाख ऑर्डर मिले। स्नैबिट को 11 से 11.5 लाख और प्रोंटो को करीब 6.5 लाख ऑर्डर मिले। मार्केट शेयर की बात करें तो करीब 50 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अर्बन कंपनी नंबर-1 पर है। स्नैबिट 42-44 प्रतिशत शेयर के साथ दूसरे और प्रोंटो 9-10 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर है। हालांकि, ये कंपनियां अभी भी घाटे में चल रही हैं। अर्बन कंपनी के सीईओ अभिराज सिंह भाल का कहना है कि वे फिलहाल मुनाफा कमाने के बजाय बाजार पर कब्जा करने को ज्यादा अहमियत दे रहे हैं।

**डिमांड में उछाल:** घर के कामकाज के लिए तुरंत हेल्पर मुहैया कराने वाले स्टार्टअप्स की मांग में उछाल अप्रैल में कंपनी और की कुल बुकिंग 30 लाख के पार विधानसभा चुनावों के कारण मजदूरों की कमी के बावजूद कंपनियों ने ग्रोथ दर्ज की आंकड़ों के मुताबिक फरवरी में इन कंपनियों को करीब 20 लाख बुकिंग मिली थीं जानकारों का मानना है कि भारत में करीब 3 से 4 करोड़ घरों में इस तरह की सर्विस की जरूरत है, जहां हर दिन 40 से 60 लाख ऑर्डर मिल सकते हैं। इस सर्विस को इस्तेमाल करने वाले तीन तरह के लोग हैं। पहले वे जो कभी-कभी इमरजेंसी में हेल्पर बुलाते हैं। दूसरे वे जो महीने में 4-6 बार बुलाते हैं। और तीसरे वे प्राइमरी यूजर हैं जो महीने में 18-20 दिन इन ऐप्स के जरिए ही घर का काम कराते हैं।

# रुपया फिर रसातल में, डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर पहुंची कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 35 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 95.63 पर पहुंच गया। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव एवं समझौते की उम्मीदें धूमिल होने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.57 पर खुला और फिर टूटकर सर्वकालिक निचले स्तर 95.63 पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 35 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया सोमवार को 79 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 95.28 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.14 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 525.44 अंक टूटकर 75,489.84 अंक पर जबकि निफ्टी 164.5 अंक फिसलकर 23,651.35 अंक पर रहा।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.85 प्रतिशत की तेजी के साथ 105.10 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। दुनिया की सबसे बड़ी तेल कंपनी सऊदी अरामको ने चेतावनी दी है कि दुनिया में तेल का भंडार बहुत कम रह गया है। अप्रैल में ओपेक देशों का रोजाना उत्पादन साल 2000 के बाद सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने के कारण कुवैत और इराक



जैसे देश एक्सपोर्ट नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही उनके पास तेल रखने के लिए सुविधा नहीं है। रुपया शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 35 पैसे टूटकर ऑल टाइम लो पर पहुंचा अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.85 प्रतिशत की तेजी के साथ .105.10 प्रति बैरल पहुंचा शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) सोमवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने 8,437 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद से विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से 20 अरब डॉलर से अधिक निकाल चुके हैं। इससे रुपये पर दबाव बढ़ा है।

# 60 दिनों का पेट्रोल-डीजल और 45 दिनों की रसोई गैस बाकी

### सरकार ने कहा- चिंता करने की कोई जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में कारण के कारण दुनियाभर में कच्चे तेल का संकट पैदा हो गया है। इससे भारत भी अछूता नहीं रहा है। हालांकि भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त भंडार है। देश में फिलहाल 60 दिनों का तेल भंडार, 60 दिनों का प्राकृतिक गैस भंडार और 45 दिनों का रसोई गैस भंडार उपलब्ध है। सरकार ने यह जानकारी दी। सरकार ने कहा कि फ्यूल सप्लाई की राशनिंग की कोई योजना नहीं है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है।

सरकार ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध के चलते आयात पर असर पड़ा है। इसके बावजूद एलपीजी का भी पूरा इंतजाम किया गया है और घरेलू उपभोक्ताओं को पूरी सप्लाई की जा रही है। तेल और गैस मंत्रालय में सचिव नीरज मित्तल ने कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। युद्ध के बावजूद करीब 60 दिनों का पेट्रोल-डीजल का भंडार है और लगभग 45 दिनों का एलपीजी भंडार मेंटेन किया जा रहा है। विभिन्न देशों से खरीद बढ़ाई गई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 703 अरब डॉलर के मजबूत स्तर पर बना हुआ है। साथ ही सरकार ने बताया कि भारत तेल शोधन करने वाला दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है और



चौथा सबसे बड़ा पेट्रोलियम उत्पाद निर्यातक भी है। भारत वर्तमान समय में 150 से अधिक देशों को निर्यात कर रहा है तथा घरेलू मांग भी पूरी की जा रही है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल शोधक और पेट्रोलियम उत्पादों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। भारत 150 से अधिक देशों को निर्यात करता है और घरेलू मांग को पूरी तरह से पूरा कर रहा है। राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर गठित मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पांचवीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत में पिछले 70 दिनों से पेट्रोलियम कीमतों को स्थिर रखा गया है, जबकि कई देशों में कीमतों में 30 से 70 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण भारतीय तेल कंपनियां प्रतिदिन लगभग 1000 करोड़ रुपये का नुकसान उठा रही हैं। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में नुकसान करीब 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच रहा है। इसके बावजूद सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि अंतरराष्ट्रीय कीमतों का पूरा बोझ आम नागरिकों पर न पड़े। बैठक में राजनाथ सिंह ने कहा कि वर्तमान में ईंधन संरक्षण केवल तत्काल बचत के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की दीर्घकालिक क्षमता निर्माण और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि संकट लंबा चलता है तो अपनी तैयारी बनाए रखने के लिए अभी से जिम्मेदार तरीके से खपत की संस्कृति विकसित करना आवश्यक है।

# बच्चों की सुरक्षा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

## जानकारी से ही रुकेंगे लैंगिक अपराध : अनीता मिंज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) द्वारा चलाए जा रहे 90 दिवसीय गहन जागरूकता एवं आउटरीच कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सदर प्रखंड के रजवाड़ीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा, पोक्सो एक्ट और लैंगिक अपराधों की रोकथाम को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई।

पीएलवी अनीता मिंज ने कहा कि लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 (पोक्सो एक्ट) बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के विरुद्ध किसी भी प्रकार का यौन अपराध गंभीर एवं संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके लिए कानून में कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कानून की जानकारी अपराध रोकने का सबसे सशक्त माध्यम है और इसकी जानकारी जन-जन तक पहुंचनी चाहिए।

पीएलवी इंदुवाला देवी ने कहा कि पोक्सो एक्ट लड़के और लड़कियों दोनों को समान सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई विशेष अदालतों में की जाती है ताकि पीड़ित बच्चों को त्वरित न्याय मिल सके।

पीएलवी पूनम देवी ने बच्चों को मेरी सुरक्षा, मेरी जिम्मेदारी का संदेश देते हुए गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से कहा कि यदि उनके साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तो वे डरें नहीं, बल्कि अपने माता-पिता, रिश्तेदारों, पड़ोसियों, पीएलवी या संबंधित थाना को तुरंत सूचना दें। तभी समाज में ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। डालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और उपलब्ध कानूनी सेवाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान शिक्षकों ने भी बच्चों से जुड़े कानूनों और अधिकारों पर प्रकाश डाला।



# नगर आयुक्त को हाई कोर्ट ने लगायी फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** हाई कोर्ट के जस्टिस एसएन प्रसाद और जस्टिस संजय प्रसाद की अदालत में रांची नगर निगम में नक्शा पास करने से जुड़े मामले में दाखिल अवमानना याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई।

सुनवाई के दौरान अदालत ने निगम से पूछा कि जब पूरे राज्य में असिस्टेंट टाउन प्लानर नक्शा पास करने का कार्य कर रहे हैं, तो रांची नगर निगम में नियुक्त असिस्टेंट टाउन प्लानर को यह जिम्मेदारी क्यों नहीं दी गई है। अदालत ने नगर आयुक्त से शपथपत्र के माध्यम से जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 14 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान रांची नगर निगम के आयुक्त अदालत में उपस्थित हुए थे। इस संबंध में गौरव कुमार बेसरा की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गई है। सुनवाई के दौरान अदालत ने नगर आयुक्त से पूछा कि रांची नगर निगम में असिस्टेंट टाउन प्लानर के दो पदों पर नियुक्ति होने के बाद भी उन्हें नक्शा पास करने का कार्य क्यों नहीं सौंपा गया है।

अदालत ने यह भी कहा कि दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति पर आए कार्यपालक अभियंताओं से यह काम लिया जा रहा है, जबकि यह जिम्मेदारी असिस्टेंट टाउन प्लानर की होनी चाहिए। खंडपीठ ने नगर आयुक्त से कहा कि वे कोर्ट के आदेश का पालन क्यों नहीं कर रहे हैं।

अदालत ने स्पष्ट किया कि 12 दिसंबर 2025 के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से रोक लगी है, लेकिन इसके अतिरिक्त अन्य आदेश प्रभावी हैं। अदालत ने कहा कि नगर निगम अपने अधिकार क्षेत्र में टाउन प्लानर से संबंधित निर्णय ले सकता है या आवश्यक दस्तावेज संबंधित विभाग को भेज सकता है।

सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि वर्ष 2024 में झारखंड में असिस्टेंट टाउन प्लानर की नियुक्ति हुई थी और राज्य के विभिन्न जिलों में उनसे नक्शा पास करने का कार्य लिया जा रहा है। रांची नगर निगम में अब तक यह व्यवस्था लागू नहीं की गई है।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पाया था कि 22 जुलाई 2025 के आदेश का पालन अब तक नहीं हुआ है। उस समय के प्रशासक ने टाउन प्लानर और लीगल सेक्शन से संबंधित व्यवस्था जल्द लागू करने का आश्वासन दिया था।

कोर्ट ने यह भी कहा कि 12 नवंबर, तीन दिसंबर, नौ दिसंबर 2025 तथा 24 और 30 मार्च 2026 को अवसर दिए जाने के बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया गया।

# मरांडी ने धनबाद एसएसपी पर लगाये गंभीर आरोप

## राज्य सरकार पर बरसे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** वासेपुर का भगोड़ा गैंगस्टर प्रिंस खान एक के बाद एक वीडियो जारी कर धनबाद के एसएसपी प्रभात कुमार पर गंभीर आरोपों की बौछार कर रहा है। इसे लेकर पूर्व मुख्यमंत्री व झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी हेमंत सरकार को घेरने में जुट गए हैं। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है। मरांडी ने मंगलवार को धनबाद सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यवर्दी और माफियाह्न की मिलीभगत से गुंडागर्दी का खेल चल रहा है और हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि अनुराग गुप्ता का मामला



हो या वंदना डाडेल का प्रकरण, सभी की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। कहा कि ठक्अ या उइकसे जांच होने पर स्थिति स्पष्ट होगी। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार अपराधियों और माफियाओं के इशारे पर काम कर रही है। बालू, कोयला, लोहा समेत सभी खनिज संपदाओं की खुलेआम लूट मची है। मरांडी ने सवाल उठाया कि हेमंत सोरेन की सरकार इन लोगों के साथ गठजोड़ कर क्यों काम कर रही है। शराब घोटाले में जानबूझकर समय पर आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की गई। इसका लाभ आरोपितों को कोर्ट से मिला।

भाजपा नेता ने अमन राज हत्याकांड और रिया सिन्हा प्रकरण में अनुराग गुप्ता की भूमिका की भी जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि धनबाद के एसएसपी के खिलाफ भी कई तरह के मामले लंबित हैं और गैंगस्टर प्रिंस खान खुलेआम चुनौती दे रहा है।

इस मौके पर सांसद ढुलू महतो, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार, महामंत्री मानस प्रसून, सत्येंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, धर्मजीत सिंह सहित कई मौजूद थे।

# डीईजीएस/ई-ऑफिस एवं आधार सेवाओं की समीक्षा में त्वरित निष्पादन का निर्देश

## प्रमाणपत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करें:उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को डीईजीएस/ई-ऑफिस, यूआईडीएआई/एनआईसी/आधार एवं ई-गवर्नेंस से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक की।समाहरणालय सभागार में आयोजित इस बैठक में सीएससी, झारनेट कनेक्टिविटी, आधार नामांकन एवं अपडेट, एईबीएएस, झारसेवा, ई-ग्रंथालय, भारतनेट सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन तथा आमजनों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 2261 सीएससी पंजीकृत हैं, जिनमें 1282 सामान्य सीएससी सक्रिय हैं। वहीं विभिन्न पंचायत भवनों, एसएचजी सीएससी तथा पीडीएस सीएससी के माध्यम से भी सेवाएं संचालित की जा रही हैं।

यूआईडीएआई की समीक्षा में जानकारी दी गई कि अधिकांश प्रखंडों में आधार पीईसी केंद्र सक्रिय हैं, जबकि पांडू प्रखंड में ऑपरेटर क्रेडेंशियल लंबित रहने के कारण केंद्र निष्क्रिय है। आधार नामांकन एवं अपडेट कार्यों में भी प्रगति दर्ज की गई। अप्रैल-मई अवधि में जिले में 518 नए नामांकन एवं 1486 अपडेट किए गए।बैठक में एईबीएएस (आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली) की स्थिति की भी समीक्षा की गई। विभिन्न प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों सहित कई जिला स्तरीय कार्यालयों में एईबीएएस प्रणाली संचालित पाई गई।झारनेट कनेक्टिविटी की समीक्षा में बताया गया कि जिला मुख्यालय एवं अधिकांश प्रखंडों में नेटवर्क सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।




रामगढ़ प्रखंड में कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं रहने पर जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंह ने जियो कनेक्शन की प्रक्रिया प्रगति पर होने की जानकारी दी गयी।इसपर डीसी ने कहा कि जिस स्तर पर भी मामला लंबित है,वहां से बेहतर समन्वय स्थापित कर त्वरित रूप से रामगढ़ प्रखंड कार्यालय में इंटरनेट कनेक्टिविटी बहाल करने की बात कही।इसी प्रकार ई-ग्रंथालय की समीक्षा के दौरान केंद्रीय पुस्तकालय, पलामू में पंजीकृत सदस्यों की संख्या में वृद्धि की जानकारी दी गई। साथ ही पुस्तकालय भवन में चल रहे नवीनीकरण कार्य के कारण पाठकों की उपस्थिति अस्थायी रूप से प्रभावित होने की बात कही गई। बैठक में पुस्तकालय को मॉडल लाइब्रेरी के रूप में विकसित करने की दिशा में की जा रही पहल पर भी चर्चा हुई।

बैठक में उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया।इसी तरह ई ग्रंथालय,आईआरएडी समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी।इस अवसर पर डीसी,सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणबीर सिंग,एडीआईओ प्रगति,सिविल सर्जन डॉ अनिल, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, डीएसई,ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज पांडेय, यूआईडी के डीपीओ समेत अन्य उपस्थित रहे।

# गुस्साये लोगों ने शव के साथ ब्रिज जाम कर किया विरोध प्रदर्शन

## लोगों ने की नारेबाजी, हत्यारे को फांसी देने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** जीतेश राम की नृशंस हत्या के खिलाफ धनसार थानांतर्गत डुहाटांड बरमसिया निवासी मृतक के परिजन एवं शुभचिंतकों ने आज बरमसिया रेलवे ओवरब्रिज पर शव के साथ जाम कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया एवं पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हत्यारे को फांसी देने की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर धनसार पुलिस पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। रेलवे ओवरब्रिज पर जाम की भयंकर स्थिति बनी हुई थी जिसे धनसार पुलिस को निबटना मुश्किल लग रहा था, अंत में पुलिस के वरीय अधिकारी दल-बल के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने की कोशिश करने लगे ,देर शाम तक यह सिलसिला चलतें रहा। आक्रोशित लोगों का कहना यह था कि इसके पहले मृतक के पिता की भी हत्या कर दी गई थी और आज पुत्र की भी हत्या कर दी गई जिसे बर्दाश्त करना अब मुश्किल है, इसलिए पुलिस अब जीतेश के हत्यारे को गिरफ्तार कर उसे फांसी की सजा दिलाए तभी मृतक की आत्मा को शांति मिलेगी। पुलिस देर शाम तक आक्रोशित लोगों को समझाने और जाम हटाने की कोशिश में लगी हुई थी। घटना के बारे में स्थानीय लोगों के द्वारा बताया जा रहा है कि मृतक पूना में नौकरी करता था और एक सप्ताह पहले



अपने घर डुहाटांड बरमसिया आया था, आज से तीन चार रोज बाद उसका पूना का टिकट भी बना हुआ था लेकिन इसी बीच बीते परसों यानि रविवार की रात्रि दस बजे वह घर से निकला जो वापस अपने घर नहीं लौटा और सोमवार को उसकी लाश चांदमारी में मिली। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव मिलने के बाद आज मृतक के परिजन एवं शुभचिंतकों ने बरमसिया रेलवे ओवरब्रिज पर शव के साथ हत्यारे के खिलाफ नारेबाजी एवं जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

# पत्नी के साथ मिलकर घोंटा पिता का गला, मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कान्हाचट्टी ।** राजपुर थाना क्षेत्र के लारालूटूदाग गांव में रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। पारिवारिक विवाद में कलयुगी पुत्र भोला यादव ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर रविवार की रात पिता 65 वर्षीय कुली यादव की गला दबाकर हत्या कर दी।

घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी फैल गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर राजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

ग्रामीणों व प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी ने पहले गमछे से पिता का गला घोंटा और फिर रॉड से हमला किया। बताया जाता है कि हत्या को अंजाम देने से पहले भोला यादव ने आसपास के कई घरों के बाहर से दरवाजों की कुंडी लगा दी थी, ताकि चीख-पुकार सुनकर कोई मदद के लिए बाहर न निकल सके। इस बात की चर्चा गांव में दबी जुबान से हो



रही है। मृतक के परिजनों ने बताया कि भोला यादव पिछले करीब एक वर्ष से अपने पिता के साथ अक्सर विवाद करता रहता था। पारिवारिक तनाव लगातार बढ़ रहा था। रात विवाद इतना बढ़ गया कि बहू-बेटे ने मिलकर कुली यादव की हत्या कर दी। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है और लोग इस अमानवीय कृत्य से स्तब्ध हैं।

राजपुर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है।

# नीट परीक्षा रद्द होने से छलका छात्रों का दर्द



## बताया सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) पेपर लीक मामले में एनटीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मंगलवार को पूरा पेपर ही रद कर दिया। इसका सीधा असर धनबाद के 4000 छात्रों पर पड़ा है। तीन मई को धनबाद के सात केंद्रों पर नीट का आयोजन किया गया था। सबसे अधिक छात्र बिनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय और बीआईटी सिंदरी सेंटर पर शामिल हुए थे। इन दो सेंटर पर ही 1600 छात्र शामिल हुए थे।

नीट में शामिल कोमल, लक्ष्मी गुप्ता, अदिति अंशु, श्रेय सुमन, सलोनी, आस्था सिंह और एंजल सिंह ने बताया कि पूरी मेहनत पर पानी फिर गया। यह पेपर की सुरक्षा पर सबसे बड़ा प्रश्न है। पिछले दो-तीन वर्षों से नीट में ऐसा ही हो रहा है।

2024 में भी छात्र 720 में से 720 अंक लेकर आ गए, पिछले वर्ष भौतिकी का पेपर इतना कठिन दे दिया था कि आज तक उतना कठिन पेपर नहीं आया। हम लोग तो प्रश्न देखकर रो पड़े थे। इस बार फिर से पेपर लीक हो गया। कहीं ना कहीं यह सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक है। इसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ रहा है। पूरी तैयारी धरी की दरी रह गई। श्रेया और अदिति का कहना था कि अब फिर से रिदम के साथ तैयारी करनी होगी, लेकिन जो परीक्षा हो गई उस तरह का माहौल नहीं बन पाएगा। एनटीए अब नई तिथि कब जारी करेगी, कुछ पता नहीं। डेट जारी भी हो जाती है तो भी अब नए सिरे से तैयारी करनी होगी।

मेडिकल की तैयारी करने वाले गोल संस्थान के निदेशक संजय आनंद ने कहा कि बच्चा साल भर कड़ी मेहनत के साथ 10 से 15 घंटे जी जान लगाकर तैयारी करता है। ऐसे में पेपर लीक होना सुरक्षा एजेंसियों को कटघरे में खड़ा करता है। बच्चे मायूस हो जाते हैं, फिर से परीक्षा देने का वैसा माहौल नहीं बन पाता है। हमारे यहां से 50 से 60 छात्र ऐसे थे जो इस बार एमबीबीएस क्लियर करने वाले हैं, इनके लिए फिर से परीक्षा देना चुनौती है। जो छात्र रैंक से बाहर हो रहे थे उनके लिए यह एक सुनहरा अवसर है। मसलन तीन मई को संपन्न हुई परीक्षा के आधार पर इस बार जनरल और ओबीसी का के छात्रों को 720 में से लगभग 612 अंक पर एमबीबीएस मिलने की संभावना थी।

एससी छात्रों को 440, एसटी को 325 और ईडब्ल्यूएस छात्रों को 605 अंक आने पर एमबीबीएस मिल सकता था। अब छात्र को फिर से जोर लगाना होगा।

श्रीवास्तव क्लासेस के निदेशक आरके श्रीवास्तव ने बताया कि कई छात्र मायूस हो गए हैं। अब ऐसे छात्रों को एक बार फिर एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। एनटीए और पेपर की सुरक्षा करने वाली तमाम एजेंसियों को नीट पर गंभीर होना होगा। पिछले कई वर्षों से परीक्षा विवादों में है। सभी श्रेणियां में निर्धारित एमबीबीएस रैंक से 52 से 70 अंक जिन छात्रों को कम मिलने की उम्मीद थी, उनके लिए यह सुनहरा अवसर है। इस बार परीक्षा में शामिल होकर अपना अंक सुधार सकेंगे।

# सब्जियों से लहलहाता स्कूल कैम्पस बना आकर्षण का केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चतरा।** सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ स्वच्छ एवं पौष्टिक वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में प्राथमिक विद्यालय बाय की पहल इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है।

विद्यालय परिसर में विकसित किया गया हरा-भरा किचन गार्डन न सिर्फ बच्चों को प्रकृति से जोड़ रहा है, बल्कि मध्याह्न भोजन योजना को भी पौष्टिक बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। विद्यालय का यह प्रयास आसपास के लोगों एवं अन्य विद्यालयों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया है।

विद्यालय परिसर में तैयार किए गए किचन गार्डन में कद्दू, हरा मिर्च, बैगन, शिमला मिर्च, नेनुआ, झींगा, टमाटर, भिंडी, मकई, हरा पालक साग, धनिया पत्ता सहित कई प्रकार की सब्जियों की खेती की गई है।

गर्मी के इस मौसम में भी गार्डन पूरी तरह हरा-भरा नजर आ रहा है। सब्जियों की लहलहाती फसल विद्यालय आने वाले लोगों को सहज ही आकर्षित कर रही है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामदेव कुशवाहा ने बताया कि किचन गार्डन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां उपलब्ध कराना है।

गार्डन में उगाई गई सब्जियों का उपयोग विद्यालय में संचालित मध्याह्न भोजन में किया जाता है। इससे बच्चों को पौष्टिक आहार मिल रहा है, वहीं विद्यालय के खर्च में भी कमी आ रही है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय परिवार ने मिलकर इस पहल को सफल बनाया है। सहायक शिक्षक संजय कुमार दांगी एवं फौजदारी सिंह भोक्ता प्रतिदिन गार्डन की देखरेख करते हैं। नियमित सिंचाई,साफ-सफाई एवं पौधों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि विद्यालय परिसर का वातावरण पूरी तरह हरियाली से आच्छादित दिखाई देता है।विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे भी किचन गार्डन को लेकर काफी उत्साहित हैं। बच्चे पौधों की जानकारी लेने के साथ उनकी देखभाल में भी रुचि दिखा रहे हैं। इससे उनमें खेती, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

स्थानीय ग्रामीणों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि अन्य विद्यालय भी इसी प्रकार किचन गार्डन विकसित करें तो बच्चों को शुद्ध एवं ताजी सब्जियां उपलब्ध हो सकेंगी।

साथ ही विद्यालय परिसर भी स्वच्छ एवं आकर्षक बनेगा।प्राथमिक विद्यालय बाय का यह किचन गार्डन शिक्षा के साथ आत्मनिर्भरता, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दे रहा है।

विद्यालय की यह पहल निश्चित रूप से दूसरे विद्यालयों के लिए प्रेरणादायी साबित हो रही है।

# स्थायी समिति की बैठक में लिये गये कई अहम फैसले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** नगर निगम के महापौर कार्यालय कक्ष में मंगलवार को सशक्त स्थायी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी महापौर उषा देवी अग्रवाल ने की। बैठक में शहर की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने,नगर निगम कर्मियों की समस्याओं के समाधान तथा आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस दौरान निगम कर्मचारियों के वेतन से संबंधित लंबित मामलों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। समिति ने कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर सहमति जताई। महापौर उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम परिवार के हितों की रक्षा करना प्राथमिकता है और कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। इसके अलावा शहर में लगातार बढ़ रही जाम की समस्या को देखते हुए अस्थायी टोटो एवं ऑटो स्टैंड को सुव्यवस्थित करने पर विशेष चर्चा की गई।


समिति ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि टोटो और ऑटो के लिए निर्धारित स्थान तय कर शहर में यातायात को सुचारु बनाया जाएगा। ताकि आम लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।बैठक में पूर्व में हुई सशक्त स्थायी समिति की बैठक के निर्णयों की भी समीक्षा की गई। जिन योजनाओं एवं प्रस्तावों पर कार्य प्रगति पर है। उनकी स्थिति की जानकारी ली गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके साथ ही शहर की साफ-सफाई, जलनिकासी, सड़क व्यवस्था और अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि कटिहार नगर निगम शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और शहर को स्वच्छ,सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। ताकि शहर के लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। इस दौरान उपमहापौर मंजूर खान , सहायक अभियंता विवेक कुमार , नगर प्रबंधक ज्योति कृष्णमुर्ति,कनीय अभियंता अजय कुमार सिंह,स्वछता पदाधिकारी राहुल कुमार , स्थायी सशक्त कमिटी के सदस्य वार्ड पार्षद मनीष घोष,दिनेश पांडे,संतोष देवी, प्रधान सहायक सलीम परवेज एवं निगम कर्मी मौजूद रहे ।



# जब मैच अधिकारियों से लड़े मुनाफ-नेहरा

## बीच मैच में मैदान पर पहुंच गए थे आमरे, IPL में इन कोचों पर लग चुका है जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में रविवार (10 मई) को मुंबई इंडियंस के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कोच एंडी फ्लावर पर जुर्माना लग गया। फ्लावर पर यह कार्रवाई मैच अधिकारियों से बहस के कारण हुई। आईपीएल में कोच पर कार्रवाई का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले आशीष नेहरा और मुनाफ पटेल जैसे दिग्गजों पर भी जुर्माना लग चुका है। इसका कारण टी20 खासकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोच की भूमिका में बदलाव है। पहले क्रिकेट टीमों के कोच ड्रेसिंग रूम की बालकनी, नोट्स बनाते और खिलाड़ियों से बातचीत करने तक सीमित रहते थे।



- **आशीष नेहरा**– आईपीएल 2025 में वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच मैच था। बारिश के बाद अगर आगे खेल नहीं होता तो मुंबई इंडियंस (MI) जीत सकती थी। कट-ऑफ टाइम करीब आ रहा था और गुजरात टाइटंस चाहती थी कि ग्राउंडस्टाफ जल्दी से मैदान तैयार करे ताकि कम से कम एक और ओवर हो जाए। गुजरात टाइटंस के कोच आशीष नेहरा की ग्राउंडस्टाफ और मैच अधिकारियों से बहस हुई। उनपर मैच फीस का 25% का जुर्माना लगाया गया और डिमेरिट पॉइंट भी मिले। हालांकि, गुजरात टाइटंस जीत गई थी।
- **मुनाफ पटेल**– आईपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच सुपर ओवर में चला गया था। इस मैच के दौरान मुनाफ पटेल पर मैच फीस का 25% का जुर्माना लगाया गया और डिमेरिट पॉइंट भी मिले। हालांकि आईपीएल ने यह नहीं बताया कि मुनाफ की गलती क्या थी, लेकिन उन्हें एक मैच अधिकारी से बहस करते हुए देखा गया, जब उन्हें मैसेज देने के लिए एक रिजर्व खिलाड़ी को मैदान में भेजने की इजाजत नहीं दी गई।
- **प्रवीण आमरे**– आईपीएल 2022 में दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच मैच के दौरान अलग ही ड्रामा देखने को मिला। तब दिल्ली कैपिटल्स के तत्कालिन सहायक कोच प्रवीण आमरे को एक मैच के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। वह मैच के दौरान मैदान पर पहुंच गए थे। ऑन-फील्ड अंपायर नितिन मेनन और निखिल पटवर्धन से बात करते हुए देखा गया। दिल्ली कैपिटल्स 222 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद के बाद का यह मामला है। ओबेद मैककॉय की हाई फुलटॉस गेंद को रोवमैन पॉवेल ने छक्के जड़ा। इसे नोबॉल नहीं दिया गया। दिल्ली कैपिटल्स ने इसका विरोध किया। पॉवेल और नॉन-स्ट्राइकर कुलदीप यादव ने अंपायरों से इसके बारे में पूछा। तब दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने बल्लेबाजों को वापस आने का इशारा कर दिया।

### ICC ने 2026-27 सत्र के लिए जारी की मैच अधिकारियों की सूची

# नितिन मेनन एकमात्र भारतीय अंपायर



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सोमवार (11 मई) के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के 2026-27 सत्र के लिए अंपायरों और मैच रेफरियों के एलीट पैनल का ऐलान कर दिया। अंपायरों में नितिन मेनन अकेले भारतीय हैं। आईसीसी ने मैच अधिकारियों की टीम में कोई बदलाव नहीं किया। मेनन 2020 से एलीट पैनल का हिस्सा हैं। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ मैच रेफरी के एलीट पैनल में अकेले भारतीय हैं। वह भी पहले से ही सूची में थे। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने एक रिलीज में कहा, '2026-27 सीजन के लिए आईसीसी एलीट पैनल में बदलाव न करने का फैसला किया है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंपायरिंग को ऊंचे मानक को दिखाता है।' अंपायर के चयन पैनल में आईसीसी के जनरल मैनेजर क्रिकेट वसीम खान (चेयर), इंग्लिश प्रीमियर लीग के पूर्व रेफरी माइक रिले, पूर्व इंटरनेशनल अंपायर और अंपायर कोच पीटर मैनुअल और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर शामिल थे। इसने मौजूदा पैनल में बदलाव न करने का फैसला करने से पहले अंतराष्ट्रीय मैचों में अंपायरिंग और रेफरी के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया।

**आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी** (2026-27)
जेफ क्रो (न्यूजीलैंड), रंजन मदुगले (श्रीलंका), एंड्रयू पायक्रॉफ्ट (ज़िम्बाब्वे), रिची रिचर्डसन (वेस्टइंडीज), जवागल श्रीनाथ (भारत)।

**आईसीसी एलीट पैनल ऑफ अंपायर** (2026-27)
कुमार धर्मसेना (श्रीलंका), क्रिस्टोफर गैफनी (न्यूजीलैंड), एड्रियन होल्डस्टॉक (साउथ अफ्रीका), रिचर्ड इलिंगवर्थ (इंग्लैंड), रिचर्ड केटलबोरो (इंग्लैंड), नितिन मेनन (भारत), अल्लाहुद्दीन पालेकर (साउथ अफ्रीका), अहसान रज़ा (पाकिस्तान), पॉल रीफेल (ऑस्ट्रेलिया), शरफुद्दौला इब्ने शाहिद (बांग्लादेश), रॉडनी टकर (ऑस्ट्रेलिया), एलेक्स व्हार्फ (इंग्लैंड)।

# पहली गेंद पर सबसे ज्यादा बार सिक्स

## एक साथ तोड़ा कोहली-यशस्वी समेत 4 खिलाड़ी का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स के ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्या ने आईपीएल 2026 के 55वें मैच में अपनी टीम को जोरदार शुरुआत दिलाई। इस मैच में मिचेल स्टार्क ने दिल्ली की तरफ से गेंदबाजी की शुरुआत की और प्रियांश ने उनकी पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। इस छक्के के साथ ही प्रियांश अब आईपीएल में किसी मैच में पहली ही गेंद पर सबसे ज्यादा बार छक्के लगाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल समेत 4 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**प्रियांश ने तोड़ा कोहली-यशस्वी समेत 4 खिलाड़ियों का रिकॉर्ड**– प्रियांश आर्या ने आईपीएल के किसी मैच में सबसे ज्यादा बार पहली गेंद पर छक्के लगाने वाले बैटर बने। प्रियांश आर्या ने इस लीग में दूसरी बार ये कमाल किया। स्टार्क की पहली ही गेंद पर छक्के लगाने के बाद उन्होंने ये उपलब्धि अपने नाम कर लिया। इससे पहले प्रियांश आर्या ने साल 2025 में मुल्लांपुर में खलील अहमद की गेंद पर पंजाब के लिए ही खेलते हुए पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया था और एक बार फिर से उन्होंने ये कमाल साल 2026 में किया।

प्रियांश ने एक साथ नमन ओझा, विराट कोहली, फिल साल्ट और यशस्वी जायसवाल का रिकॉर्ड तोड़ा। इन चारों बल्लेबाजों ने आईपीएल में किसी मैच की पहली गेंद पर छक्का लगाने का कमाल एक-एक बार किया है, लेकिन प्रियांश ने ऐसा दूसरी बार करते हुए सबको पीछे छोड़ दिया। वहीं प्रियांश ने आईपीएल की दोनों पारियों को मिलाकर पहली गेंद पर छक्का लगाने का कमाल तीसरी बार किया जबकि उनसे आगे यशस्वी जायसवाल हैं जिन्होंने ऐसा 4 बार किया है।

### आईपीएल मैच में पहली गेंद पर छक्के लगाने वाले बल्लेबाज

ब्रैड हॉज (केकेआर) की गेंद पर नमन ओझा (आरआर), डरबन, 2009
वरुण एरोन (आरआर) की गेंद पर विराट कोहली (आरसीबी), बेंगलुरु, 2019
नुवान तुषारा (एमआई) की गेंद पर फिल साल्ट (केकेआर) कोलकाता, 2024
खलील अहमद (सीएसके) की गेंद पर प्रियांश आर्या (पीबीकेएस), मुल्लांपुर, 2025
मिचेल स्टार्क (डीसी) की गेंद पर यशस्वी जायसवाल (आरआर), जयपुर, 2026
मिचेल स्टार्क (डीसी) की गेंद पर प्रियांश आर्या (पीबीकेएस), धर्मशाला, 2026

# प्रियांश ने 6 छक्के लगा बनाया खास रिकॉर्ड

## वैभव टॉप पर, IPL के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा 6 लगाने वाले टॉप-5 बैटर

**नई दिल्ली।** प्रियांश आर्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 के 55वें मैच में शानदार बल्लेबाजी की और 33 गेंदों पर 56 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 6 छक्के और 2 चौके लगाए और उनका स्ट्राइक रेट 169.70 का रहा। प्रियांश आर्या ने अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाने के बाद आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में यशस्वी, हेड और जयसूर्या से ऊपर आ गए। प्रियांश ने तोड़ा यशस्वी, हेड और जयसूर्या का रिकॉर्ड, वैभव हैं नंबर 1 प्रियांश आर्या ने दिल्ली के खिलाफ अपनी पारी के दौरान 6 छक्के लगाए और अब वो आईपीएल के एक सीजन में पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। प्रियांश आर्या ने इस सीजन में पावरप्ले में अब तक कुल 26 छक्के लगाए हैं। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, ट्रैविस हेड और सनत जयसूर्या को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 22-22 छक्के लगाए हैं। इस लिस्ट में वैभव पहले नंबर पर 32 छक्के के साथ मौजूद हैं। वैभव इस सीजन में पावरप्ले में अब तक 32 छक्के लगा चुके हैं।

### पावरप्ले में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बैटर

- 32 छक्के : वैभव सूर्यवंशी (2026)
- 29 छक्के : अभिषेक शर्मा (2024)
- 27 छक्के : अभिषेक शर्मा (2026)
- 26 छक्के : प्रियांश आर्या (2026)
- 22 छक्के : यशस्वी जायसवाल (2025)
- 22 छक्के : ट्रैविस हेड (2024)
- 22 छक्के : सनत जयसूर्या (2008)

### तीसरी बार पावरप्ले में बनाए 50 प्लस रन

प्रियांश ने दिल्ली के खिलाफ 56 रन की पारी खेली, लेकिन पावरप्ले के दौरान उन्होंने 27 गेंदों पर 50 रन बनाए। आईपीएल में ये तीसरा मौका था कि जब उन्होंने पावरप्ले के दौरान 50 या उससे ज्यादा रन की पारी खेली। प्रियांश ने एक साथ यशस्वी जायसवाल, इशान किशन, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह समेत 6 बल्लेबाजों का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

पावरप्ले में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस की पारी खेलने वाले भारतीय

- 4 – वैभव सूर्यवंशी
- 3 – प्रियांश आर्या
- 2 – केएल राहुल
- 2 – रिद्धिमान साहा
- 2 – यशस्वी जायसवाल
- 2 – ईशान किशन

# दिल्ली ने पंजाब से लिया बदला

## दिल्ली कैपिटल्स ने चेस किया 210 का लक्ष्य



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का 55वां मुकाबला पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। यह मुकाबला धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हुआ। इस मैदान पर यह मौजूदा सीजन का पहला मुकाबला भी था। पंजाब के लिए यह सीजन का 11वां मैच था जबकि दिल्ली की टीम अपना 12वां मुकाबला खेलने उतरी थी। मैच का टॉस जीता था दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने और पहले गेंदबाजी का फैसला उन्होंने लिया था।

**प्रियांश और अय्यर ने ठोके पचासे**– उसके बाद पहले खेलते हुए पंजाब किंग्स को प्रियांश आर्या ने अच्छी शुरुआत दिलाई और 33 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। उनके साथी ओपनर और इन फॉर्म बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 18 रन ही बना पाए। कप्तान श्रेयस अय्यर ने नाबाद 59 रन की पारी खेली। कूपर कोनोली ने 38 और अंत में सूर्यांश शेडगे ने 8 गेंद पर 21 रन ठोकते हुए स्कोर 20 ओवर में 5 विकेट पर 210 तक पहुंचा दिया।

### एएफसी अंडर 17 एशियन कप: उज्बेकिस्तान से 0-3 से हारकर टूर्नामेंट से

# बाहर हुई भारतीय पुरुष टीम



**जेद्दा।** किंग अब्दुल्ला स्पोर्ट्स सिटी हॉल स्टेडियम में एएफसी अंडर 17 एशियन कप सऊदी अरब 2026 के ग्रुप डी के आखिरी मुकाबले में भारत को डिफेंडिंग चैंपियन उज्बेकिस्तान से 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ भारत का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया है। भारत का फीफा अंडर 17 वर्ल्ड कप में सीधे क्वालीफाई करने का सपना भी अधूरा रह गया। पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया से बुरी तरह हारने के बाद, भारतीय टीम को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। यही वजह रही कि भारतीय टीम डिफेंडिंग चैंपियन उज्बेकिस्तान के खिलाफ सावधारी से खेलती हुई नजर आई। हालांकि, उज्बेकिस्तान ने लगातार आक्रामक खेल दिखाया और भारत के डिफेंस का बार-बार परखा। पहले हाफ में दबाव के बावजूद भारत के डिफेंस का प्रदर्शन दमदार रहा। बैकलाइन ने अपनी शेप अच्छी बनाए रखी, जबकि गोलकीपर राजरूप सरकार ने उज्बेकिस्तान के कई प्रयासों को विफल किया। हालांकि, मैच के 32वें मिनट में भारतीय गोलकीपर से बड़ी चूक हुई, जिसका फायदा उज्बेकिस्तान को मिला। दरअसल, उज्बेकिस्तान के आक्रामक खेल को रोकने के लिए गोलकीपर राजरूप अपनी लाइन से बाहर निकले, लेकिन पेनल्टी एरिया में वह उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी लाजिज अब्दुरईमोव को गिरा बैठे। इसके बाद उज्बेकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अब्दुरईमोव ने गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुंचाते हुए उज्बेकिस्तान को 1-0 की बढ़त दिला ही। भारतीय टीम ने ब्रेक से पहले गोल करने के कई प्रयास किए, लेकिन टीम को सफलता हाथ नहीं लगी। गुनलेइबा वांगखेइराकपाम ने गोल के सामने एक शानदार क्रॉस दिया, लेकिन कोई भी भारतीय अटैकर इस शॉट को गोल में तब्दील नहीं कर सका। भारत मैच के 56वें मिनट में स्कोर बराबर करने के काफी करीब पहुंचा। डल्लालमुओन गंगटे ने एक शानदार फ्री-किक मारी जो क्रॉसबार को हिलाकर गोलकीपर को चकमा दे गई।

# भारत में नहीं टेलीकास्ट होंगे फीफा वर्ल्ड कप के मैच?

## फीफा कप 2026 के लिए ब्रॉडकास्ट राइट्स को फाइनल नहीं कर सका है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 अगले महीने में 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू होने वाला है. फाइनल मैच 19 जुलाई को खेला जाएगा. फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट के शुरू होने में अब सिर्फ 32 दिन बाकी हैं, लेकिन अभी तक ये तय नहीं हो सका है कि भारत में फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मैचों का लाइव प्रसारण किस प्लेटफार्म पर होगा.



इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि फीफा अब तक भारत में टूर्नामेंट के ब्रॉडकास्ट राइट्स तय नहीं कर सका है. भारत के अलावा चीन में भी ये संकट है. जिसकी वजह से दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों के फैंस को अभी तक ये पता ही नहीं चल पा रहा है कि वो फीफा वर्ल्ड कप के मैच देख पाएंगे भी या नहीं।

### रिलायंस-डिज्नी डील से क्यों हटा पीछे?

हाल ही में भारत में रिलायंस-डिज्नी फीफा के भारी ब्रॉडकास्टर्स राइट को लेने से पीछे हट गया. दरअसल फीफा 2026 और 2030, दोनों टूर्नामेंट के पैकेज के लिए 100 मिलियन डॉलर की उम्मीद कर रहा था. हालांकि, रिलायंस-डिज्नी ने कथित तौर पर सिर्फ 20 मिलियन डॉलर के आसपास का ऑफर दिया, जिसे फीफा ने ठुकरा दिया. जिसकी वजह से फीफा को भारत में टूर्नामेंट के लिए अभी तक कोई ब्रॉडकास्टर नहीं मिल सका है।

### पंजाब बनाम दिल्ली मैच के बाद अंकतालिका

# RCB टॉप पर, टॉप-5 बैटर-बॉलर, राहुल अब अभिषेक से आगे



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स ने दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले लगातार तीन मैच गंवाए थे और ऐसा लग रहा था कि ये टीम वापसी करेगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिल्ली ने पंजाब को 3 विकेट से हरा दिया और 2 अंक हासिल करके अंकतालिका में 8वें से 7वें स्थान पर आ गई। वहीं इस मुकाबले के बाद पंजाब किंग्स को कोई नुकसान नहीं हुआ और ये टीम अभी भी अंकतालिका में चौथे स्थान पर बनी हुई है जबकि आरसीबी टॉप पर कायम है। पंजाब और दिल्ली के बीच हुए मुकाबले के बाद ऑरेंज कैप की रेस में शामिल टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो क्लासेन अभी भी टॉप पर हैं जबकि केएल राहुल अब दूसरे नंबर पर आ गए तो वहीं अभिषेक शर्मा तीसरे नंबर पर आ गए।

चौथे नंबर पर अब शुभमन गिल हैं जबकि साई सुदर्शन 5वें स्थान पर हैं। पर्पल कैप पर फिलहाल भुवनेश्वर कुमार का कब्जा है जिनके नाम पर 11 मैचों में 21 विकेट दर्ज हैं।

### पंजाब बनाम दिल्ली मैच के बाद अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| आरसीबी | 11 | 7 | 4 | 14 | -1.103 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 14 | -0.737 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 7 | 4 | 14 | -0.228 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 13 | -0.428 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.185 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.082 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 10 | -0.993 |
| केकेआर | 10 | 4 | 5 | 9 | -0.169 |
| मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.585 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.907 |

संक्षिप्त समाचार

## यमुना बाढ़ क्षेत्र में पूजा-पाठ और व्यापार पर पाबंदी, पार्किंग तक पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील यमुना नदी



के बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार की धार्मिक या व्यावसायिक गतिविधि पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के हित और क्षेत्र की पारिस्थितिक संवेदनशीलता को देखते हुए बाढ़ क्षेत्र में किसी भी प्रकार की व्यावसायिक/धार्मिक गतिविधियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा।कोर्ट ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को यमुना सुर घाट पर ऐसी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर आदेश के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि डीडीए यह सुनिश्चित करे कि उक्त भूमि पर पार्किंग या किसी भी प्रकार की गतिविधि की अनुमति न दी जाए, फिर चाहे किसी शुभ अवसर पर नदी को श्रद्धांजलि अर्पित करने आने वाले लोगों की सुविधा के लिए ही क्यों न हो। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा यमुना अदालत ने उक्त आदेश सुर घाट पर स्थित पार्किंग स्थल के रखरखाव के लिए 2022 में जारी किए गए टेंडर को बहाल करने की मांग वाली सुरेश कुमार की याचिका पर पारित किया। डीडीए और एमसीडी के बीच हुए एक समझौता ज्ञापन के तहत यह टेंडर जारी किया गया था। रखरखाव कार्य के लिए सुरेश कुमार ने सबसे ऊंची बोली लगाई थी।

## केजरीवाल ने पीएम की सलाह पर उठाए गंभीर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पीएम ने देश के सभी नागरिकों को खाने-पीने, घूमने- फिरने और विदेश यात्राओं में कटौती करने की सलाह दी है। साथ ही, सोना और अन्य कीमती चीजें खरीदने में भी कटौती करने को कहा है। उन्होंने पूछा है कि क्या यह देश में आर्थिक इमरजेंसी की आहट है? क्या देश भारी आर्थिक संकट में फंस गया है? ऐसा तो देश में पहले कभी नहीं हुआ। प्रधानमंत्री को देश के सामने सच्चाई रखनी चाहिए। आखिर देश की असली आर्थिक हालत क्या है? उधर, केजरीवाल ने नीट परीक्षा का पेपर लीक होने पर भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक संरक्षण में चल रहे पेपर लीक गिरोह इन युवाओं का भरोसा और हौसला तोड़ रहे हैं। पेपर लीक में शामिल माफिया और उन्हें संरक्षण देने वाले नेता देश के दुश्मन हैं। ये लोग देश की नींव को खोखला कर रहे हैं।

## दक्षिण दिल्ली में ट्यूशन के लिए निकला 10वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तिगड़ा थाना क्षेत्र में तीन दिन पहले ट्यूशन के लिए घर से निकाला 10वीं का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। देवली के महावीर अपार्टमेंट निवासी पिता दिलीप तिवारी की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस किशोर की तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज की जांच में सामने आया है कि देवली के महावीर अपार्टमेंट से निकले छात्र अंश तिवारी ने एमबी रोड पर आकर बस पकड़ी। लाडो सराय से एक स्टाप पहले वह बस से उतर गया। उसके आगे जाने के लिए बस या आटो में सवार होते नहीं दिखा। डीटीसी को पत्र लिखकर उस समयावधि में उस रूट से गुजरने वाली बसों के भीतर की सीसीटीवी फुटेज देने का अनुरोध किया गया है, किशोर किस ओर और कहां के लिए निकला, उसका पता लगाया जा सके। स्वजन के मुताबिक अंश अंबेडकर नगर स्थित राजकीय सह-शिक्षा उच्च माध्यमिक स्कूल का छात्र है। शनिवार को दोपहर तीन बजे वह ट्यूशन के लिए घर से निकला था। वह न तो ट्यूशन पहुंचा और न ही वापस आया।

# घर में सबसे प्रदूषित होती है रसोई की हवा, डीटीयू, आईआईटी दिल्ली के शोध में चौंकाने वाला खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में यह आम धारणा है कि रसोई घर का सबसे साफ हिस्सा होता है। यहां स्वच्छता का अधिक ख्याल रखा जाता है। लेकिन अगर आपको पता चले कि यही रसोई पूरे घर में सबसे ज्यादा प्रदूषित होती है तो आप क्या कहेंगे। जी हां, इस बात का खुलासा दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी और आईआईटी दिल्ली के एक ताजा अध्ययन में हुआ है। इस शोध में पाया गया है कि आपके किचन की हवा घर के बाहर जितनी प्रदूषित हो सकती है या कई बार उससे ज्यादा भी। इस शोध को लीड किया डीटीयू के एडवांस्ड एयर एंड अकाउस्टिक रिसर्च लेबोरेट्री के डॉ. राजीव कुमार मिश्रा और रिसर्च स्कॉलर मोनिका शर्मा ने। इनका साथ दिया आईआईटी दिल्ली के प्रोफेसर मुकेश खरे ने।

### शोध में सभी आय वर्ग के घरों का किया गया अध्ययन

अपने शोध के दौरान इन लोगों ने जीटीबी नगर के घरों के बेडरूम और किचन की एयर क्वालिटी पर शोध किया। इसके तहत इन्होंने चार इनकम ग्रुप वाले लोगों के घरों को चुना, जिसमें शहरी गरीब, कम आय वाले, मध्यम वर्ग और हाई इनकम वाले लोगों के घर पर गर्मी, सर्दी और मॉनसून सभी मौसम में शोध किया गया। इस शोध में चौंकाने वाला आंकड़ा सामने आया। शोधकर्ताओं ने पाया कि घर चाहे किसी भी आय वर्ग का हो उसमें सबसे प्रदूषित रसोई ही मिली। यहां औसत पीएम 2.5 60 से 100 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मिला। वहीं पीएम 10 115-145 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर मिला। यह दोनों ही सीमाएं सुरक्षित मानक से कहीं ज्यादा हैं। सर्दियों में पीएम10 250 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर किचन में और बेडरूम में 200 तक पहुंच गया। जिन किचन में वेंटिलेशन की अच्छी व्यवस्था नहीं थी वहां पीएम10 247 और पीएम 2.5 200 और पीएम1 153 तक पहुंच गया। शोध के अनुसार पीएम1 पीएम10 को बढ़ाने में 40-85 प्रतिशत तक योगदान देता है।

### क्या बोले डॉ. राजीव कुमार मिश्रा?

यह शोध पार्टिकुलेट साइंस एंड टेक्नोलॉजी नामक जर्नल में प्रकाशित हो चुका है। इसमें पाया गया है कि इनडोर पॉल्यूशन घर में होने वाले काम से जुड़ा हुआ है। खराब वेंटिलेशन, अटैच्ड किचन, खाना पकाने में लगने वाला लंबा समय और एग्जॉस्ट सिस्टम का ठीक न होना घर का प्रदूषण बढ़ाता है। यहां तक कि मॉडर्न सुविधाओं वाले घरों में भी सर्दी के मौसम में इनडोर पॉल्यूशन, डस्टिंग, वेंटिलेशन की उचित व्यवस्था आदि न होने से ज्यादा ही रहता है।

लोगों का जीना हुआ मुहाल

# न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में सीवर ओवरफ्लो से बदबू और गंदगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कालोनी में सीवर ओवरफ्लो के चलते फिर से हालात बदतर बने हुए हैं। इलाके के सी ब्लाक में सोमवार को सीवर ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी भर गया। इसके चलते स्कूली बच्चों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को सीवर के पानी से होकर गुजरना पड़ा।



इसे लेकर आरडब्ल्यूए ने जन प्रतिनिधियों और संबंधित विभागों से शिकायत भी की है। साथ ही लंबे समय से चल रही इस परेशानी का स्थायी समाधान करने की मांग भी उठाई है।

दरअसल, इलाके में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो की परेशानी बनी हुई है। लगातार शिकायतों के बावजूद कोई समाधान नहीं होने पर आए दिन लोगों के घरों के आगे सीवर का पानी जमा रहता है। आरडब्ल्यूए की ओर से समस्या को लेकर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सहित दिल्ली की मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल, सांसद, विधायक व पार्षद से लगातार शिकायतें की जा चुकी हैं। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा को भी इस संबंध में पत्र लिखा गया है। फौरी राहत के लिए आरडब्ल्यूए ने सबमर्सिबल पंप भी लगाया है, लेकिन सीवर पूरी तरह जाम होने से राहत नहीं मिल पा रही है। महारानी बाग ट्रंक लाइन, जो सीवेज को किलोकरी स्थित एसटीपी तक ले जाती है पूरी तरह जाम है। इलाके में करीब पांच दशक पहले बिछाई गई सीवरेज लाइन कई जगहों से क्षतिग्रस्त है। इसके चलते ए, बी, सी और डी ब्लाक में आए दिन सीवर ओवरफ्लो रहता है। आरडब्ल्यूए ने जर्जर पाइपलाइनों को बदलने या तत्काल मरम्मत करने की मांग रखी है। आरडब्ल्यूए का कहना है कि जल बोर्ड ने पिछले दिनों आश्वासन दिया था कि महारानी बाग में सुपर सकर मशीन से ब्लाकेज हटाने का काम किया जाएगा। इसपर भी अभी तक कुछ नहीं हुआ है। महारानी बाग स्थित मुख्य सीवर लाइन में ब्लॉकेज की वजह से न्यू फ्रेंड्स कालोनी में सीवर ओवरफ्लो की परेशानी है। जल बोर्ड ने साइट सर्वे में पाया है कि सीवर नेटवर्क काफी पुराना होने से परेशानी है। घरों के आगे आए दिन सीवर का पानी बहता है और हम लोग बदबू-गंदगी के बीच रहने को मजबूर हैं। रोजाना शिकायतें की जा रही है।

# 100 करोड़ के घूसकांड में दिल्ली पुलिस का इंस्पेक्टर गिरफ्तार, सीबीआई रेड में बड़ा खुलासा; अब नपेंगे कई आईपीएस अफसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 करोड़ के कथित रिश्वत प्रकरण में दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर सुभाष यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें मंगलवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा ताकि मामले की गहराई से जांच की जा सके। दिल्ली में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन (सीबीआई) ने द्वारका जिले में तैनात नारकोटिक्स इंस्पेक्टर सुभाष यादव को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब जांच एजेंसी को उनके खिलाफ गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के पुख्ता सबूत मिले। सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान 100 करोड़ से अधिक के संदिग्ध लेन-देन का का पता चला है। इसके साथ ही कई बेनामी संपत्तियों और प्रॉपर्टी से जुड़े लिंक भी सामने आए हैं, जिसने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।





**सबूत जुटाने के बाद सीबीआई ने कार्रवाई की :** सीबीआई की टीम लंबे समय से इस केस पर निगरानी रखी हुई थी और पर्याप्त सबूत जुटाने के बाद ही यह बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई ने पुलिस महकमे में हलचल मचा दी है। आने वाले दिनों में इस केस से जुड़े कुछ आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# बिगड़ने वाला है दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी यूपी का मौसम, आंधी-बारिश और बिजली चमकने का अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग ने अगले दो घंटों के दौरान धूल भरी आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की चेतावनी जारी की है। कई इलाकों में बिजली चमकने और 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के जाफरपुर, नजफगढ़, द्वारका, पालम, आईजीआई एयरपोर्ट, वसंत विहार, आरके पुरम, वसंत कुंज, हौज खास, मालवीय नगर, महरौली, तुगलकाबाद, छतरपुर, आईजीएनओयू, अयानगर और डेरामंडी क्षेत्रों में धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश या बूंदाबांदी के आसार हैं। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

वहीं एनसीआर के गुरुग्राम, फरीदाबाद, मानेसर और बल्लभगढ़ में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। इसके अलावा हरियाणा के सोहना, पलवल, नूंह और औरंगाबाद में भी मौसम करवट लेगा।



जबकि पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, गंगोह, देवबंद, नजीबाबाद, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, हस्तिनापुर, चांदपुर, किठौर, अमरोहा, मुरादाबाद, गढ़मुक्तेश्वर, रामपुर, स्याना, संभल, बिलारी, चंदौसी, बहजोई और बरेली में तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों पर जाने से बचने, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर रहने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है।

# ब्रिटेन में सियासी भूचाल! सरकार से पहली मंत्री ने दिया इस्तीफा, पीएमस्टार्मर पर कुर्सी छोड़ने का दबाव बढ़ा

**चुनौती की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है और देश सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करता है**





**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजनीति में बड़ा संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है। प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर पर इस्तीफे का दबाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन उन्होंने साफ कर दिया है कि वह पद नहीं छोड़ेंगे और सरकार चलाते रहेंगे। डाउनिंग स्ट्रीट की ओर से जारी बयान में स्टारमर ने कैबिनेट बैठक के दौरान कहा कि पार्टी के भीतर नेतृत्व चुनौती की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है और देश सरकार से काम जारी रखने की उम्मीद करता है। उन्होंने कहा, 'पिछले 48 घंटे सरकार के लिए अस्थिर रहे हैं और इसका आर्थिक असर देश तथा परिवारों पर पड़ रहा है। लेकिन लेबर पार्टी में नेता को चुनौती देने की एक प्रक्रिया होती है और वह शुरू नहीं हुई है।' ब्रिटिश अखबार रिपोर्ट के मुताबिक कैबिनेट के छह वरिष्ठ मंत्री चाहते हैं कि स्टारमर पद छोड़ दें। रिपोर्ट में जिन मंत्रियों का नाम सामने आया उनमें शामिल हैं:

बताया जा रहा है कि इन नेताओं ने स्टारमर से नेतृत्व परिवर्तन पर विचार करने को कहा है।

**सरकार से पहला इस्तीफा:** इसी बीच सरकार को बड़ा झटका तब लगा जब हाउसिंग, कम्युनिटीज और लोकल गवर्नमेंट मंत्री मियाटा फानबुले ने इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर जारी बयान में कहा कि सरकार ने बदलाव की रफ्तार, विजन और साहस नहीं दिखाया जिसकी जनता को उम्मीद थी। फाहनबुलेह ने स्टारमर से 'देश और पार्टी के हित में व्यवस्थित नेतृत्व परिवर्तन की समयसीमा तय करने' की अपील की। उन्होंने लिखा, 'जनता अब विश्वास नहीं करती कि आप वह बदलाव ला सकते हैं जिसकी हमने उनसे वादा किया था।'

**डाउनिंग स्ट्रीट में बढ़ी हलचल:** मंगलवार सुबह डाउनिंग स्ट्रीट में लगातार मंत्रियों की आवाजाही देखी गई।

**● परिवार के ही एक आदमी ने दी जानकारी**

# डच नाजी कमांडर के परिवार के पास मिली चोरी की बेशकीमती पेंटिंग, आर्ट जासूस का बड़ा खुलासा

**रोम, एजेंसी।** डच आर्ट जासूस आर्थर ब्रांड ने सोमवार को 'पोर्ट्रेट ऑफ ए यंग गर्ल' पेंटिंग को लेकर कई नए खुलासे किए। उन्होंने बताया कि, नाजियों द्वारा दुनिया के मशहूर गौडस्टिकर कलेक्शन से लूटी गई एक कलाकृति उन्होंने खोज ली है। यह पेंटिंग नीदरलैंड्स में एक बदनाम एसएस सहयोगी के परिवार के पास मिली है।

ब्रांड ने बताया कि डच कलाकार टून केल्डर की बनाई पेंटिंग 'पोर्ट्रेट ऑफ ए यंग गर्ल' (एक युवा लड़की का चित्र), शायद दशकों से हेंड्रिक सेफार्ड्ट के वंशजों के घर में टंगी हुई थी। ब्रांड ने इसे अपने पूरे करियर का सबसे अजीब मामलाय बताया।

इस मामले की तुलना 2025 में सामने आई एक खोज से की जा रही है, जिसने दुनिया भर में सुर्खियां बटोरी थीं। उस समय, 18वीं सदी की नाजियों द्वारा लूटी गई एक पेंटिंग, जो यहूदी आर्ट डीलर जैक्स गौडस्टिकर के कलेक्शन से ही थी। अर्जेंटीना में एक प्रॉपर्टी के विज्ञापन में दिखाई दी थी। नीदरलैंड्स के इस मामले में, ब्रांड ने बताया कि एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया, जिसने हाल ही में दो चौंकाने वाले राज खोजे थे। वह सेफार्ड्ट का वंशज था, और उसके परिवार ने सालों तक उस लूटी हुई कलाकृति को अपने घर में सजाकर रखा था। परिवार के इस सदस्य ने, जो अपना नाम गुप्त रखना चाहता था, ब्रांड को बताया कि उसने यह पेंटिंग सेफार्ड्ट की पोती के घर के गलियारे में टंगी हुई देखी थी। सेफार्ड्ट की हत्या 1943 में डच प्रतिरोध सेनानियों ने कर दी थी।

सेफार्ड्ट, जो नाज़ियों के साथ सहयोग करने वाले सबसे ऊंचे ओहदे वाले डच लोगों में से एक था। वह पूर्वी मोर्चे पर डच स्वयंसेवकों की एक टुकड़ी का नेतृत्व करता था। 1943 में उसकी मौत की खबर अपने पहले पन्ने पर छापी थी, और द हेग में उसके लिए एक भव्य नाजी राजकीय अंतिम संस्कार आयोजित किया गया था, जिसमें एडॉल्फ हिटलर द्वारा भेजा गया फूलों का हार भी शामिल था।

ब्रांड ने बताया कि सेफार्ड्ट की पोती ने परिवार के उस सदस्य से कहा था कि, यह पेंटिंग यहूदियों से लूटी गई कलाकृति है, जिसे गौडस्टिकर से चुराया गया था।

# पश्चिम एशिया संकट: दोहरा गेम खेल रहा पाकिस्तान? ईरान युद्ध में पाक की मध्यस्थता पर अमेरिका को भी शक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया के संघर्ष में पाकिस्तान खुद को एक मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है, लेकिन उसकी इस भूमिका पर अब अमेरिकी प्रशासन को गहरा शक होने लगा है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान दोहरी चाल चल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के उस शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसे पाकिस्तान ने उन तक पहुंचाया था। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दौर की मेजबानी भी पाकिस्तान ने ही की थी। अमेरिका को पाक की मध्यस्थता पर शक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप के करीबी लोग ईरान और अमेरिका के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता को लेकर चिंतित हैं। अमेरिकी प्रशासन को लगता है कि पाकिस्तान शांति प्रक्रिया को लेकर ट्रंप की नाराजगी को ईरान तक सही ढंग से नहीं पहुंचा रहा है। अधिकारियों का यह भी मानना है कि पाकिस्तान ईरान के पक्ष को हकीकत से ज्यादा सकारात्मक बनाकर अमेरिका के सामने पेश कर रहा है। इस बीच, अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट ने पाकिस्तान के इस डबल गेम का एक और सबूत दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने चुपके से ईरानी सैन्य विमानों को अपने हवाई अड्डों पर रुकने की इजाजत दी। ऐसा शायद इन विमानों को अमेरिकी हवाई हमलों से बचाने के लिए किया गया था। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि अप्रैल की शुरुआत में जब ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम की घोषणा की थी, उसके कुछ ही दिनों बाद ईरान ने पाकिस्तान के 'नूर खान एयर बेस' पर कई विमान भेजे थे।





# ट्रंप का सब्र टूट रहा: ईरान के प्रस्ताव न मानने से अमेरिका नाराज

**फिर हमले का आदेश दे सकते हैं राष्ट्रपति**

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव को लेकर डोनाल्ड ट्रंप अब ईरान के रवैये से खुलकर नाराज नजर आ रहे हैं। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान की ओर से आए प्रस्ताव और लगातार ठप पड़ी बातचीत से ट्रंप प्रशासन में भारी निराशा है। यही वजह है कि अब वॉशिंगटन एक बार फिर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू करने के विकल्प पर गंभीरता से विचार कर रहा है।

कहां अटक रही है बातचीत?

सीएनएन ने मामले से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि परमाणु मुद्दे पर बातचीत में लगातार गतिरोध और तेहरान का रवैया ट्रंप प्रशासन की नाराजगी की सबसे बड़ी वजह बन गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप इस बात से भी बेहद परेशान हैं कि ईरान रणनीतिक रूप से अहम होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। इसके अलावा उन्हें यह भी लगता है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मौजूद अंदरूनी मतभेद किसी भी सार्थक कूटनीतिक प्रगति में बाधा बन रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार, ईरान की हालिया प्रतिक्रिया के बाद अमेरिकी प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारियों के बीच यह सवाल उठने लगा है कि क्या तेहरान वास्तव में गंभीरता से बातचीत करना चाहता भी है या नहीं। सीएनएन की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन के भीतर आगे की रणनीति को लेकर मतभेद उभर आए हैं।



प्रशासन के कुछ अधिकारी, खासकर पेंटागन से जुड़े लोग, अब ईरान पर ज्यादा आक्रामक दबाव बनाने के पक्ष में हैं। उनका मानना है कि सीमित और लक्षित सैन्य हमलों के जरिए तेहरान की स्थिति को और कमजोर किया जा सकता है। वहीं, प्रशासन के भीतर एक दूसरा धड़ा अब भी यह मानता है कि कूटनीतिक प्रयासों को थोड़ा और समय दिया जाना चाहिए। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि वॉशिंगटन और तेहरान बातचीत को लेकर अलग-अलग समयसीमा और सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अधिकारी के मुताबिक, ईरान दशकों से आर्थिक प्रतिबंधों और दबावों का सामना करता आया है, इसलिए हो सकता है कि उसे उतनी जल्दबाजी महसूस न हो जितनी ट्रंप प्रशासन उम्मीद कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### हेमंत सरकार में आदिवासियों की छीनी रही जमीन : चंपई सोरेन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के वरीय नेता चंपई सोरेन ने आरोप लगाया है कि अबुआ आदिवासियों की कथित सरकार के संरक्षण में संथाल परगना का डेमोग्राफी बदल गया। बोकारो भी इससे अछूता नहीं है। बोकारो परिसदन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने



बताया, पेटरवार प्रखंड के उलगड़ा पंचायत में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आदिवासियों की जमीन पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन इन गरीब आदिवासियों को न्याय नहीं दिला पा रहा है। अगर जल्द कार्रवाई नहीं होती तो हम लोग खुद जमीन वापस लेंगे। पीड़ित महिला ने बताया, कुछ महीना पहले एसडीओ की पहल पर अवैध निर्माण गिराया गया था, लेकिन फिर उन लोगों द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। जमीन पर जाने से उन लोगों द्वारा मारपीट की जाती हैं। पुलिस प्रशासन कोई आदिवासियों का साथ नहीं दे रहा है।

### पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनसार थाना क्षेत्र में चांदमारी ग्राउंड के पीछे झाड़ियों में एक युवक का शव बरामद किया गया। युवक की हत्या बेहद बेरहमी से पत्थर से कुचलकर की गई है। घटना स्थल से एक बाइक,



मोबाइल और खून से सना पत्थर बरामद हुआ है। मृतक की पहचान दहुहाटांड़ निवासी जितेश रवानी के रूप में हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने चांदमारी ग्राउंड के पीछे झाड़ियों में एक युवक का शव पड़े होने की सूचना धनसार थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शव के पास से एक बाइक बरामद हुई है, जो टुनटुन कुमार के नाम पर रजिस्टर्ड बताई जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से मोबाइल फोन और खून से सना पत्थर भी जब्त किया है। प्रथम द्रष्टया मामला हत्या का बताया जा रहा है। युवक की हत्या सिर पर पत्थर से वार कर की गई है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज चुकी है और हत्या के कारणों के साथ-साथ अपराधियों की तलाश में जुट गई है।

### स्कूल की जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की शिकायत सुनी। जनता दरबार में गोविंदपुर प्रखंड के पलैयडीह से आए ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ग्रामीणों ने स्कूल बनाने के लिए दो एकड़ भूमि दान में दी थी। जिसकी डीड भी उपलब्ध है। सर्वे के अनुसार 1.98 एकड़ भूमि खतियान में दर्ज है। जबकि विभागीय गलती के कारण नए नक्शे में इसे 1.55 एकड़ दशार्या गया है एवं शेष भूमि गांव के ही कुछ व्यक्तियों को बंदोबस्त कर दी है। भूमि का अतिक्रमण हो जाने से बाउंड्री वॉल का निर्माण रुक गया है। ग्रामीणों ने जमीन की मापी कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई। जनता दरबार में तेतुलमारी हरिजन बस्ती के ग्रामीणों ने वेस्ट मुदीडीह कोलियरी के हरिजन बस्ती में कोयला तस्करों द्वारा अवैध मुहाना खोलकर कोयले की निकासी करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद बीसीसीएल ने अवैध मुहाने की भराई की थी। परंतु तस्करों ने मुहाना खोलकर कोयले का अवैध खनन शुरू कर दिया है। इससे बस्ती के जमीनदोज होने एवं जान माल की क्षति होने की संभावना है।

### फिरौती के लिए अपहरण में दो गिरफ्तार, अपहृत मुक्त

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विशिष्ट नारायण सिंह ने बताया कि फिरौती के लिए किए गए



अपहरण का मामला सुलझा लिया गया है। उन्होंने बताया, कथारा ओपी में एक युवक के अपहरण और फिरौती की मांग का मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस ने त्वरित कर्रवाई करते हुए ग्राम खेतको थाना पेटरवार से संदिग्ध अभियुक्त कामेश्वर यादव के घर पर छापेमारी कर बंधक बनाये गये लड़के को सकुशल बरामद कर लिया। वही इस कांड में दो लोगो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उपकारा तेनुघाट भेज दिया गया।

### विद्युत सब स्टेशन निर्माण हेतु 10 एकड़ भूमि ऊर्जा विभाग को हस्तांतरित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के चास अंचल अंतर्गत आईटीआई मोड़ स्थित प्रस्तावित 132/33 केवी ग्रिड सबस्टेशन निर्माण हेतु भूमि हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में चास अंचल के मौजा कुमारदागा, थाना संख्या-143, खाता संख्या-102, प्लॉट संख्या-2735 अंतर्गत 10.00 एकड़ गैरमजरूआ खास, पुरातन पतीत भूमि को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड (ऊर्जा विभाग), झारखंड, रांची के पक्ष में अंतर्विभागीय निःशुल्क हस्तांतरण किया गया है।

#### विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को मिलेगी मजबूती

प्रस्तावित ग्रिड सबस्टेशन के निर्माण से चास एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं सुचारू बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने, लो-वोल्टेज की समस्या में कमी लाने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

#### आधारभूत संरचना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

इस संबंध में उपायुक्त अजय नाथ झा ने बताया कि आधारभूत संरचना विकास एवं आमजन को बेहतर विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

# डीसी-डीडीसी ने किया इंडिया थेरेपी सेंटर का उद्घाटन

## दिव्यांग बच्चों के कौशल विकास और थेरेपी के लिए नई पहल



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएस सिटी के को-ऑपरेटिव इलाके में मंगलवार को पहला कदम एनजीओ की ओर से स्थापित इंडिया थेरापी सेंटर का उद्घाटन उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में पदाधिकारियों ने इस पहल को समाज के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक कदम बताया।

#### जीवन का मूल उद्देश्य दूसरों की सेवा करना

समारोह को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि जीवन का मूल उद्देश्य दूसरों की सेवा करना है और समाज में इस प्रकार की पहल लगातार आगे बढ़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसी सकारात्मक गतिविधियों से ही समाज मजबूत और संवेदनशील बनता है। डीसी ने कहा कि मनुष्य के भीतर मौजूद मानवता का भाव ही सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। विशेष जरूरत वाले बच्चों और दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता रखते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने चिकित्सकों, साइकेट्रिस्ट और विशेषज्ञों से सेवा भावना के साथ बच्चों की समस्याओं को समझने और उनके बेहतर भविष्य के लिए काम करने की अपील की।

#### प्रशासन और समाज मिलकर करेंगे सहयोग

उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन और समाज मिलकर इस तरह की संस्थाओं को हरसंभव सहयोग देंगे, ताकि जरूरतमंद बच्चों को बेहतर सुविधा और सहारा मिल सके।

#### थेरेपी और कौशल विकास की मिलेगी सुविधा

संस्था की अनिता कुमारी ने बताया कि इंडिया थेरापी सेंटर में दिव्यांग एवं विशेष जरूरत वाले बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार की थेरेपी, परामर्श और कौशल विकास संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सेंटर का उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता, डीपीआरओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

# झारखंड प्रोफेशनल टैक्स को लेकर चैंबर ने आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं राज्य कर विभाग, बोकारो अंचल, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में चैंबर सभागार में झारखंड प्रोफेशनल टैक्स के संबंध में विशेष कार्यशाला सह जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त विकास कुमार का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि राज्य कर विभाग एवं व्यापारियों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध होना चाहिए। व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर कार्यक्रम में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सहायक आयुक्त विकास कुमार ने उपस्थित व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि जिन प्रतिष्ठानों का वार्षिक टर्नओवर पांच लाख रुपये तक है, उन पर प्रोफेशनल टैक्स का जीरो स्लैब लागू है। पांच लाख से दस लाख रुपये तक के टर्नओवर पर एक हजार रुपये, दस लाख से पच्चीस लाख रुपये तक पंद्रह सौ रुपये, पच्चीस लाख से चालीस लाख रुपये तक दो हजार रुपये तथा चालीस लाख रुपये से अधिक टर्नओवर पर पच्चीस सौ रुपये प्रोफेशनल टैक्स निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम को संयोजक अमन मलिक एवं टैक्सेज बार के अजय कुमार सिन्हा ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन राजेश पोद्दार ने किया। मौके पर मो. इमरान, राजीव सिंह राज्य कर पदाधिकारी,अभिषेक गुप्ता ,सुभाष कुमार, नरेंद्र सिंह, संजय अग्रवाल, कुमार अमरदीप, सिद्धार्थ जैन, जयंत सेठ, राजीव कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# झारखंड की कानून व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर बाबूलाल ने किया तीखा हमला

## कहाः धनबाद में अपराधी, आतंकी, पुलिस गठजोड़ मामले के पर्दाफाश के लिए एनआईए जांच जरूरी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की ध्वस्त कानून व्यवस्था को लेकर हेमंत सरकार पर तीखा हमला किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में अपराधी और माफिया फल-फूल रहे हैं। धनबाद में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री मरांडी ने कहा कि कानून व्यवस्था के मामले में झारखंड की स्थिति खतरनाक मोड़ तक पहुंच चुकी है। यहां पुलिस, गैंगस्टर, माफिया का एक गठजोड़ बना हुआ है। आम जनों का विश्वास सरकार और पुलिस प्रशासन से पूरी तरह डगमगा चुका है। यह संयोग नहीं है बल्कि इस स्थिति को पैदा किया गया है। आज प्रदेश के अंदर कानून व्यवस्था जो बिगड़ी है, हम कह सकते हैं कि यह बिगड़ी नहीं है बल्कि बिगाड़ी गई है। जब दागी अफसर को जिलों में और प्रदेशों में पदस्थापित किया जाएगा तो बेहतर कानून व्यवस्था की उम्मीद भला कैसे की जा सकती है? श्री मरांडी ने धनबाद एसएसपी पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां वर्दी और बिना वर्दी वाला गुंडा में एक दूसरे के कपड़े खोलने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। जबकि सरकार पूरी तरह मूकदर्शक बनी है। आम जनता, कारोबारी सभी परेशान हैं। आखिर इस राज्य में कैसे अमन चैन स्थापित हो पाएगा। श्री मरांडी ने कहा कि चार दिन पहले मुख्यमंत्री को हमने पत्र लिखा है, पहले भी पत्र लिखा गया है। प्रिंस खान द्वारा जारी वीडियो, यहां किस प्रकार पाकिस्तान से पंजाब के रास्ते अवैध हथियारों का सप्लाई किया जा रहा है, यहां आतंकी, अपराधी का गठजोड़ है जिसमें पुलिस की भी संलिप्तता है। यह केवल देश के अंतरराज्यीय गिरोह का मामला भर नहीं है बल्कि अंतरराष्ट्रीय गिरोह से भी जुड़ा मामला है।

# सुदामडीह में बालू तस्करों और आउटसोर्सिंग कर्मियों में हिंसक झड़प

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत रिवर साइड रेलवे फाटक के समीप सोमवार रात सड़क पर हुई मामूली रगड़ ने हिंसक रूप ले लिया। डेको आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक की स्कॉर्पियो और बालू लदे ट्रैक्टर के बीच विवाद के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते लाठी-डंडे और रॉड चलने लगे, जिसमें आउटसोर्सिंग प्रबंधक के बॉडीगार्ड, चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि डेको आउटसोर्सिंग के प्रबंधक मधु सिंह को उनके आवास छोड़कर चालक राधेश्याम यादव और बॉडीगार्ड अजीत कुमार सिंह लौट रहे थे। इसी दौरान अंबेडकर स्कूल के पास एक बालू लदा ट्रैक्टर वाहन से सट गया, जिसके बाद विवाद शुरू हो गया। आरोप है कि ट्रैक्टर मालिक शिवम कुमार यादव अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचा और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। स्कार्पियो चालक राधेश्याम यादव ने आरोप लगाया कि शिवम और उसके साथियों ने जानलेवा हमला किया और बॉडीगार्ड की लाइसेंसी पिस्टल छीनने का प्रयास किया।

# हम आपको सुनते हैं में डीसी ने सुनीं जनता की समस्याएं

## सभी प्रकार के मामलों के जांचोपरांत त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, आपूर्ति एवं सीओ चास, पेटरवार, नावाडीह, चंदनकियारी, जरीडीह और चंद्रपुरा से जुड़े मामलों पर विस्तार से सुनवाई की गई।

#### अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश

जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवेदनों की जांच कर शीघ्र कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

#### ईडब्ल्यू सर्टिफिकेट के लंबित मामलों पर होगी अलग बैठक

कार्यक्रम के दौरान ईडब्ल्यू सर्टिफिकेट जारी करने में आ रही समस्याओं और लंबित आवेदनों का मामला भी सामने आया। इस पर उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को अलग से बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। साथ ही, सरकार से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सभी अंचलाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की बात कही।

#### सभी प्रखंडों में भी लगा जनता दरबार

उपायुक्त के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों की सुनवाई की गई। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निष्पादन भी किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, डीपीआरओ रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# केवल फाइल आगे बढ़ा देना निष्पादन नहीं, नीचे तक जाकर समस्या का समाधान करें : डीडीसी





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार की अध्यक्षता में जन शिकायत कोषांग के तहत प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनवरी से मार्च 2026 तक विभिन्न विभागों, प्रखंडों एवं अंचलों से संबंधित प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की क्रमवार समीक्षा की गई। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग सुचिता किरण, डीईओ श्री जगरनाथ लोहरा, डीएसई अतुल कुमार चौबे, मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता,सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि उपस्थित थे। डीडीसी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिकायतों के निष्पादन में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि केवल पत्र को संबंधित विभाग/कर्मी को फरवर्ड कर देना निष्पादन नहीं माना जाएगा, बल्कि नीचे स्तर तक जाकर आमजन की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करना ही वास्तविक निष्पादन है।

#### समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश

डीडीसी ने जन शिकायत कोषांग की प्रभारी पदाधिकारी सहित सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करें। लंबित मामलों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए शिकायतकर्ताओं को त्वरित राहत पहुंचाने की दिशा में गंभीरता से कार्य करने को कहा।

#### सीपी ग्राम पोर्टल पर निष्पादन रिपोर्ट अपलोड करने का निर्देश

बैठक में सीपी-ग्राम पोर्टल के तहत प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन की भी समीक्षा की गई। डीडीसी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पोर्टल पर विभागीय लॉगिन के माध्यम से शिकायतों के निष्पादन से संबंधित दस्तावेज एवं प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से अपलोड करें, ताकि पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। मौके पर उपस्थित सीपी-ग्राम के नोडल पदाधिकारी श्री प्रभाष दत्ता ने कहा कि शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हमारी प्राथमिकता में शामिल है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। प्रतिमाह वरीय पदाधिकारी - भारत सरकार द्वारा इसकी समीक्षा की जाती है। इसलिए शिकायतों के समाधान में गंभीरता दिखाएं।

# पुलिस ने खोए हुए 36 मोबाइल बरामद कर धारकों को लौटाए



**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ एवं एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह की उपस्थिति में विभिन्न थाना क्षेत्रों से लोगों के गुम हुए 36 मोबाइल को पुलिस ने बरामद कर लिया है। आज उन मोबाइल को खोया मुस्कान, लौटाया सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर धारकों को वापस किया। गुम हुए मोबाइल के मिल जाने से लोगों में काफी खुशी देखी गई। उन्होंने इसके लिए पुलिस को धन्यवाद दिया। बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों से लोगों का गुम हुए मोबाइल को पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना के निर्देश पर बेरमो के एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह के नेतृत्व में पुलिस द्वारा बरामद कर संबंधित लोगों को वापस कर दिया गया है। जो काफी सराहनीय है। वहीं एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि बेरमो अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोबाइल खोने से संबंधित शिकायत लगातार प्राप्त हो रहा था। एसपी ने मोबाइल को सी ई आई आर पोर्टल का इस्तेमाल करते हुए अविलंब बरामद करने का आदेश दिया गया था। प्राप्त आदेश के आलोक में गोमिया थाना, कसमार थाना, महुआडांड़ थाना, दुग्धा थाना, जरीडीह थाना, चंद्रपुरा थाना, चतरोचट्टी थाना, बेरमो थाना, नावाडीह थाना, गांधीनगर ओपी, जगेश्वर विहार थाना द्वारा कारवाई करते हुए कुल 35 मोबाइल को बरामद किया गया है। बरामद सभी मोबाइल धारकों को संबंधित थाना द्वारा सूचित करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो,तेनुघाट के प्रांगण में खोया मुस्कान, पाया सम्मान के तहत सत्यापन कर सौंपा गया। साथ ही आमजनों से यह भी अपील है कि अगर किसी व्यक्ति का मोबाइल गुम होता है या चोरी होता है तो अविलंब संबंधित थाना को सूचित करें एवं सरकार द्वारा जारी पोर्टल पर जाकर वांछित विवरणी को भरें।

# उपायुक्त ने किया बेलगड़िया टाउनशिप का दौरा

## रोजगार के दृष्टिकोण से विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि चिह्नित करने का दिया निर्देश



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने आज बेलगड़िया टाउनशिप क्षेत्र का निरीक्षण कर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। साथ हीं बेलगड़िया में रोजगार के दृष्टिकोण से विभिन्न योजनाओं हेतु भूमि चिन्हितीकरण को लेकर बीसीसीएल तथा जेआरडीए के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न फेज का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लेग्राउंड हेतु भूमि चिन्हित करने, झाड़ियों की साफ-सफाई कराने तथा ट्रेंच कटिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए। साथ ही तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि बीसीसीएल की जिस जमीन पर जेआरडीए कार्य कर रहा है, उसका अब तक चिन्हितीकरण और बाउंड्री नहीं हुआ था। प्रशासन अब जमीन का सीमांकन कर बाउंड्री करा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की पहल पर यहां माइक्रो इंटरप्राइज और बड़ी इंडस्ट्री लाने की योजना है, ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके। पिछले 8-10 महीनों में बिजली, पानी और सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है। प्रशासन की कोशिश है कि 500 से 1000 लोगों के लिए रोजगार के अवसर विकसित किए जाएं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मशरूम फार्मिंग, जूट बैग और कैम्पो क्राफ्ट से जुड़े स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम चल रहे हैं, जिनसे कई महिलाएं जुड़ी हुई हैं। साथ ही डिजाइन पेंटिंग और स्पोर्ट्स सेंटर शुरू करने की भी योजना है। उन्होंने कहा कि छोटे उद्योगों के साथ-साथ बड़ी इंडस्ट्री लाकर क्षेत्र के लोगों को व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मौके पर आलोक कुमार सिंह, परियोजना सलाहकार, कोयला मंत्रालय, संजय कुमार सिंह, तकनीकी निदेशक , बी.सी.सी.एल., लोकेश बारंगे, अनुमंडल पदाधिकारी, राजीव रंजन निदेशक डीआरडीबी, समेत अन्य बी.सी.सी.एल. अधिकारी तथा जे.आर.डी.ए. अधिकारी मौजूद रहे ।

# सैकड़ों एटीएम, वोटर और पैन कार्ड जंगल से बरामद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-6 थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। जहां जंगल में बड़ी संख्या में वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड फेंके हुए मिले हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सभी दस्तावेजों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। आखिर इतने संवेदनशील दस्तावेज जंगल में कैसे पहुंचे, इसे लेकर कई सवाल खड़े हो गए हैं। जंगल में बीती देर रात उस वक्त हड़कंप मच गय, जब स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सेक्टर-6 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी दस्तावेजों को बरामद कर अपने कब्जे में ले लिया। मौके से मिले दस्तावेजों में वोटर आईडी कार्ड, विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड और पैन कार्ड शामिल हैं। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर ये दस्तावेज यहां किसने और क्यों फेंके। मामले को लेकर पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। थाना प्रभारी संगीता कुमारी ने बताया कि जंगल से वोटर कार्ड, एटीएम कार्ड और पैन कार्ड बरामद किए गए हैं। फिलहाल जांच की जा रही है कि इन्हें यहां किसने और क्यों फेंका। दस्तावेज वैध हैं या रिजेक्ट किए गए हैं, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस का कहना है कि बरामद दस्तावेज असली हैं या फर्जी इसकी भी जांच की जाएगी। इसके लिए संबंधित विभागों और बैंकों से संपर्क कर दस्तावेजों की सत्यता की पुष्टि की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की तहकीकात जारी है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com